फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, रविवार
23 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 24, पृष्ठ-12

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 24.0° | अधिक. | 26.1° |
| न्यून. | 12.1° | न्यून. | 13.2° |

₹ 80200 (10 ग्राम)

₹ 100000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,311.06 | 86.572 |
| -424.90 | +0.011 |

## भाजपा आदिवासी चेहरा आशा लकड़ा को झारखंड में चेहरा बनाएगी : रवींद्र राय

### रणनीति के तहत नेता प्रतिपक्ष के चयन में देरी

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय से राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता काजल ने खास बातचीत की। इस पर उन्होंने कई सवालों का मुखर होकर जवाब दिया तो कुछ सवालों पर टाल मटोल करते रहे।

**प्रश्न :** नेता प्रतिपक्ष तय करने के मामले में चार साल आप आरोप लगते रहे पर अब नाम की घोषणा में देर आपकी तरफ से क्यों हो रही है?

**उत्तर :** संगठन को नाम तय करना है। जल्द ही इस पर फैसला लिया जाएगा। कुछ चीजों को तय करने में रणनीति के तहत देर होती है।

**प्रश्न :** झारखंड में हार के बाद भाजपा का भविष्य कैसा है?

**उत्तर :** झारखंड को भाजपा ने ही बनाया है। हालांकि हम 2024 के विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने से चूक गए। अब आगे की तैयारी में पार्टी लगी हुई है। आने वाले दिनों में हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भाजपा ही झारखंड का विकास करेगी।

**प्रश्न :** दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री पर भाजपा में खुशी है पर झारखंड में कोई महिला चेहरा नहीं है जबकि आपकी हार का कारण यही बताया जा रहा है ?



**उत्तर :** पार्टी आदिवासी महिला आशा लकड़ा को आगे बढ़ा रही है। वे अभी राष्ट्रीय राजनीति में अच्छा कर रही है। वहीं आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर उन्हें आगे किया जाएगा। भाजपा ने आशा लकड़ा को दो बार महापौर बनाया।

**प्रश्न :** क्या बिहार में महिला मुख्यमंत्री बनेगी यदि आपकी सरकार बनेगी?

**उत्तर :** बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।विधायक दल की बैठक में नेता तय होगा । वहां भाजपा पिछली बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करेगी। वहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा । बिहार में एनडीए के अलावा कहीं कोई किंतु परंतु नहीं है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी आज

**दुबई।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिये करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिये टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जायेगी।



## एक नजर

### पीएम मोदी आज भागलपुर में, एसपीजी ने थामी सुरक्षा की कमान

**भागलपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर आ रहे हैं। जहां किसान सम्मान जनसभा को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की जा रही है। हवाई अड्डा परिसर की सुरक्षा सख्त कर दी गयी है। वहीं एसपीजी ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में पीएम के कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई।



### अस्तित्व में ही नहीं था विभाग, 21 महीने बाद मंत्री को पता चला

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने प्रशासनिक सुधार विभाग को खत्म कर दिया है। यह जानकारी एक सरकारी अधिसूचना में दी गई है। पिछले करीब 21 महीने से प्रशासनिक सुधार विभाग कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के साथ था। लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके पास अब केवल एनआरआई मामलों का विभाग बचा है। शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है, मंत्रियों के बीच विभागों के आवंटन के संबंध में पंजाब सरकार की अधिसूचना संख्या 21/1/2022-2 कैबिनेट/2230 दिनांक 23.09.24 में आंशिक संशोधन करते हुए, कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल को पहले आवंटित प्रशासनिक सुधार विभाग अब अस्तित्व में नहीं है।

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से, हंगामेदार होने के आसार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। विपक्ष ने अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं किया है। इसी बीच, रविवार (23 फरवरी) को विपक्षी दलों ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट सत्र की रणनीति तैयार की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष का चयन भी इस बैठक में हो सकता है। बजट सत्र के दौरान सदन में जैक पेपर लीक और जैक अध्यक्ष की नियुक्ति पर हंगामा होने के आसार हैं।

**3 मार्च 2025 को बजट पेश करेगी सरकार :** सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि बजट पर एक दिन की जगह 2 दिन तक डिबेट हो। अनुदान मांगों पर 11 दिन की बजाए 10 दिन बहस होगी। झारखंड सरकार 3 मार्च 2025 को सदन में बजट पेश करेगी। 4 और 5 मार्च को बजट पर बहस होगी।

**सर्वदलीय बैठक में भी नहीं आए भाजपा विधायक :** बजट सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सर्वदलीय बैठक बुलायी थी। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह को बुलाया गया, लेकिन मुख्य विपक्षी दल की ओर से कोई भी सदस्य इस बैठक में शामिल नहीं हुआ।

## विपक्ष के विधायक दल की बैठक आज



### राजद ने बुलाई विधायक दल की बैठक

झारखंड विधानसभा बजट सत्र से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी रविवार को प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की बैठक बुलाई है। राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान बैठक की अध्यक्षता करेंगे। राजद महागठबंधन सरकार का घटक दल है। राजद भी विपक्ष के सवालों को जवाब देने के लिए रणनीति बनाएगा। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र से पहले रविवार को बैठकों का दौर चलेगा। सत्ताधारी दल पहले अलग-अलग फिर एक साथ बैठक करेंगे।

### झारखंड का बजट 2025-26

### बजट आकार में 7-10 फीसदी वृद्धि की संभावना

इस बार के बजट आकार करीब सात से 10 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। इस हिसाब से यह बजट लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट आकार 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये था।इस वर्ष राज्य सरकार का फोकस ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर था। वहीं आगामी बजट में मंईयां सम्मान योजना के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन किए जाने की संभावना है।

### एटीआई में झामुमो व सत्ताधारी विधायक दल की बैठक

#### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे बैठक की अध्यक्षता

झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य सचेतक और पूर्व मंत्री मथुरा महतो ने बताया कि 23 फरवरी की शाम 4 बजे से एटीआई सभागार में झामुमो विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें बजट सत्र को लेकर पार्टी की रणनीति तय होगी। मिली जानकारी के अनुसार इस बार कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास में नए भवन बनने का काम चल रहा है, इसलिए सत्ताधारी दलों (झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआई माले) की संयुक्त विधायक दल की बैठक एटीआई सभागार में होगी। झामुमो विधायक दल और सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।



## 14 अप्रैल को होगा रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण

### दिशा समिति की बैठक लिया गया निर्णय



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** दिशा समिति, रांची की बैठक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री सेठ ने केंद्र प्रायोजित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा किया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़ सकें, इस दिशा में काम करें। ससमय योजनाओं को पूर्ण करें और उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को भेजें। इसके बाद ही आगे विकास के कार्य हो सकेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की योजनाओं की समीक्षा के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर के गति प्रगति की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रैल माह में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के दिन इसका लोकार्पण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एनएच के अधिकारियों ने बताया कि जून में नयासराय आरओबी का उद्घाटन कर दिया जाएगा और 4 माह के बाद नगड़ी फडइ का भी उद्घाटन होगा। मुर्गु में डायवर्सन के समीप बना रहे पुल को लेकर आ रही समस्या पर रक्षा राज्य मंत्री ने चिंता जताई और एनएच के अधिकारियों से इस पर त्वरित गति से काम करने को कहा। अधिकारियों ने मंत्री को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही इसका एक फेज का निर्माण पूर्ण हो जाएगा और आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री ने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर चिंता जताई और इस योजना के प्रति गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। यह महत्वाकांक्षी योजना हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए है। धरातल पर इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों के निर्माण पूर्ण होने को लेकर रक्षा राज्य मंत्री ने गंभीरता दिखाने का निर्देश दिया।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास पीएम के प्रधान सचिव नियुक्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'प्रधान सचिव-2' नियुक्त हुए हैं। सरकारी सूचना के अनुसार, यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यकाल जितनी रहेगी या फिर जब तक कोई नया आदेश ना आए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा इस समय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा।आदेश में कहा गया, 'मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव - 2 के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी।' दास ने एक सिविल सेवक के रूप में मुख्य रूप से वित्त, कराधान, निवेश और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम किया। वह भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर बने और उन्होंने भारत के जी20 शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी काम किया है।



शेष पेज 11 पर

## केंद्रीय मंत्री का संकेत... सस्ता होगा पेट्रोल व डीजल

**विजयवाड़ा।** लंबे समय से लोग पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में कमी का इंतजार कर रहे थे, और अब उनके लिए एक अच्छी खबर आई है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया है कि आने वाले समय में इन ईंधनों की कीमतों में कमी हो सकती है। इसके पीछे कारण है कि अमेरिका समेत अन्य देशों में तेल का उत्पादन बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे वैश्विक बाजार में ईंधन की कीमतें घट सकती हैं और महंगाई पर भी काबू पाया जा सकता है। पुरी ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, अमेरिका में तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना था, ड्रिल, बेबी, ड्रिल यानी ज्यादा तेल निकालने का काम किया जाएगा। शेष पेज 11 पर



## पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहा वाहन धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की वाहन धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। यह हादसा धनबाद के जीटी रोड पर राजगंज के दलुडीह के पास हुआ। सभी पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के हुगली के रहने वाले हैं।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को महाकुंभ जाने के लिए सभी लोग स्कॉर्पियो से घर से निकले थे। इसी बीच करीब रात डेढ़ बजे एनएच 19 पर राजगंज थाना क्षेत्र के दलुडीह के पास स्कॉर्पियो खड़ी ट्रक से टकरा गई। जिसमें स्कॉर्पियो चकनाचूर हो गई। वहीं, पीछे से आ रही एक कार ने भी स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें एक स्कॉर्पियो का चालक भी था। वहीं, मरने वाले अन्य तीन लोग सभी एक ही परिवार के थे। मृतकों के नाम हैं शेख राजन, पियाली साहा, सेमोली साहा और पनोवा साहा। सेमोली साहा और पनोवा साहा दोनों पति पत्नी हैं। शेख राजन चालक थे। सभी हुबली जिले के रहने वाले थे।



शेष पेज 11 पर

## इंडिया

## श्रवण कुमार से घर में बूढ़ी मां को बंद कर सपरिवार कुंभ में पाप धोने तक

कुछ दशकों पहले तक कंधे पर माता–पिता को दोनों ओर लेकर तीर्थ कराते श्रवण कुमार की फोटो समाज में प्रचारित होती थी कुछ पाठ्य पुस्तकों में भी इसे शामिल किया गया था ताकि बच्चों का चरित्र निर्माण हो सके । आज की युवा पीढ़ी का झुकाव टीवी और फिल्में देखकर धर्म अध्यात्म की तरफ बढ़ा है और कुंभ स्नान करने वालों में बहुत बड़ी संख्या युवाओं की भी है पर प्राचीन काल के कुंभ स्नान और आज के आधुनिक कुंभ स्नान में बड़ा अंतर आया है । पहले अधिकांश वरिष्ठ नागरिक कुंभ स्नान करने जाते थे और पूरे परिवार से मिलकर जाते थे कि पता नहीं लौट पाएं या नहीं और संचार की सुविधाएं बहुत कम थी जिस कारण कुंभ के मेले में खो जाने को कहावत की तरह बॉलीवुड की फिल्मों में शामिल किया जाता था पर अब का कुंभ रिकॉर्ड भीड़ के साथ सुविधाओं और साधनों का भी रिकॉर्ड बना रहा है अभी तक में ही यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मेला बन चुका है जिसमें 50 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया है जिसमें बड़ी संख्या विदेशियों की भी है । इसे इतना अधिक कवरेज मिला है कि हर सनातनी भारतीय 144 साल बाद के इस कुंभ में स्नान करने के लिए प्रयासरत है । कहा जा रहा है कि इससे सारे पाप धुल जाएंगे। इस बात का आध्यात्मिक पक्ष में सार यह बताया जाता है कि गंगा,यमुना और सरस्वती नदी का पवित्र स्नान मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है । अनेक ऐसे लोग जो मन से धार्मिक नहीं हैं या अपने माता –पिता के प्रति कर्तव्यों से विमुख हैं वो भी स्नान कर पाप धोना चाहते हैं । जिस पर बहुत चर्चा आजकल हो रही है वो मामला झारखंड का ही है । रामगढ़ के अरगड्डा में एक सीसीएल कर्मी अपनी बीमार और वृद्ध मां को अकेले घर में बंद कर सास-ससुर व पत्नी के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज चला गया। इस बीच भूख से तड़पती वृद्धा की चीख-पुकार सुन पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसे घर से बाहर निकाला।तीन-चार दिनों से कमरे में बंद मां की हालत खराब थी। वह भूख से बुरी तरह बेहाल थी। पड़ोसियों ने भोजन देने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जब हंगामा बढ़ा तो बेटा प्रयागराज से वापस लौटा।मामले पर संज्ञान लेते हुए रामगढ़ जिला प्रशासन ने सीसीएल कर्मी अखिलेश को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वहीं, पुलिस ने भी उससे इस संबंध में पूछताछ की है।रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने वृद्धा के पुत्र अखिलेश के खिलाफ भरण पोषण अधिनियम के तहत नोटिस भेजा है और उसे 27 फरवरी को उनके न्यायालय में प्रस्तुत होने का आदेश दिया है।एसडीओ ने सीसीएल कर्मी को लिखित रूप से कारण बताने को कहा है और कहा कि क्यों ना आपके विरुद्ध भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की जाय।सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार कुंभ स्नान करने के बाद गुरुवार दोपहर को सीधे सीसीएल केंद्रीय अस्पताल नईसराय पहुंचा। इसके बाद वह रामगढ़ के नई सराय में स्थित सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल से अपनी मां को डिस्चार्ज कराकर बेहतर इलाज के लिए रांची ले गया।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



इसी बीच घटना को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने वृद्ध महिला के सीसीएल कर्मी पुत्र और उसकी पत्नी से पूछताछ की। अखिलेश ने बताया कि मां बीमार रहती है, इसलिए भीड़ में मां को कुंभ नहाने के लिए अपने साथ नहीं ले गया। उसने बताया कि वह गुड चूड़ा के रूप में पर्याप्त खाना-पीना घर में रखकर गया था । बेटे ने बताया कि दरवाजा-गेट को बंद कर एक चाबी भी मां के पास छोड़ गया था। घटना के संबंध में अखिलेश की बड़ी बहन राजो देवी ने बताया कि पिता बालेश्वर कुम्हार के निधन के बाद सीसीएल ने बालिग होने पर इकलौते पुत्र अखिलेश को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी। मां संजू देवी की देखभाल की जिम्मेदारी अखिलेश पर ही है।संजू देवी 65 वर्ष की हो चुकी हैं और कई बीमारियों से पीड़ित हैं। बहन का आरोप है कि शादी के बाद अखिलेश पत्नी के साथ मिलकर मां को प्रताड़ित करता है और मां की ठीक से देखभाल नहीं करता है।घटना मानवता को शर्मशार करने वाली है। घटना की जानकारी मिली है। अजय कुमार, एसपी रामगढ़ ने बताया कि थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में किसी तरह की लिखित शिकायत मिलती है, तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। समाज के बदलते स्वरूप में धर्म अध्यात्म को लोगों ने पिकनिक की तरह आसान बना दिया है जिसमें फोटो खिंचवाना और सोशल मीडिया में डालना सबसे बड़ी बात है जो उचित नहीं जान पड़ता और ये बातें विश्व में भारत कि छवि खराब कर सकती हैं।

## घाटशिला में मॉब लिंचिंग, ग्रामीणों की पिटाई से 2 बकरी चोर की मौत



### हरगोविंद के घर बकरी चोरी करने घुसे थे चोर

चाकुलिया थाना क्षेत्र के सोनहातू पंचायत के जोड़सा गांव में यह घटना घटी। दोनों जोड़सा के हरगोविंद नायक के घर बकरी चोरी करने घुसे थे। यहां से बकरी चोरी कर ले जा रहे थे तभी दोनों युवकों को शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे ग्रामीणों ने? लाठी डंडों से जमकर पीटा। इस वारदात में एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल था।

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में शुक्रवार को मॉब लिंचिंग की एक दर्दनाक घटना घटी है। ग्रामीणों ने गांव में बकरी चोरी करने घुसे दो युवकों को पकड़कर बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि इनमें से एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा युवक भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिन बकरियों को युवकों ने चुराया था, उसमें से एक बकरी के गले में घंटी बंधी थी। घंटी की आवाज से बकरियों के मालिक हरगोविंद की नींद खुल गई। उसने चोरों को पकड़ लिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

शेष पेज 11 पर

# महिलाओं, किसानों व गरीबों के लिए सर्व समावेशी बजट है : अन्नपूर्णा

*माध्यम वर्गीय के लिए पहली बार किसी सरकार ने सोचा है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गांधीनगर कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में बजट पर चर्चा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल बिकास अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में अतिथि जनरल मैनेजर रेखा पाण्डेय एवं कबिता गुप्ता, सीनियर मैनेजर तेजविंद्र सिंह गांधीनगर उपस्थित रहें। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी, प्रोफेसर, डॉक्टर, शिक्षक, शशक्त वर्ग के सैकड़ों लोगों ने शिरकत किया। सभी ने इस कार्यक्रम को सराहा और खुशी जाहिर की। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों गरीबों के लिए सर्व समावेशी बजट है। महिलाओं के लिए सशक्तीकरण के बढ़ावा के लिए यह बजट सहयोगी के रूप में है।

माध्यम वर्गीय के लिए पहली बार किसी सरकार ने सोचा है। बच्चों के पोषण के लिए, स्वास्थ के लिए पढ़ाई के लिए ध्यान रखा गया है। अटल टिंकरिग लैब का प्रावधान है। झारखंड के लिए 70302 करोड़ का रिकॉर्ड बजट दिया गया है। अन्नदाता के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान रखें गए हैं, धन धान्य कृषि योजना, बीमा कवरेज दिया गया, कौशल विकास, निवेश और तकनीक के माध्यम से नए रोजगार पैदा किए जाएंगे। कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वितीय क्षेत्र नियामक सुधार ओर खनन का व्यापक छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। मध्यम वर्ग को बनाने के लिए 12 लाख के आय पर कर छूट दे रही है।

आरती सिंह ने कहा कि यह बजट महिलाओं की प्रथमिकता देते हुए 5 लाख महिलाओं को उद्यम से जोड़ने का प्रावधान करना बहुत ही सराहनीय है। इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित दीर्घकालिक विकास को बढ़ाकर विकसित भारत की मजबूत नीव रखने का कार्य किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कि पिछली कॉग्रेस की सरकार में सबसे निचली पायदान से पांचवी पर थी। ये मोदी नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है। रेखा पांडेय ने कहा महिलाओं के लिए अनुकूल बजट है।

मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सूचिता सिंह, तेजविंद्र सिंह, नीलम चौधरी, महिला मोर्चा महामंत्री सीमा सिंह, रेनू तिर्की, उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मीडिया प्रभारी कुमुद झा, सोनी, शीतल वर्मा, हंसा श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति माया सिसोदिया, निशि जायसवाल,एवं पायल सोनी उपस्थित रही।

# सात लोगों की हत्या मामले में दोषी 4 अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खस्सी चोरी के विवाद को लेकर 20 साल पूर्व एक ही परिवार को सात लोगों की मौत के घाट उतारने के जुर्म में दोषी करार चारों अभियुक्तों को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने शनिवार को दोषी हरि महतो, विनोद महतो, टुसू नायक और झरिया महतो उर्फ झरिया मुंडा को उम्र कैद की सजा सुनाई। अदालत ने 20 फरवरी को दोषी करार दिया था। घटना का अंजाम 27 फरवरी 2005 की रात्रि 10 बजे दी गई थी। जब वह परिवार के सदस्यों के साथ सो रहे थे। घटना को लेकर प्रकाश महतो ने धुर्वा (तुपुदाना) थाना में कांड संख्या 42/2005 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान प्रकाश महतो का ही बयान अहम रहा। विवाद को लेकर अभियुक्तों ने एक मत होकर सूचक प्रकाश महतो के पिता मोहन महतो उर्फ बीरबल, उसकी सौतेली मां मंगरी देवी, उनकी नानी सोमारी देवी के साथ चार मासूम बच्चे आलोक महतो, अनिल महतो, सुनील महतो और उपेंद्र महतो की हत्या टांगी, बुलआ और डबली से मारकर हत्या कर दी थी।

**कुछ इस तरह दिया गया था घटना का अंजाम :** विवाद को लेकर 27 फरवरी 2005 की रात्रि 10 बजे 16-17 लोगों ने मृतक के घर पर हमला बोल दिया था। सभी लोग अचानक घर पहुंचे और बंद दरवाजा को पीटने लगे। बार-बार दरवाजा खोलने को कह रहा था। जब नहीं खोला गया तो कुछ लोग झोपड़ी पर चढ़ गए। झोपड़ी के खप्पड़े को नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही कुछ लोग दरवाजे पर धारदार हथियार से लगातार वार कर रहे थे। जिससे दरवाजा टूट गया। सबसे पहले आरोपियों ने जल रहे दीया को बंद किया और एक-एक करके मौत का घाट उतार दिया।

## नगर निकाय चुनाव

# ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया लागू करे सरकार : डॉ देवशरण भगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी मुख्यालय, हरमू, रांची में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस प्रेस वार्ता को पूर्व विधायक लंबोदर महतो एवं केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने संबोधित किया। पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार की मनमानी नीतियों के कारण पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निकाय चुनावों में 'ट्रिपल टेस्ट' प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाना चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नगर निकाय चुनावों के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने का निर्देश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को दिया है, किंतु आयोग में अध्यक्ष का पद रिक्त है। इस स्थिति में किया जा रहा सर्वेक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, और फोन पर किए जा रहे इस अव्यवस्थित सर्वेक्षण की पारदर्शिता संदेह के घेरे में है। झारखंड में पूर्ववर्ती पंचायत निकाय चुनावों में मुखिया, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि पदों पर पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण था। किंतु, हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में राज्य सरकार ने मनमाने ढंग से यह आरक्षण समाप्त कर दिया, जिससे 10,500 से अधिक पदों पर पिछड़ों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ। यह निर्णय न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि पिछड़े वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को समाप्त करने का एक प्रयास भी है। इस अन्याय के खिलाफ आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका सं. 239/22 दायर की। इस याचिका की सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को अपने शपथ पत्र के माध्यम से आश्वस्त किया कि भविष्य में कोई भी नगर निकाय अथवा पंचायत चुनाव ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया को पूरा किए बिना नहीं कराया जाएगा।

## कोल्हान प्रमंडल के सभी जिला कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक

# कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी और मूलवासी हैं : के. राजू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के.राजू शनिवार को कोल्हान प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा पहुंचे उन्होंने कांग्रेस भवन चाईबासा में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला- खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के प्रखंड/ नगर और मंडल के अध्यक्षों के साथ चाईबासा कांग्रेस भवन में बैठ किया। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने किया। पार्टी के नेता- कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक नृत्यों से उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी और मूलवासी है।

यह नहीं सोचना है कि दूसरी पार्टी उन्हें आगे लेकर जाएगी, आदिवासी- मूलवासी को कांग्रेस आगे लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो को सपोर्ट करें, लेकिन कांग्रेस की अपनी एक पहचान है। झारखंड के ही बेटे जयपाल सिंह मुंडा ने कांग्रेस का दामन थामा था, उनकी सोच को पूरा कर सकते हैं। कांग्रेस प्रभारी राजू ने नेता और कार्यकर्ताओं को पांच मंत्र दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मान, संगठन की मजबूती, युवा व महिला नेताओं को मौका, एससी-एसटी-ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय से नेता बनाना और सरकार व संगठन के बीच बेहतर तालमेल के साथ जनता से किए वायदे को पूरा करना शामिल है।





### मोहल्ले तक संगठन को ले जाना है : केशव

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2025 संगठन सृजन का वर्ष है और हमें संगठन की अंतिम इकाई तक को मजबूत करना है। हम जिन ग्राम, वार्ड, मोहल्ले में रहते हैं, उस स्तर तक संगठन को लेकर जाना है।

### जातीय जनगणना को राशि आंटित करने का प्रस्ताव : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सबसे प्रमुख मुद्दा है। वर्तमान बजट में जातीय जनगणना के लिए राशि का आवंटन करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया गया है।

### कांग्रेस नेताओं का होगा सोशल ऑडिट : राजेश कच्छप

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि के. राजू ने देश में कार्यों के सोशल ऑडिट की शुरूआत की थी। झारखंड में भी सोशल ऑडिट होगा, सभी नेताओं के कार्यों का सोशल ऑडिट किया जाएगा। किन नेताओं का संगठन और जनता के हित में क्या योगदान रहा, इसकी पूरी जानकारी नए प्रभारी जुटाकर रखेंगे। संगठन में ईमानदारी पूर्वक काम करना है। संगठन आगे बढ़ेगा तो हम आगे बढ़ेंगे।

### जनता के लिए कांग्रेस हमेशा आगे बढ़कर काम करती है : सोनाराम सिंकु

जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं को हमेशा हमारी तरफ से सहयोग मिलता रहेगा। संगठन की मजबूती से ही हम सभी आज इस मुकाम तक पहुंचे है। संगठन में काम करने का परिणाम संगठन ने हमें दिया है। जनता के लिए कांग्रेस हमेशा आगे बढ़कर काम करती है।

# डीएसपी मुख्यालय वन कार्यालय में तैनात 5 जवानों का कार्रवाई





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर रांची डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय वन में तैनात चार पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया। इन्हें सीसीआर सिटी पेट्रोलिंग में लगाया गया है। सतीश तिवारी, राकेश पांडेय, अतुल ओझा और फुलेंद्र कुमार का ट्रांसफर कर इन्हें नवप्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देने को कहा गया है।

धनंजय कुमार को सदर डीएसपी कार्यालय में लगाया गया है। वहीं, सदर डीएसपी कार्यालय में पदस्थापित प्यारेलाल साहू को डीएसपी मुख्यालय वन कार्यालय में भेजा गया है। एसएसपी ने इससे संबंधित आदेश शुक्रवार देर शाम जारी कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबित डीएसपी मुख्यालय वन में पदस्थापित सभी पुलिसकर्मियों द्वारा पैसे लेने की शिकायत एसएसपी को मिली थी।

# सरकार के साथ सामंजस्य स्थापित कर राज्य के विकास को गति दे : विनोद कुमार पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा आयोजित संवाद-2 कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय थे। इस कार्यक्रम मे एफजेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी, सचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल एवं अमित शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे चेंबर से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं और सुझावों को विनोद कुमार पांडेय ने गंभीरतापूर्वक सुना और सरकार के साथ सामंजस्य स्थापित कर राज्य के विकास के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास को गति प्रदान करना है। इस दिशा मे सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया।

## एक नजर

### विधानसभा सत्र को लेकर निषेधाज्ञा जारी

**रांची।** नए विधान सभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा का द्वितीय (बजट) सत्र सभा-वेश्म, में 24 फरवरी से 27मार्च तक आहूत है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधान सभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधान सभा सत्रावधि के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधान सभा (नया विधान सभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

### छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे राज्य : ओम वर्मा

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा की साइंस और हिंदी की प्रश्न पत्र लीक होना अति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छात्रों को भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रही है राज्य में कोई भी परीक्षाएं आयोजित होती है तो प्रश्न पत्र लीक हो जाता है। दसवीं की विज्ञान और हिंदी की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होना यह राज्य सरकार और जैक की विफलता का परिचय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, ज्योत्सना केरकेट्टा, जमाल गद्दी, राजेश सिंह, पवन सिंह, सक्षम झा, तौफीक एरिक, यस साहू, सचित रंजन, अभीत कुमार, ताबिश अली इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# श्री शिव बारात के लिए सीएम हेमंत सोरेन को किया गया आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात के आयोजन को लेकर महासमिति द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से सपरिवार शिवबारात में सम्मिलित होने का विनम्र आग्रह किया। इस अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू, दयाशंकर शर्मा, राजकुमार तनेजा, दीपक नंदा, राजीव वर्मा, शुभाशीष चटर्जी, राम सिंह, बादल सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# सुलहनीय मामलों का हो त्वरित निष्पादन : दिवाकर पांडे

*चेक अनादरण के कुल 1503 मामलों का हुआ निष्पादन*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एसएस फातमी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही समेत व्यावहर न्यायालय के अपर न्यायायुक्त, न्यायिक पदाधिकारी, न्यायिक दंडाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

मंच का संचालन डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने किया। उदघाटन भाषण रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने दिया। उन्होंने कहा कि रांची लोक अदालत के मामलों पर हमेशा अव्वल रहा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वैसे सुलहनीय मामले जो आपके न्यायालय में लंबित है, उनके निष्पादन के लिए आप लोक अदालत का प्रतीक्षा न करे, आप उस मामले को अपने न्यायालय से भी सीधे तौर पर निष्पादन कर सकते है एवं दोनों पक्षकारों को मध्यस्थता के लिए आग्रह कर मध्यस्थता केंद्र में भी भेज सकते है, इससे न्यायालय में लंबित मामलों का बोझ घटेगा।

न्यायायुक्त, दिवाकर पांडे ने कहा कि वादों के निस्तारण में मध्यस्थ एवं अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। रांची जिला बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं का सहयोग लोक अदालत में वादों के निस्तारण में साकारात्मक सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वयं पहल कर सुलहनीय मामलों का त्वरित निष्पादन करें।

ज्ञात हो कि शनिवार को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के लिए 18 बैंच का गठन किया गया। इस विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण संबंधित कुल 1503 वादों का निष्पादन किया गया एवं 3,26,91,121/- (तीन करोड़ छब्बीस लाख ईकानबे हजार एक सौ एक्कीस) रूपयों का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा विवाह से संबंधित 307 वादों का निस्पादन भी इस विशेष लोक अदालत में किया गया। यह भी ज्ञात हो कि विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री-लोक अदालत की बैठकें 17 से 21 फरवरी तक चली थी। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था। न्यायायुक्त के निर्देश पर डालसा सचिव के द्वारा व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायिक दंडाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, बैंक के अधिकारी तथा प्रतिनिधियों के साथ कई बैठकों का आयोजन किया गया था जिससे कि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

# शिव ही परम पुनीत हैं, शिव सांचे मनमीत : डॉ इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मिहिजाम के कांगोई में आयोजित भव्य शिव मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए और पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण का संचार हुआ। मंत्री ने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोग वितरित किया और उनके साथ घनिष्ठता से समय बिताया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संवाद स्थापित किया एवं उनका हाल-चाल जाना। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भव्य शिव मंदिर जनता को समर्पित करते हुए कहा, शिव करुणा के स्रोत हैं, शिव से करिए प्रीत। शिव ही परम पुनीत हैं, शिव सांचे मनमीत। उन्होंने यह संदेश देकर समाज में धार्मिक सौहार्द्र और भक्ति भाव को प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि आस्था और एकता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, और यही हमारी संस्कृति की सच्ची पहचान है।इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, यही हमारे जामताड़ा की खूबसूरती है कि हम सभी धर्मों एवं संप्रदायों का सम्मान करते हैं और सौहार्द्र एवं भाईचारे की भावना से मिल-जुलकर रहते हैं। जनता ने मुझे तीसरी बार विधायक बनाकर यह सिद्ध किया है कि वे मेरी नीतियों और कार्यों में विश्वास रखते हैं। मैं हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़ा रहता हूं और आगे भी इसी तरह उनकी सेवा करता रहूंगा। मंत्री ने समाज में एकता एवं सौहार्द्र का संदेश देते हुए कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर मानवता को अपनाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी आदित्यनाथ जैसे लोगों के अनर्गल बयानबाजी से जामताड़ा की जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं कई मंदिरों के निर्माण कार्य में सहयोग दिया है और इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संदेश देते हुए कहा कि योगी को जात-पात से ऊपर उठकर एकता का संदेश देना चाहिए, समाज को विभाजित करने की राजनीति उचित नहीं है। मंत्री इरफान ने योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ वह उर्दू भाषा को गाली देने का काम कर रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ हम संस्कृत भाषा का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी जी को अपनी संकीर्ण और छोटी सोच से बाहर आना चाहिए और समाज में नफरत फैलाने की राजनीति बंद करनी चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा कि इरफान अंसारी चुप नहीं बैठेगा और ना ही सिर्फ तमाशा देखेगा। बल्कि हर संभव तरीके से इस जहरीली राजनीति का विरोध करेगा। मंत्री ने संकल्प लिया कि जामताड़ा की सुख-शांति और सौहार्द्र को किसी भी स्थिति में भंग नहीं होने देंगे और समाज को समरसता एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।



*संकीर्ण सोच से बाहर आएं योगी, हम संस्कृत का सम्मान करते हैं*

# दलीय राजनीति से परे रहकर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें स्पीकर : अजय साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सर्वदलीय बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने नेता प्रतिपक्ष की गैरमौजूदगी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना नेता प्रतिपक्ष के सदन का संचालन सुचारू रूप से करना कठिन होता है और इससे आसन को भी असुविधा होती है। उनके इस बयान पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने स्पीकर के बयान को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि भारत में संसदीय प्रणाली की एक व्यवस्थित संरचना है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष का विशेष संवैधानिक महत्व होता है। स्पीकर की आवाज पूरे सदन की आवाज मानी जाती है, और संविधान निमार्ताओं ने इस पद की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की परिकल्पना की थी।

श्री साह ने कहा कि पिछले विधानसभा में स्पीकर ने भाजपा द्वारा नामित नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लेने से चार वर्षों तक बचते रहे, वे अब उसी मुद्दे पर अफसोस जता रहे हैं। सिर्फ.चार वर्ष नहीं, पूरे पांच वर्ष तक इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिनको आज सदन शुरू होने से पहले ही इतनी पीड़ा हो रही है उन्होंने कैसे इस पीड़ा में चार साल निकाला, यह सोचने का विषय है. श्री साह ने आगे कहा कि रबींद्र नाथ महतो का यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि हास्यास्पद भी प्रतीत होता है, क्योंकि वे अपने ही राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित फैसलों के लिए अब भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं।

अजय साह ने कहा कि भाजपा के पास एक मजबूत सरकार और सशक्त विपक्ष दोनों के रूप में काम करने का व्यापक अनुभव है। पार्टी अपने संसदीय दायित्वों को भली-भांति समझती है, लेकिन साथ ही यह भी उम्मीद करती है कि सदन के संरक्षक के रूप में कार्यरत विधानसभा अध्यक्ष दलीय राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्षता बरतें और संसदीय परंपराओं का सम्मान करें। स्पीकर के रूप में श्री महतो का पिछला कार्यकाल भी लगातार विवादों से घिरा रहा, और अब उनके नए कार्यकाल की शुरूआत में ही उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। उन्हें अपने संवैधानिक दायित्वों के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए, न कि किसी विशेष राजनीतिक दल के प्रति।





# बंद होंगे रांची के 33 रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अपर प्रशासक संजय कुमार के कोर्ट में रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित कुल 36 रूफटॉप बार/ रेस्टोरेंट के संचालकों के विरुद्ध अनधिकृत निर्माण वाद चल रहा था। जिसके जांच क्रम में तीन रूफटॉप बार/ रेस्टोरेंट का स्वीकृत नक्शा पाया गया एवं शेष 33 रूफटॉप संचालकों के द्वारा संतोषप्रद साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में रूफटॉप बार/ रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रूपेण बंद करने का आदेश पारित किया गया। संबंधित रूफटॉप के संचालक द्वारा अनधिकृत संरचना के कंपाउंडिंग पुनरीक्षण के लिए भवन प्लान आवेदन, आदेश की तिथि से 30 दिनों के अंदर झारखंड भवन उपविधि 2016 के अंतर्गत विहित प्रक्रिया बीपीएएमएस के तहत देने के लिए निर्देश दिया गया है। पुनरीक्षण भवन प्लान आवेदन के लिए इस आदेश से 30 दिनों के अन्दर यदि भवन उपविधि के विहित प्रपत्र में आवेदन नहीं दिया जाता है। तब संबंधित संरचना को 30 दिनों के अन्दर हटाना सुनिश्चित किया जाएगा। 30 दिनों की अवधि के अन्दर यदि स्वयं संचालक के द्वारा नहीं हटाने पर रांची नगर निगम द्वारा संरचना को हटाया जाएगा एवं उसके हटाने में हुए व्यय की वसूली संबंधित संचालक से की जाएगी।



## पिठोरिया थाना प्रभारी को एसएसपी ने किया सस्पेंड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिठोरिया के थाना प्रभारी गौतम राय को डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सस्पेंड कर दिया है। शुक्रवार की रात एसएसपी ने पिठोरिया थाने का औचक निरीक्षण किया था, उसी के बाद यह कार्रवाई की गई। दरअसल पिठोरिया थाना को लेकर कई तरह की शिकायतें मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने खुद ही पिठोरिया थाने का औचक निरीक्षण शुक्रवार की रात किया। निरिक्षण के दौरान एसएसपी ने पाया कि रात के समय थाने में कोई मौजूद ही नहीं है। थाने की स्टेशन डायरी तक को मेंटेन नहीं किया गया था। निरीक्षण के दौरान थाने में कई तरह की खामियां भी मिलीं। पिठोरिया थाना प्रभारी की लापरवाही को देखते हुए रांची एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई किया और थाना प्रभारी गौतम राय को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान थाने में कुछ भी सामान्य नहीं था।

## तसर कृषकों की आय दोगुनी होनी चाहिए : डॉ सुभाष चंदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीएसबी केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में अनुसंधान सलाहकार समिति की 55वीं बैठक हुई। बैठक में कुल 16 संचालित परियोजनाएं, 06 नई परियोजनाएं एवं 03 सम्पन्न परियोजनाओं की समीक्षा एवं चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व निदेशक राष्ट्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली डॉ सुभाष चन्दर द्वारा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुभाष चंदर ने कहा कि अनुसंधान सलाहकार समिति किसी भी अनुसंधान संस्थान के अनुसंधानों के लिए एक महत्वपूर्ण समिति होती है। हमारे अनुसंधान का उद्देश्य तसर उद्योग में सामना की जा रही समस्याओं के समाधान पर केन्द्रित होने चाहिए तथा हमारा लक्ष्या तसर कृषकों की आय को दोगुना होना चाहिए । उन्होंने कहा कि आज एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाने तथा जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अनुसंधान करने की आवश्यकता है। संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने संस्थान द्वारा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अवगत कराया कि संस्थान द्वारा विभिन्न संस्थाओं विश्वविद्यालयों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान अभिसरण के लिए निरंतर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए जा रहे हैं। निदेशक डॉ. अमित कुमार पांडेय, वन उत्पादकता संस्थान ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का तसर उत्पादन पर अधिक प्रभाव पड़ रहा है अतः सस्थान को इस पर अधिक शोध करने की आवश्यकता बताया। मौके पर डॉ एमएस कुंडू, निदेशक (प्रसार), केन्द्रीयकृषि विश्वविद्यालय, पूसा समस्तीपुर, बिहार, डॉ टी सेल्वकुमार, निदेशक, बु.त.रे.की.बी.सं., बिलासपुर, डॉ. देवाशीष चट्टोपाध्याय, वैज्ञानिक-डी, आरएसटीआरएस, मालदा, रामाधार देवागन आदि उपस्थित थे।

### आज / कल




## पशुपतिनाथ मंदिर में दो-दिवसीय 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युगतीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में शनिवार को दो-दिवसीय 9 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। सुबह में मंदिर परिसर से मंगल जल कलश यात्रा प्रारम्भ हुई जो कांके ब्लॉक चौक होते हुए दुर्गा मंडप, अरसंडे तक गई और वापसी में जुमार नदी, होचर से जल लेकर मंदिर परिसर लौटी। इसमें मंगल कलश उठाने वाली 251 महिलाओं के अलावा बड़ी संख्या में पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने भी भाग लिया। शाम में गायत्री परिवार के व्यवस्थापक जटाशंकर झा तथा शांतिकुंज हरिद्वार से आए लक्ष्मण एवं प्रमोद के मार्गदर्शन में भजन प्रवचन एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त, उपाध्यक्ष डॉ नंदनी कुमारी, तेज कुमार अग्रवाल एवं रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव डॉ आनंद सिंह, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल तथा नरेश कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान परम्परा से संबंधित पुस्तक मेला भी लगाया गया है। रविवार को सुबह 8 बजे से यज्ञ का आयोजन होगा।

### पांच अंचलों में दाखिल-खारिज राजस्व शिविर आज

## डीसी ने शिविर आयोजन को लेकर सीओ के साथ की ऑनलाइन मीटिंग

- **अरगोड़ा, नामकुम, कांके, रातू और माण्डर में होगा शिविर का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



एक ही महीने में तीसरी बार रांची के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिल राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को जिला के 05 अंचलों में 10 डिसमिल तक के बिना आपत्ति 30 दिनों और आपत्ति के साथ 90 दिनों के मामलों के निष्पादन के लिए दाखिल-खारिज राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शिविर के आयोजन के संबंध में ऑनलाइन मीटिंग करते हुए एवं संबंधित अंचल अधिकारियों/वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**शिविर में किया जाएगा शुद्धि पत्र (करेक्शन स्लिप) निर्गत**

रविवार को रांची जिला के 05 अंचल अरगोड़ा, नामकुम, कांके, रातू और माण्डर में दाखिल-खारिज के मामलों मे निष्पादन के लिए राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस सभी अंचलों में 10 डिसमिल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश दिया गया।

**सभी अंचल के लिए वरीय पदाधिकारी किये गये नामित**

आयोजित किये जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सिर्फ मामलों के निष्पादन के लिए आवेदन अस्वीकृत न करें।

## राज्य के 12 जिलों में आज भी ओलावृष्टि के आसार

**रांची।** झारखंड में रांची समेत आसपास के जिलों में शनिवार को दोपहर बाद गरज के साथ कुछ जगहों पर ओलावृष्टि हुई। राज्य के दक्षिणी भाग स्थित सभी जिलों में हल्की बारिश हुई। इससे पहले मौसम आमतौर पर साफ रहे और धूप कड़ी रही। लेकिन एक बजे के बाद आसमान में बादल छाने के साथ ही बिजली तड़कने के साथ रांची के सोनाहातू समेत पूर्वी सिंहभूम में ओलावृष्टि हुई। बारिश के साथ ओले गिरने से फसलों के साथ फलों के मंजर का नुकसान हुआ। राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के कई जगहों पर ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसांवा, सिमडेगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, गुमला, गिरिडीह आदि जिलों में तेज हवा और गरज के साथ ओलावृष्टि हो सकती है।

## आरसीएचआरसी ने बाइक रैली निकाल कर कैंसर के बारे में बढ़ाई जागरूकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा स्थापित रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) ने सामाजिक भागीदारी और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कैंसर से जीतना संभव है विषय के अंतर्गत शनिवार को मोरहाबादी मैदान से बाइक रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का समापन बाइक रैली के साथ हुआ, जहां डॉक्टर, कैंसर रोगी, केयरगिवर्स और कम्युनिटी सदस्यों सहित 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके तहत मोरहाबादी मैदान से आरसीएचआरसी तक आठ किलोमीटर की दूरी तय की गई, जहां रांची कॉलेज, राम मंदिर चौक, चांदनी चौक और कांके चौक में यह काफिला रुका। उन्होंने कैंसर के प्रति जागरूकता और समय पर इसकी जांच करवाने की प्रेरणा देते हुए बैनर्स और स्लोगन थामा हुआ था। आरसीएचआरसी ने ब्लड प्रेशर, ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर (30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए) की जांच के लिए एक मुफ्त जांच शिविर का भी आयोजन किया था, जिसका नेतृत्व अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट और डॉक्टरों ने किया। इससे लोग अपनी सेहत की कमान अपने हाथों में लेने और समय पर उपचार कराने के लिए प्रेरित हुए। आरसीएचआरसी में इंटर-कॉलेज स्पोकन वर्ड कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची विमेंस कॉलेज, बीआईटी मेसरा, सेंट जेवियर्स कॉलेज, बेथेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रामकृष्णन मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट और डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता अंधेरे से उजाले तकः कैंसर योद्धाओं की आवाज विषय पर केंद्रित था। । जिसने स्टूडेंट्स को जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रोगियों तथा केयरगिवर्स से जुड़े अनुभवों को क्रिएटिव रूप में पेश करने का मंच दिया है। जजेस में मनोज कुमार, प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव, आकाशवाणी रांची और प्रोग्राम ऑफ आकाशवाणी डाल्टनगंज प्रमुख डॉ. सुष्मिता पांडे, लेखक एवं आरसीएचआरसी कैंसर रोगी और डॉ मनीषा, कंसल्टेंट, पैलिएटिव मेडिसिन, आरसीएचआरसी शामिल थे। चुनी गई विजेता श्रुति मिश्रा (बिरसा कृषि विश्वविद्यालय) को आकाशवाणी, रांची में स्पोकन वर्ड परफॉर्मेंस प्रसारित करने का मौका मिला है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम का लक्ष्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक और प्रेरित करना है। इस दौरान डॉ. रजनीगंधा टुडू, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, आरसीएचआरसी द्वारा बचाव, उपचार और सपोर्ट सिस्टम को लेकर कैंसर जागरूकता पर खास चर्चा की गई। साथ ही समय पर जांच और बचाव को लेकर स्थानीय कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक भी पेश किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए, डॉ चंद्र किशोर शाही, डायरेक्टर-इन-चीफ, हेल्थ सर्विसेज ने कहा, कैंसर सिर्फ एक बीमारी नहीं है- यह एक भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक लड़ाई है, जो कि पूरे परिवार को प्रभावित करती है। डॉ (कर्नल) मदन मोहन पांडे, डायरेक्टर ऑफ मेडिकल सर्विसेज, आरसीएचआरसी ने कहा, कैंसर के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए इस बीमारी की समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी है। इस तरह की पहलें मेडिकल जानकारी और आम लोगों की जागरूकता के बीच की दूरी को कम करने में मदद करती हैं।

## श्री श्याम मंडल का तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव 9 से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मंडल का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव 9 से 11 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आयोजित होंगे। महोत्व की तैयारी को अंतिम रूप रेखा देने के लिए मंडल के सदस्य पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर की साफ सफाई के पश्चात आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है। 9 मार्च को अपरान्ह 3 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर ( सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट ) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारंभ जो नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष प्रदान करेंगे साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 700 नर-नारी अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे। साथ ही भजन गायक की टोली सम्पूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर भक्तजनों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। 10 मार्च को रात्रि 9 बजे से मंदिर में मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। श्री श्याम मंडल रांची द्वारा प्रकाशित भजन पुस्तिका 21 वें बसंतउत्सव का विमोचन इस 3 दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के द्वितीय दिवस पर श्री श्याम प्रभु का भव्य एवम नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणि प्रसाद, संगीतमय संकीर्तन व श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली का आयोजन होगा। कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से सुबह 4 बजे तक होगा।



## न्यूज बॉक्स

### सदर अस्पताल में न्यूरोसर्जरी विभाग का पहला ऑपरेशन सफल



**रांची।** सदर अस्पताल, रांची के लिए शनिवार को ऐतिहासिक दिन रहा। न्यूरोसर्जरी विभाग का पहला ऑपरेशन सफल हुआ। रोगी दो महीने से पैर हिला नहीं पा रहा था। स्पाइन सर्जरी के तुरत बाद रोगी के पैर में ताकत आ गया है। इसपर सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने पूरी टीम को बधाई दी है। प्राइवेट अस्पताल में इसके इलाज के लिए लगभग तीन से चार लाख रुपए खर्च होते हैं। जो इंप्लांट लगा है वही अस्सी हजार रुपए का है। आयुष्मान कार्ड के कारण सदर अस्पताल रांची में निःशुल्क लगा है।

### पारस हॉस्पिटल में लगा निशुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप

**रांची।** विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल में दो दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप लगाया गया है। इस कैंप का समापन रविवार को होगा। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक लगेगा। कैंसर के मरीज या जिन लोगों में कैंसर से संबंधित लक्षण दिख रहे वो इस कैंप में निशुल्क जांच करवा सकते है। कैंप में कैंसर विशेषज्ञों से निशुल्क परामर्श मिलेगा। सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लड शुगर आदि की जांच भी निशुल्क होगा। स्वास्थ्य पैकेज पर भी विशेष छूट दिया जाएगा। इस कैंप में डॉक्टरों की अनुशंसा पर कैंसर जांच पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल निशुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप का आयोजन किया है।

### एक मार्च से रिम्स में पास से होगी एंट्री

**राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर पर हुई कार्रवाई**

**रांची।** रिम्स अस्पताल में 1 मार्च से एक नया सिस्टम लागू होने जा रहा है, जिसके तहत बिना पास के किसी को भी अस्पताल परिसर में एंट्री नहीं दी जाएगी। यह व्यवस्था अस्पताल में सुरक्षा को बढ़ाने और परिसर के भीतर बढ़ रही असुविधाओं को कम करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। इतना ही नहीं अब अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों और स्टाफ को भी आईकार्ड लगाना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस नियम के लागू होने से पूर्व वहां की व्यवस्था व कमियों पर राष्टीय नवीन मेल अखबार में प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद से यह नियम को लागू किया जा रहा है।

### 9 झारखंडी साहित्यकार हुए सम्मानित



**रांची।** अखिल झाड़खंड साहित्य अकादमी द्वारा प्रथम झारखंड साहित्य पुरस्कार 2025 का आयोजित किया गया। मौके पर 9 झारखंडी साहित्यकारों शिव शंकर महली, डॉ रोज केरकेट्टा, डॉ सविता केशरी (नागपुरी), चुन्डा सोरेन 'सिपाही' (संताली), डॉ हरि उरांव( कुडूख), रतन कुमार महतो (कुड़मालि), मंगल सिंह मुंडा( मुंडारी), डॉ गजाधर महतो 'प्रभाकर' (खोरठा), डोबरो बुड़िउली(हो), डॉ अनिल बिरेन्द्र कुल्लू( खड़िया) एवं प्रो. परमानन्द महतो (पंचपरगनिया) के भाषा एवं साहित्यिकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अथिति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू( कुलपति, झारखंड खुला विश्वविद्यालय), वरीष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा, पद्मश्री मधु मंसुरी, लोक सेवा समिति के संस्थापक मोहम्मद नौशाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यछ प्रो. बीरबल महतो, सचिव डॉ सविता केशरी, सह- सचिव डॉ पार्वती मुंडू, कोषाध्यक्ष डॉ खालिक अहमद सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवा टोली बाड़ू पिठौरिया रांची शाखा द्वारा शिव रात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर आयोजित सात दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले का उद्घाटन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठौरिया कि संचालिका बी के राजमती ,चिरंजीवी कांसेप्ट स्कूल के उप निदेशक एसके सिन्हा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं प्रदर्शनी का फीता काट करके किया। इस आध्यात्मिक द्वादश मेले में शिव दर्शन के साथ साथ राजयोग शिविर के आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का भी परिचय दिया गया। वहीं परमात्मा शिव को अपने विकारों की आहुति दे उनसे वरदान प्राप्त करने की विधि भी बताई गई। इस अवसर पर बी के राजमती ने अपनी जीवनशैली में आध्यात्मिकता का समावेश करने की अनिवार्यता को बताया साथ ही साथ शिव बाबा के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर लीला देवी, ऊर्मिला देवी , कविता सेन, मुन्नी देवी, संपति देवी, मंजु देवी आदि कई लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त




**रांची।** जिला खान कार्यालय रांची के खान निरीक्षक रोशन कुमार ने निरीक्षण के क्रम में पाही के पास ट्रैक्टर को रुकने के लिए कहा । इस पर ट्रैक्टर चालक बालू लदी ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। बिना परिवहन चालान के बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है और एफआइआर करने का निर्देश खलारी थाना प्रभारी को दे दिया गया है । बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में 150 घन फीट बालू था।

## एक नजर

### महिला समूह ने ली टपक सिंचाई पद्धति की जानकारी

**चान्हो ।** प्रखंड के महिला समूह को प्रशिक्षण के लिए शनिवार कोओरमांझी प्रखंड के तापे गांव का भ्रमण कराया गया। महिलाओं को मुख्यतः टपक सिंचाई पद्धति से खेती कर आमदनी बढ़ाने के बारे में बताया गया। महिला किसानों ने टपक सिंचाई पद्धति देखकर उसे अपने खेतों में ज्यादा से ज्यादा फसलों को लगाकर आमदनी बढ़ाने का भरोसा जताया। टीम लीडर सुजीत शाही ने कहा कि टपक सिंचाई पद्धति से महिलाओं में खेती के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

### लोक अदालत में तीन दंपति फिर से हुए एक

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें वैवाहिक मामले एवं चेक बाउंस संबंधी मामलों की सुनवाई हुई। रामगढ़ कुटुंब न्यायालय में वैवाहिक मामलों से संबंधित बेंच का गठन किया गया था। इसमें संजय कुमार न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, शिवेंदु द्विवेदी, सीनियर सिविल जज चा एवं जितेंद्र कुमार पैनल अधिवक्ता ने इस बेंच में कुल तीन अलग अलग वैवाहिक मामलों में समझौता कराया। इन केसों में पति पत्नी आपसी विवाद के कारण अलग अलग रह रहे थे। तीनों केस में पति पत्नी का रियूनियन किया गया। तीनों दंपति फिर से एक हो गये।

### चित्रकला प्रतियोगिता में रामगढ़ पूरे राज्य में रहा अव्वल

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी (झालसा), रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। चित्रकला प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों की पेंटिंग झालसा को भेजी गई थी। राज्य के 24 जिले से आए हुए पेंटिंग में रामगढ़ जिले का स्थान सबसे ऊपर रहा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के द्वारा जिले के सभी हाई स्कूलों में चित्रकार एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता की कॉपियों की जांच कर सर्वश्रेष्ठ चित्र तथा निबंध को चयनित कर झालसा रांची को भेज दिया गया। पूरे झारखंड राज्य में चित्रकला तथा निबंध दोनों ही प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। चित्रकला में छात्र आशुतोष कुमार गुप्ता कक्षा बारहवीं आर्ट्स, विद्यालय एस. एस. प्लस 2 हाई स्कूल, पतरातु एवं निबंध प्रतियोगिता में दीपू कुमारी, कक्षा नवम, विद्यालय एस. एस. हाई स्कूल गोला, रामगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों बच्चों को झालसा के पदाधिकारियों द्वारा रविवार को सम्मानित किया जाएगा।

अभाविप बेड़ो इकाई ने प्राचार्य को सात सूत्री ज्ञापन सौंपा

# कर्मचारीगण ससमय सभी कार्यों का करें निष्पादन : विक्रम कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बेड़ो इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो में व्याप्त समस्याओं के समाधान एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में सात सूत्री मांगों को लेकर प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में नगर मंत्री विक्रम कुमार महतो ने कहा कि महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण ससमय कॉलेज आएं और पठन-पाठन सहित कार्यालय के सभी कार्यों का निष्पादन करें। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के अनुरूप नए पाठ्यक्रम के आधार पर सभी विषयों के पुस्तक पुस्तकालय में उपलब्ध हों। वहीं कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुशांत कुमार ने कहा कि पिछले कई वर्षों में उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों का सत्रवार स्नातक व स्नातकोत्तर के डिग्री सर्टिफिकेट जल्द विश्वविद्यालय महाविद्यालय को उपलब्ध कर विद्यार्थियों को देना सुनिश्चित करें। साथ ही आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु एक स्थाई प्याऊ की व्यवस्था की जाए। इसके परिणामस्वरूप प्राचार्य ने अभाविप के सभी मागों को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए तत्काल पूरी करने की बात कही और छात्रहित में अन्य समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया। मौके पर मुख्य रूप से अभाविप के विक्रम कुमार महतो, कॉलेज अध्यक्ष सुशांत कुमार, पंकज भगत, अमर बाराबंकी, मनीष उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीनियर फेडरेशन कप महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता

# महिला/पुरुष कुश्ती चयन ट्रायल संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 08 से 09 मार्च 2025 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित होने वाले सीनियर फेडरेशन कप महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने के लिए झारखंड सीनियर फेडरेशन कप राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल प्रतियोगिता आज गनपत राय इनडोर स्टेडियम खेलगांव होटवार रांची में आयोजित किया गया। उक्त चयन ट्रायल में पूरे जिले से 56 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उक्त चयन ट्रायल का उदघाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार के द्वारा किया गया। साथ में हॉकी झारखंड के सचिव विजय शंकर सिंह, गुमला जिला कुश्ती संघ के सचिव निलेश कुमार साहू, रांची जिला कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव अनिल कुमार यादव, सरायकेला जिला कोषाध्यक्ष सुरेश नारायण, सीनियर प्लेयर सह कोच राजीव रंजन भीम, अविनाश कुमार, मृत्युंजय, साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### भाजपा नेताओं ने जाना वयोवृद्ध नेता शिव शंकर मिश्र का कुशल-क्षेम



**खूंटी।** भाजयुमो गोविंदपुर मंडल के अध्यक्ष विनय गुप्ता कें नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को जनसंघ जमाने के वयोवृद्ध नेता शिव शंकर मिश्र के समुंदर गांव स्थित आवास में मुलाकात कर उनका कुशल-क्षेम जाना। विनय गुप्ता ने बताया कि शिवशंकर मिश्रा का आशीर्वाद हमेशा पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलता रहा है और उनके सुझाव पार्टी को मजबूती प्रदान करते हैं। मौके पर क्षेत्रीय विकास, संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा देवी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रीति देवी, सुरेंद्र गोप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 'द टाइगर जिम' सेन्टर का हुआ उद्घाटन



**चान्हो।** प्रखंड के कटैया पतरा के समीप अशफाक अंसारी के घर में 'द टाइगर जिम' का उद्घाटन आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के निदेशक अमीन अंसारी ने फीता काटकर किया। इस बीच अमीन अंसारी ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को अपनी हेल्थ को लेकर सतर्क रहना चाहिए। नियमित वर्कआउट करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इसी के साथ ही आज के युग की विभिन्न तरह की बीमारियों से भी बचा जा सकता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। संचालक मोहेसिन अंसारी ने बताया कि उचित मेंबरशिप फीस में सुविधाएं दी जाएंगी। मौके पर शाइन पब्लिक स्कूल नागजुआ के संचालक माजिद आलम, मोजीम अंसारी, असफाक अंसारी, हसन अंसारी, रफीक अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, शिवम कुमार, देवा कुमार, परवेज अंसारी, आलम अंसारी,फरहान अख़्तर, रमजान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का दल प्रशिक्षण व परिभ्रमण के लिए पहुंचा रायपुर



**लापुंग।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं जिला उद्यान कार्यलय रांची के तत्वावधान में पांच दिवसीय उद्यानी प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम में किसानों के 80 सदस्यीय दल छत्तीसगढ़ रायपुर में प्रशिक्षण व परिभ्रमण कार्यक्रम में पहुंचे हैं। जिसमें लापुंग सहित इटकी, नगड़ी, मांडर व खलारी के किसान समेत कई प्रखंड के किसान शामिल हैं। परिभ्रमण के दौरान कृषकों को टिश्यू कल्चर बनाना लैब, बीएनआर अमरुद बागान, प्रगतिशील कृषकों को खेत आदि का भ्रमण कराया जायेगा। इस मौके पर लापुंग के किसान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अफताब आलम ने वहां पर प्रशिक्षण व परिभ्रमण के दौरान किसानों को दिए जाने वाले सुविधा जैसे प्रशिक्षण खाने पीने के व सोने की व्यवस्था का जायजा लिया। अफताब आलम ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से किसान उन्नत तकनीक से खेती करने की नई तकनीक सीख पाएंगे ।

### सीएचसी बुढ़मू प्रभारी ने खलारी व मैकलुस्कीगंज पीएचसी का किया निरीक्षण



**खलारी।** सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र बुढ़मू के प्रभारी डा तारिक अनवर ने शनिवार को खलारी व मैकलुस्कीगंज पीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होने खलारी पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद के साथ दोनों जगहों पर स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जाना। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएचसी प्रभारी ने दोनों पीएचसी में अन्य जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इससे पूर्व डा तारिक अनवर के खलारी पीएचसी पहुंचने पर पीएचसी स्टाफ ने बुके देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर लैब तकनीशियन परवेज आलम, तकनीशियन तब्बु, एमपीडब्लु सुमित कुमार, एनएनम अपर्णा उरांव, अनिता कुमारी, प्रफुल्लित बेक, पूनम कुमारी आदि स्वास्थकर्मी उपस्थित थे।

### द अचीवर्स 70 रन से जीता

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में द अचीवर्स बनाम एस्कॉट सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी द अचीवर्स की टीम ने 27.2 ओवर में 10 विकेट पर 172 रन बनाया। अभिषेक ने 25, महावीर ने 27, श्याम ने 39 रन बनाया। कासिफ ने 4 विकेट लेकर 18 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी एस्कॉट सीए की टीम ने 26 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन बनाया। अविनाश व संदीप ने 29-29 रन बनाया। पवन ने 5 विकेट लेकर 16 रन दिया। द अचीवर्स 70 रन से जीता।

### बिरसा कॉलेज एनएसएस के स्पेशल कैंप का समापन




**खूंटी।** बिरसा कालेज खूंटी में शनिवार को एनएसएस के स्पेशल कैंप का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कालेज की प्राचार्या प्रो जी किड़ो उपस्थित थीं। प्रोग्राम आफिसर डॉ पी सुरीन ने सात दिन में हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। पहले दिन उद्घाटन के बाद कालेज परिसर की सफाई हुई, दूसरे दिन गोद लिए गांव सेरेंगडीह में साफ सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन आंगनबाड़ी केंद्र के छोटे बच्चों को कॉपी पेंसिल दिये गये। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी उन्हें दी गई। खेल और संगीत के मायाम से उनका मनोरंजन किया गया। चौथे दिन महिला सशक्तीकरण पर चर्चा हुई और युवतियों के बीच सैनिटरी नैपकिन बांटे गये। पांचवें दिन गांव सेरेंगडीह में वृक्षारोपण किया गया। छठे दिन बुजुर्गों और युवकों के बीच स्वच्छता और नशापान की चर्चा हुई।

### खाद्य लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के लिए 27 और 28 को खूंटी में लगेगा शिविर

**खूंटी।** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया गया है कि है भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस-रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस-रजिस्ट्रेशन के कारोबार करना दंडनीय अपराध है। इसके तहत दस लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। जिले के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए फुड लाइसेंस-रजिस्ट्रेशन के लिए 27 और 28 फरवरी को एफडीए बिल्डिंग, सदर हॉस्पिटल, खूंटी में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप पूर्वाह्न 10.30 बजे से चार बजे चलेगा। फुड रजिस्ट्रेशन (जिसका सलाना टर्नओवर 12 लाख तक) के लिए आवेदक का पहचान पत्र, यदि पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण-पत्र एवं एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा।

धूमधाम से बनाया गया खलारी प्रखंड का 16वां वर्षगांठ

# काफी संघर्ष के बाद प्रखंड का सपना हुआ है पूरा : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड स्थापना का 16वां वर्षगांठ शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रखंड सभागार में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड-अंचल के पदाधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि से लेकर राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ता व काफी संख्या में आम लोग उपस्थित थे। सभी की मौजूदगी में जिप सदस्य सरस्वती देवी व मुखिया पुष्पा खलखो ने संयुक्त रूप से केक काटा। इस दौरान हैपी बर्थडे का गीत बजता रहा। सभी के बीच केक व मिठाइयां बंटी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन को विद्युत लड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। वक्ताओं ने खलारी को प्रखंड बनाने के लिए किए गए आंदोलनों की कहानी बताई। कुछ लोगों ने खलारी के प्रखंड बनने से पूर्व बुढ़मू प्रखंड कार्यालय आने जाने में जो कठिनाइयां होती थी उसका अनुभव साझा किया। प्रखंड व अंचल के पदाधिकारियों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया गया। खलारी प्रखंड के लिए सभी विभागों के लिए पद सृजित करने कहा गया। लोगों की बातें सुनने के बाद अंचल अधिकरी प्रणव अम्बष्ट व प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि काफी संघर्ष के बाद खलारी के प्रखंड बनने का सपना पूरा हुआ है। वे लोग जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। इस समारोह में बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अम्बष्ट, जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि मंतोष रजक मोनू, बीपीओ विनयकुमार गुप्ता, मुखिया पुष्पा खलखो, मुखिया पारसनाथ उरांव, पंसस कुंजिता देवी, सूरज कुमार, विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### नाबालिग युवती को प्रेम जाल में फंसाने वाला युवक गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका अरगड्डा चौहान कॉलोनी से नाबालिक युवती को प्रेम जाल में फंसा कर अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार तौकीर आलम उर्फ छमछम को जेल भेज दिया है। मूल रूप से पलामू जिले के नावा जयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरी गांव निवासी तौकीर आलम को पुलिस ने रांची से पकड़ा। गिरफ्तार तौकीर ने अपना गुनाह भी पुलिस के समक्ष कबूल किया है। अपहृत युवती को रांची जिले के खलारी रेलवे स्टेशन से पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में पीड़िता के पिता ने अपहरण में शामिल छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पलामू जिले की नाबालिक युवती के पिता ने नौ फरवरी को अपनी बेटी ऋतु (काल्पनिक नाम) की अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी छह फरवरी को अपने घर से नानी के घर रामगढ़ जिले के सिरका अरगड्डा चौहान मोहल्ला में रहने आई थी।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 867 वां खिचड़ी भंडारा का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को 867 वां खिचड़ी भंडारा में 1407 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्रों में कहा गया है पूर्व जन्म के प्रभाव से संसार संवृत व्यक्ति गृहस्थ होता हुआ भी भक्ति में अनुराग रखने पर श्रीवेंकटेश्वर के चरण कमल को प्राप्त करने के लिए अभीष्ट तप करता है। श्रीवेंकटेश्वर भगवान का भजन ,परम ध्यान, उनके नाम का कीर्तन, उनके चरणोंदक तथा नैवेद्य का भक्षण सभी के लिए अभीष्ट है। अज्ञान से, ज्ञान से या पूर्व जन्म के सत्संग से श्रीहरिविष्णु वेंकटेश्वर का भोग लगा हुआ प्रसाद जिसने खा लिया वह सभी पापों से रहित हो मुक्त होकर दिव्य यान से बैकुंठ लोक को चला जाता है। आज के खिचड़ी महाप्रसाद ओम प्रकाश, मंजू गरोदिया एवं अजित -बबीता कुमारी दोनों ही यजमान रांची निवासी की ओर से भोग लगा।

82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का हुआ समापन

# सभी टीमों के खिलाड़ियों व सदस्यों को पदक देकर किया गया सम्मानित

*तीसरा एवं चैंपियनशिप के लीग चरण का अंतिम मैच मेजबान दक्षिण पूर्व रेलवे एवं मध्य रेलवे, मुम्बई के बीच खेल गया*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ द्वारा हटिया स्थित सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप 2024-25 के लीग का समापन हुआ। 17 से 22 फरवरी तक मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ जसमीत सिंह बिन्द्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया। चैंपियनशिप के लीग चरण के अंतिम दिन हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में तीन मैच खेले गए। पहला मैच इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई एवं उत्तर पश्चिम रेलवे, राजस्थान के बीच खेल गया जिसमे इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई की टीम 9-3 गोल के अंतर से विजयी रही। दूसरा मैच में रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला ने पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर की टीम को 4-3 गोल से पराजित किया। शनिवार को तीसरा एवं चैंपियनशिप के लीग चरण का अंतिम मैच मेजबान दक्षिण पूर्व रेलवे एवं मध्य रेलवे, मुम्बई के बीच खेल गया। मैच से पूर्व मण्डल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिन्द्रा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं मैच के लिए शुभकामनाएं दी। इस रोमांचक मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे की टीम 4-2 गोल के अंतर से मध्य रेलवे, मुंबई की टीम को पराजित कर विजेता रही। इस लीग चरण के पूरा होने के परिणामस्वरूप, दक्षिण पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, मुम्बई, रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज की टीमों ने चैंपियनशिप के अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

इटकी में हर्ष फायरिंग करने वाले दो अरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

# हवाई फायरिंग के दौरान वेटर की गोली लगने से हुई थी मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** इटकी में हर्ष फायरिंग के दौरान नाबालिग वेटर की गोली लगने से मौत के बाद दो अरोपी को इटकी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपी का नाम सुंदर दास और पवन दास है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि बीते शुक्रवार को एक शादी समारोह में अपराधी सुंदर दास और पवन दास नशे की हालत में अवैध देसी कट्टा से हवाई फायरिंग कर रहे थे। इसी दौरान रविन्द्र लोहरा नामक वेटर को गोली लग गई जिससे रविन्द्र की मौत गई। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि सुंदर दास और पवन दास का अपराधिक इस्तिहस भी रहा है। दोनों हत्या, लूटपाट और रंगदारी जैसे कई मामलों में जेल भी जा चुके हैं। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, 9 एम एम के पिस्टल दो जिंदा गोली, एक रामपुरी चाकू, एक खोखा बरामद किया गया। छापामारी दल में डीएसपी बेड़ो, अशोक राम, इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई, देव प्रधान संतोष कुमार यादव नागेश्वर साहू के सहयोग रही।

प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी आयोजित

# रॉयल एडमिन ने 13 रनों से मैच जीता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** संकाय क्रिकेट लीग के 14वें संस्करण ने संस्थान के प्लैटिनम जुबली का जश्न मनाने के लिए शनिवार को बीआईटी मेसरा में शुरू किया है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स और रॉयल एडमिन्स ने उद्घाटन मैच में अपने पहले ही मुकाबले में जीत से प्रतियोगिता की शुरूआत की। कुल छह टीमें दो समूहों में विभाजित टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। समूह ए में (मैकेनिकल चैलेंजर्स, रॉयल एडमिन्स, देओघर प्रीडेटर्स), ग्रुप बी (कंप्यूटर सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स, इलेक्ट्रो ब्लास्टर्स) शामिल है। टूर्नामेंट का उद्घाटन विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक मैदान में निदेशक विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक बीआईटी मेसरा डॉ विजया लक्ष्मी द्वारा किया गया था।

**मैच 1 ग्रुप बी: रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स बनाम इलेक्ट्रोब्लास्टर्स**

**टॉसः** रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स ने पहले फील्ड करने का फैसला किया

**स्कोर :** इलेक्ट्रोब्लास्टर्स- 12 ओवर में 89/4, दुर्गा 18, अरविंद 33 और कार्तिक 18 रॉयल्स अलोक के लिए तीन विकेट लिए। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स ने 8 ओवरों में 91/1 रन बनाए, अजय ने 34 रन नॉट आउट आउट रहे और चंचल ने 32 रन बनाए। अजय को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**मैच 2 समूह ए -रॉयल एडमिन बनाम मैकेनिकल चैलेंजर्स**

टॉस-मैकेनिकल चैलेंजर्स ने पहले फील्ड करने का फैसला किया। 12 ओवरों में स्कोर -रोरल एडमिन्स -94/3, नंदलाल 38, अंकित 34. फॉर मैकेनिकल अनिल, मुकेश और ओमप्रकाश ने प्रत्येक 1 विकेट लिया। जवाब में मैकेनिकल चैलेंजर्स ने 7 विकेट के नुकसान के लिए केवल 81 रन बनाए। मृणाल जेना ने 38 और ओमप्रकाश पांडे 21 बनाए पर अपनी टीम को जीता नहीं सके एडमिन्स के लिए संजय ने दो विकेट लिए और नंदलाल 1 विकेट लिया संघर्ष पूर्ण मुकाबले में रॉयल एडमिन ने मैच 13 रन से मुकाबला जीत लिया। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए रॉयल एडमिन के नंदलाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ श्रीधर पटनायक के द्वारा प्रदान किया।

## एक नजर

### अखिल भारतीय किसान महासभा ने गिद्दी में कृषि मंत्री का पुतला फूंका

**गिद्दी।** अखिल भारतीय किसान महासभा ने गिद्दी सी स्टैंड में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका। अखिल भारतीय किसान महासभा ने नई कृषि व्यापार मसौदा को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया है। इसके बाद भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य राजेन्द्र गोप और गोविंद राम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नई कृषि व्यापार मसौदा भारत के जनमानस के खिलाफ है केवल किसानों के खिलाफ नहीं बालिक भारत के जन-जन के खिलाफ यह एक नई गुलामी का आशिक दस्तावेज है। वक्ताओं ने नई कृषि व्यापार मसौदा को सरकार से रद्द करने की मांग किया। इस अवसर पर राजेंद्र गोप, गोविंद राम, राजेंद्र महतो, हकीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### अरगडा क्षेत्र में बन रहे हैं 5 डिजीटल स्वचालित चेकपोस्ट

**गिद्दी।** सीसीएल के अरगडा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरी परियोजना में 5 डिजीटल स्वचालित चेकपोस्ट बनाए जा रहे हैं। जिसमें गिद्दी ए परियोजना में क्रेसर के पास 1, रेलीगढ़ा परियोजना के कांटा घर के पास 1, सिरका परियोजना में साधु मोड़ के पास 1 और गिद्दी सी परियोजना में 2 डिजीटल स्वचालित चेकपोस्ट बनाए जा रहे हैं। निर्माण कार्य में लगे स्टाफ ने बताया उक्त सभी डिजीटल चेक पोस्ट बनाए जाने का कार्य कोलकाता के ठिकेदार के पेपर पर किया जा रहा है। बताते हैं इस डिजीटल चेक पोस्ट के तैयार होने के बाद क्षेत्र के सभी मैनुअली ऑपरेट होने वाला चेकपोस्ट बंद करके डिजीटल स्वचालित चेकपोस्ट चालू किए जाएंगे। जिसका सभी सिस्टम डिजिटल होगा और इससे कोयला के अवैध कार्य पर रोक लगेगी।

### कलाकारों को सहायता और रंगमंच की दरकार

**रामगढ़।** मनोरंजन हर वर्ग की जरूरत है। लोगों को तनाव भरे काम के बीच मनोरंजन के लिए फिल्मों और गानों का सहारा लेना पड़ता है। इन गानों, फिल्मों और डॉक्युमेंट्रीज को बनाने का काम फिल्म जगत से जुड़े कलाकार करते हैं। रामगढ़ जिले में भी कई ऐसे कलाकार हैं जो गाने और फिल्म जैसे एंटरटेनमेंट कंटेंट के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर शॉर्ट फिल्म्स और डॉक्युमेंट्रीज बना रहे हैं। अपनी काबिलियत से दूसरों का मनोरंजन करने वाले स्थानीय कलाकार उदास हैं। कलाकारों का कहना है कि सरकार और जिला प्रशासन से उन्हें आर्थिक मदद नहीं मिलती है। जिस कारण उनकी प्रतिभा खुल कर बड़े पर्दे पर नहीं आ पाती है। जिले में नाट्यशाला का भी निर्माण हो। रामगढ़ जिले के फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों ने ढेरों ऐसी फिल्में बनाई हैं जो समाज को अच्छा संदेश देती है। वहीं क्षेत्रीय भाषाओं में कई गानों का भी निर्माण किया है। लेकिन इसके बावजूद आज रामगढ़ के कलाकार अपने आप को पिछड़ा हुआ महसूस करतें है।

श्री श्री संकट मोचन मंदिर का 53वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# भव्य भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



रामगढ़। थाना चौक स्थित श्री श्री संकट मोचन मंदिर का 53वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जो मंगलवार को 9:45 बजे से आरंभ होकर बुधवार को 9:45 बजे संपन्न हुआ। इसके उपरांत हनुमान की पूजा अर्चना कर उनकी आरती की गई। इस दौरान 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इसके उपरांत आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के सम्बन्ध में मंदिर के प्रधान सेवक धीरज परासर ने बताया कि श्री संकट मोचन मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। लोग दूर दूर से यहां मन्नत मांगने के लिए पहुंचते हैं। बताया कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं हनुमान जी की कृपा से उनकी मन्नत पूरी होती है। बताया कि मंदिर की स्थापना 1973 ई में कामदेव उपाध्याय ने की थी। 1976 में कामदेव उपाध्याय और उनके सहयोगियों द्वारा जयपुर से हनुमान जी की प्रतिमा लायी गई। श्री परासर ने बताया कि पहले मंदिर की वर्षगांठ तारिख के हिसाब से मनती थी। लेकिन 1976 से फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी एवं सप्तमी को वर्षगांठ मनाई जाने लगी। मंदिर के प्रधान सेवक धीरज परसर अपने अपने कुशल व्यवहार के कारण शहर के लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। उनकी गिनती ज्योषि और कर्मकांड के विद्वानों में होती है। उन्होंने कोलकाता से एमबीए की शिक्षा ग्रहण की है। शास्त्रीय संगीत और तबला वादन में इलाहाबाद से डिप्लोमा किया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 72 जरूरतमंद हुए लाभान्वित : डा. प्रवीण श्रीनिवासन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शनिवार को मंडई कला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 72 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है।

## न्यूज बॉक्स

### वनों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने पेड़ों का किया रक्षाबंधन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर जतवा बाबा जंगल में ग्रामीणों ने वनों की सुरक्षा के लिए पेड़ों का रक्षा बंधन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुखिया प्रेमिका देवी, पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार महतो, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कुंजलाल महतो ने पेड़ों का रक्षाबंधन कर किया। कुंजलाल महतो ने कहा कि गोरहर गांव में प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन किया जाता है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण सुरक्षा को लेकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील करते हुए जंगल को बचाने के लिए सभी लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राम सहाय मांझी, बासुदेव महतो, तुलिया मसोमात, कोलेशवरी देवी, डालियां देवी, सुलेखा खातुन, घमनी देवी, बसंती देवी, राधा देवी, बिदवा देवी, आशा देवी, अशोक कुमार महतो, राकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### टेंपो और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल, बीस सूत्री अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बोरवाटोला के समीप शनिवार को टेम्पो और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार प्रियातू निवासी शराफत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस लेकर घटनास्थल पहुंचे और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद शराफत अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें प्लस अस्पताल रांची रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन उचित यातायात प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने और वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

### सोना सोबरन योजना के तहत वस्त्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ



**बरही।** राज्य सरकार की सोना सोबरन योजना के तहत बरही पश्चिमी पंचायत के उजाला महिला मंडल ने धोती-साड़ी व लूंगी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया. जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया शमशेर आलम ने किया. उन्होंने बताया कि जरूरत मंदों को अन्न धन और वस्त्र आपूर्ति के लिए राज्य सरकार संकल्पित है. इसी उद्देश्य से इस योजना के तहत लगातार वस्त्र वितरित किए जा रहा है. जिससे कोई भी व्यक्ति वस्त्र के अभाव में नंगे बदन नहीं रहे. उन्होंने डीलर को लाभुक से मात्र एक रुपए ही लेकर वस्त्र वितरित करने का निर्देश दिया. इस तरह की योजनाओं से गरीब व असहाय लोगों को काफी सुविधा होगी और उसे जीने का एक मार्ग मिलेगा। सरकार योजना चलाकर लोगों के दिलों में विश्वास पैदा करना चाहती और उसे आगे का रास्ता खुलने की पूरी संभावनाएं बनी रहेगी। इस अवसर पर छोटी ठाकुर, दिनेश प्रजापति, उदय ठाकुर, भोली पासवान, असलम ऊर्फ टिंकू आदि सहित कई लाभुक मौजूद थे.

# रेडीमेड कपड़ों के प्रचलन से बढ़ी दर्जी समाज की परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भगवान मैन बनाते हैं और दर्जी लोगों को जेंटलमैन बनाते हैं। किसी को भी अपनी कला से जेंटल मैन बनाने के फन में माहिर दर्जी इन दिनों परेशानी झेल रहे हैं। इनकी टेलरिंग का कारोबार इन दिनों मंदी के दौर से गुजर रहा है। इसके पीछे जो सबसे बड़ा कारण है वह रेडीमेड के कारोबार का बढ़ना है। शहर में अब रेडीमेड का अच्छा बाजार तैयार हो गया है। ऑफ लाइन से लेकर ऑनलाइन तक यह कारोबार चल पड़ा है। ऐसे में युवा भी इस ओर ही आकर्षित हो रहे हैं। कारोबार मंदा होने से अब सिलाई मशीन की खड़खड़ाना कम हो रहा है। हालांकि दर्जी जी तोड़ मेहनत में जुटे रहते हैं। हाल के वर्षों में रेडीमेड कपड़ों के बढ़ते चलन ने इस व्यवसाय को काफी प्रभावित किया है। आजकल बाजार में रेडीमेड कपड़ों की भरमार है। ये कपड़े न केवल सस्ते होते हैं, बल्कि विभिन्न डिजाइन और साइज में भी उपलब्ध होते हैं। जिसके कारण ग्राहकों को कम समय और प्रयास में मनपसंद कपड़े मिल जाते हैं। इस वजह से, लोग अब दर्जी के पास जाकर कपड़े सिलवाने की तुलना में रेडीमेड कपड़े खरीदना अधिक पसंद करते हैं।

जीपीडीपी इंट्री से पंचायत के कार्य होंगे सार्वजनिक, मुखिया असंतुष्ट

# पंचायत वीएलई को बदलने की साजिश

> ❑ *सभी महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए पंचायत सचिव और मुखिया को सिर्फ पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों से सहयोग लेने होंगे. जो कुछ मुखिया लोग के लिए कष्टदायक हो रहा है*

नवीन मेल संवाददाता। बरही
पंचायती राज व्यवस्था के तहत शीघ्र ही राज्य के सभी पंचायतों के विकास के कार्य ऑनलाइन दिखेंगे. जिसे आम व्यक्ति भी ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपने पंचायत के विकास की योजना, खर्च या शेष राशि आदि को जानकारी ले पाएगा. पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होंगे. इतना ही नहीं बल्कि अब पंचायत स्तर पर होनेवाले खरीददारी को भी सरकार के निर्धारित जेम पोर्टल पर ही करना होगा. इन सभी महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए पंचायत सचिव और मुखिया को सिर्फ पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों से सहयोग लेने होंगे. जो कुछ मुखिया लोग के लिए कष्टदायक हो रहा है, जिससे वह असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। उन्हें डर है कि पंचायत के वास्तविक कार्य और आंकड़ा से वीएलई परिचित हो जाएंगे, पंचायत वीएलई को बदलने की साजिश की जा रही है, जिसे भविष्य में बदलना या छिपाना मुश्किल हो जायेगा. इसके अलावा वीएलई को कई अंदरूनी डाटा की जानकारी हो जायेगी जो कुछ मुखिया को नहीं पच रही है और वर्षों से कार्यरत अनुभवी और प्रशिक्षित वीएलई को ऐन केन प्रकारेण हटाकर अपने चहेते को लाने के जुगाड़ में लग गए है. जिससे जीपीडीपी का इंट्री अपने स्वेच्छानुसार कर निजी लाभ लेते हुए ई ग्राम स्वराज की पारदर्शिता को प्रभावित किया जा सके. इस दिशा में पंचायती राज पदाधिकारी और सीएससी प्रभारियों को सजग रहना होगा. जिससे अनायास कोई लगनशील व कर्तव्यनिष्ठ वीएलई का मनोबल नहीं टूटे. ताकि पंचायती राज का कार्य सुगमता पूर्वक पारदर्शी तरीकों से संपन्न हो सके.

# परीक्षा रद्द होने को लेकर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

> इसलिए आप सभी से निवेदन है की परीक्षाओं को कदाचार मुक्त एवं भ्रामक सूचना फैलाये बिना संपन्न कराने में हजारीबाग पुलिस का सहयोग करें


हजारीबाग पुलिस

अपील

हजारीबाग पुलिस सभी जिला वासियों से यह अपील करती है कि झारखण्ड राज्य में चल रहे मैट्रिक /इन्टर परीक्षा के प्रश्न पत्र लिक के मामले में अफवाह न फैलाये। अगर आपके पास किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो तुरंत हमारे साइबर थाना हजारीबाग मो० नं०-9430165939 पर जानकारी साझा करें अथवा डायल 100/112 पर कॉल करें। भ्रामक सूचना यदि किसी व्यक्ति / YouTube / Telegram / Facebook/Instagram / Twitter (x) के माध्यम से फैलायी जा रही है तो ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई BNS एवं IT Act की सुसंगत धाराओं में की जायेगी। जिससे 10 वर्ष तक सजा का प्रावधान है। अतः आप सभी से निवेदन है की परीक्षाओं को कदाचार मुक्त एवं भ्रामक सूचना फैलाये बिना सम्पन्न कराने में हजारीबाग पुलिस का सहयोग करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। आपकी हर सूचना पर हजारीबाग पुलिस अविलंब कार्रवाई करेगी। शांति एवं विधि - व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।

‖ हजारीबाग पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर ‖

निवेदक
हजारीबाग पुलिस।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा वर्तमान में हजारीबाग जिला में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा संचालित किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर मैट्रिक के हिंदी और साइंस प्रश्नपत्र के लीक मामले पर जैक के द्वारा उक्त परीक्षा रद्द कर दिया गया है। वहीं इस मामले में असमाजिक तत्वों द्वारा गलत इरादे से भ्रमक खबर फैलाये जाने की आशंका को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने पदाधिकारियों को अलर्ट पर रहने व सोशल मीडिया के गहन निगरानी का निर्देश दिया गया है और कहा है कि वैसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए तैयार रहें। हजारीबाग पुलिस सभी जिला वासियों से यह अपील करती है कि झारखण्ड राज्य में चल रहे मैट्रिक /इन्टर परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में अफवाह न फैलाये। अगर आपके पास किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो तुरंत हमारे साइबर थाना हजारीबाग मो० नं०-9430165939 पर जानकारी साझा करें अथवा डायल 100/112 पर कॉल करें। किसी प्रकार की भ्रामक सूचना यदि किसी व्यक्ति / ट्यूब/ टेलीग्राम /फेस बुक/इंस्टग्रामी / ट्वीटर (एक्स) के माध्यम से फैलायी जा रही है तो ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई बीएनएस एवं आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में की जायेगी। जिससे 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। इसलिए आप सभी से निवेदन है की परीक्षाओं को कदाचार मुक्त एवं भ्रामक सूचना फैलाये बिना सम्पन्न कराने में हजारीबाग पुलिस का सहयोग करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। आपकी हर सूचना पर हजारीबाग पुलिस अविलंब कार्रवाई करेगी। शांति एवं विधि - व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सदर एसडीएम लोकेश बारंगे की अगुआई में शहरी क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

एडवोकेट बिल 2025 वकालत पेसा के लिए खतरनाक

# संशोधन के बाद बार काउंसिल में केंद्र सरकार का सीधा दखल रहेगा : सीटू



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सी पी आई एम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने कहा है कि, केंद्र सरकार के द्वारा वकीलों पर अपना नियंत्रण रखने और उनके स्वतंत्र कार्रवाइयों में हस्तक्षेप करने के लिए एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन करने के लिए सरकार ने एक नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एडवोकेट (अमेंडमेंट) बिल 2025 का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है. अगर यह कानून लागू होता है तो, बार काउंसिल के तीन सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नामित होंगे (प्रस्तावित संशोधन धारा 4) इसका मतलब इस संशोधन के बाद बार काउंसिल में केंद्र सरकार का सीधा दखल रहेगा। अब कोई अधिवक्ता हड़ताल नहीं करेगा, कार्य में बाधा नहीं डालेगा, न्यायालय का बहिष्कार नहीं करेगा (प्रस्तावित संशोधन 35 ए), अगर वकील ऐसा करते हैं तो उसे राज्य के एडवोकेट रोल लिस्ट से नाम हटा दिया जाएगा। (प्रस्तावित संशोधन धारा 26 ए) अधिवक्ताओं के व्यवहार के जांच करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी कमेटी का अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट अथवा हाई कोर्ट के पूर्व जज या उनके द्वारा नामित व्यक्ति होगा, कमेटी के दो सदस्य किसी भी हाईकोर्ट के पूर्व जज एक वरिय अधिवक्ता तथा एक सदस्य बार काउंसिल के होंगे। (प्रस्तावित संशोधन धारा 9) इसी तरह धारा 24, धारा 49 1, धारा 49 के अलावा वकीलों पर नकेल कसने के लिए एडवोकेट एक्ट 1961 की कई और धाराओं में संशोधन का प्रस्ताव है।

खोरठा विभाग ने मनाया धूमधाम से अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें विकास के प्रति जागरूक करता है : कुलाधिपति




### खोरठा गीतों से सराबोर रहा महफिल

खोरठा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खोरठा लोकगीतों से सराबोर रहा । खोरठा विभाग के छात्राओं द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति की गई उसके बाद हेमली ग्रुप के कलाकारों ने एक से एक झूमर गीत गाकर सभी को झूमाया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विगत शुक्रवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ खोरठा भाषा विभाग के द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रध्यापक डॉ बी एन ओहदार, शिक्षाविद बासुदेव महतो, समाजसेवी डॉ डी सी राम, खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष अनाम ओहदार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत खोरठा विभाग की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलसचिव प्रो (डॉ)निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ और उन्होंने कहा की इस तरह के आयोजन से लोगों को अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह ने अंतराष्ट्रीय मातृभाषा की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है। प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने संबोधन में बताया कि आज का दिन मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाव देने के महत्व को बताता है।

# पशुधन सहायकों ने विभागीय निदेशक को पत्र लिखकर समस्याओं से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता। बरही
अपने विभिन्न मांगो को लेकर राज्य के पशुधन सहायको ने विभागीय निदेशक को पत्र लिखा है. पत्र में यह जानकारी दी गई है कि राज्य में पशुधन सहायक के कुल 577 के विरुद्ध वर्तमान में उल 85 पद ही कार्यरत है. झारखंड गठन के बाद पशुधन सहायक, पशुधन पर्यवेक्षक और सहायक चार पदाधिकारी के पद रिक्त है. साथ ही राज्य के पशुधन सहायको की नियुक्ति नियमावली, एसीपी/एमएसपी की प्रोन्नति का लाभ अब तक नही मिला है. 2003-04 और 2008-09 के बाद पशुधन सहायको का एक वर्षीय प्रशिक्षण नही हुआ है. जबकि पशु प्रशिक्षण विद्यालय गौरिया करमा में चार प्रशिक्षक पदस्थापित है. प्रशिक्षण के अभाव में पुष्पेंद्र सहायकों को सेवा संपुष्टि और एसीपी/एमएसपी का लाभ नहीं मिल रहा है. जिससे आर्थिक छाती का सामना करना पड़ रहा है. पशुधन सहायको ने निदेशक से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई की मांग किया है. पत्र में कुंदन भगत, रंजन कुमार इत्यादि सहित दर्जनों पशु धन सहायकों के हस्ताक्षर हैं.

### सीसीएलकर्मी अखिलेश को जारी करेंगे शॉकाज

**रामगढ़।** अरगड़ा में कलयुगी पुत्र के द्वारा 65 वर्षीय माता संजू देवी को घर में भूखा बंद कर कुंभ स्नान जाने की घटना पर उपायुक्त चंदन कुमार ने एक दिन पूर्व ही संज्ञान लेकर जांच और कार्रवाई का जिम्मा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को दिया है। त्वरित कार्रवाई के तहत अखिलेश 27 फरवरी को अनुमंडल कोर्ट तलब किए गए।

3 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर की तैयारियां जोरों पर

# शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना : करण जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग द्वारा दूसरी बार आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर को लेकर शुक्रवार देर शाम संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। संस्था द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में भव्य रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना है संस्था के सदस्यों ने यह सुनिश्चित किया है कि शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। रक्तदान शिविर में 200 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कॉलेजों, संगठनों और नागरिक समूहों से संपर्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस महादान में सम्मिलित हो सकें। सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से विशेष चाबी रिंग भेंट की जाएगी, जिससे वे इस पुण्य कार्य को एक यादगार अनुभव के रूप में संजो सकें, सेल्फी प्वाइंट,महिलाओं की सुरक्षा के विशेष प्रबंध आगंतुकों और आयोजकों की सुविधा के लिए विजिटर एरिया,रेस्ट एरिया,खान-पान की विशेष व्यवस्था किया गया है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की रक्तदान केवल एक दान नहीं,बल्कि जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। हमारे समाज में हर दिन अनेक जरूरतमंदों को रक्त की आवश्यकता होती है, और हजारीबाग यूथ विंग द्वारा इस शिविर का आयोजन एक सराहनीय पहल है। मैं सभी युवाओं,नागरिकों और समाजसेवियों से आग्रह करता हूं कि वे 3 मार्च को आयोजित इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इस महादान का हिस्सा बनें।

### बम्बलकेरा एवं जोकबहार पंचायत भवन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# जोकबहार स्थित आयुष्मान मंदिर की सभी आवश्यक सुविधाओं की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत बम्बलकेरा पंचायत भवन एवं सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत जोकबहार पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में पंचायत भवन बंद पाया गया। जिस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पंचायत भवन एक सरकारी पंचायत कार्यालय है और कार्यालय अवधि में किसी भी स्थिति में पंचायत भवन को बंद नहीं रखना है। उन्होंने कहा कि मुखिया, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक के अनुपस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उप मुखिया, या पंचायत के वार्ड सदस्य को रहकर पंचायत भवन को खुला रखना है इसके पश्चात् उन्होंने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत बम्बलकेरा पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य भवन में पदस्थापित नर्स से उनके दैनिक कार्यों की जानकारी ली गयी। साथ हीं सिमडेगा प्रखंड के जोकबहार पंचायत में आयुष्मान मंदिर का भी निरीक्षण किया गया। आयुष्मान मंदिर के सभी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली गई।सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत बड़ाबरपानी पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मुखिया द्वारा पंचायत में हो रही विशेष ग्राम सभा की जानकारी दी गई। पंचायत सचिव को 15वीं वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं के अभिलेख को सही तरीके से संधारित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रकार के पंजी को पंचायत भवन में रखने की बात कहीं। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगे आम बागवानी का निरीक्षण कर पेड़ों जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेड़ की बेहतर देखभाल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर नुतन मिंज सहित बीपीओ एवं अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**महाबुआंग।** थाना परिसर में ए एस आइ रंधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में 26 फरवरी बुधवार दिन शांतिपूर्ण एवं सोहार्द पूर्ण वातावरण में महाशिवरात्रि पर्व मनाने एवं पुजा अराधना का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रखंड क्षेत्र में स्थापित शिव मंदिरों एवं होने वाले कार्यक्रमों के संदर्भ में प्रशासन द्वारा जानकारी ली गयी तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर थाना से सम्पर्क कर सुचना देने का निर्देश दिया गया। किसी भी प्रकार के अफवाहों में ध्यान नहीं देने की बात कही गई।सोशल मीडिया में आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट ना करें किसी प्रकार की जानकारी हो तो तुरंत थाना को सूचना दें।बैठक में सअनि रंजन तोपनो,लोरेंस बागे, चंद्रमोहन सिंह, दिगंबर सिंह, राजाराम ओहदर,शांति देवी,शंकर सिंह,दुर्गा बड़ाइक, राजु नाग,किशोर समद,सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान में विद्यालय प्रांगण में किया गया पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा के एन. सी. सी. विभाग के 15/46वीं एनसीसी बटालियन के 20 कैडेट ने “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में एक पौधा लगाया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान की शुरुआत की गई थी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। एसोसिएट एन. सी. सी. ऑफिसर विकास चन्द्र ने बताया कि एन. सी. सी. द्वारा यह “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक माह नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में एक पौधा एन. सी. सी. विभाग द्वारा लगाकर सभी बच्चों को ‘ग्लोबल वार्मिंग’ के प्रति जागरूक किया जाता है। इसके साथ ही इस अभियान के तहत एनसीसी कैडेट ने शपथ ली कि वे इस अभियान को आगे भी जारी रखेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय प्राचार्य का पूर्ण समर्थन मिला।

# मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का डीसी एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने जिले के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संत मेरीज़ विद्यालय सामटोली, उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय, राजकीय कृत मध्य विद्यालय सिमडेगा, घोचोटोली एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था सिमडेगा (डायट) का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे का जायजा लिया।उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों समेत परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों व शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया. उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही एग्जाम कंट्रोल रूम में केंद्र अधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट अलावे किसी को भी स्टाफ को मोबाइल नहीं रखने की बात कहीं। उपायुक्त महोदय ने केंद्र अधीक्षक से बच्चों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी लिए।

## बाल विकास विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बानो।** बाल विकास विद्यालय के प्रांगण में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन प्रधानाध्यापक भगवान पंडा एवं जगनारायण सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें शिक्षक,स्कूल प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों के बीच विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं निराकरण किया गया।जिसके तहत सत्र 2024 - 25 में बच्चों के प्रदर्शन पर चर्चा।विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा।विद्यालय के कार्य प्रणाली पर चर्चा।आगामी वार्षिक परीक्षा पर चर्चा। विद्यालय में बिजली कनेक्शन लेने पर सहमति तथा मासिक शुल्क बढ़ोतरी में सहमति बनी।आधार आईडी को जल्द से जल्द पूर्ण करने में हो रही असुविधा पर चर्चा किया गया।सभी बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ना। पठन - पठिन तथा अन्य कई मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई।

# बानो प्रखंड को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनाने की मुहिम हुई तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनाने की मुहिम तेज हो गयी है।बानो को अनुमंडल बनाओ महा हस्ताक्षर अभियान में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया सहित खुंटी जिला संयोजक प्रमुख सह 20 सूत्री क्रियान्वयन उपाध्यक्ष जुबैर खान,सिमडेगा जिला सचिव मोहम्मद शफीक खान,सेंट्रल कमिटि सदस्य फिरोज अली,मो शाहिद,बानो प्रखंड संयोजक प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना,संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन,अमित बडिंग,बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक,बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीर खान बानो स्थित बिरसा चौक में आयोजित महा हस्ताक्षर अभियान मे शामिल हुए।दुसरे दिन बानो को अनुमंडल बनाओ हस्ताक्षर महा अभियान की शुरुआत विधायक व अन्य झामुमो के पदाधिकारियो ने फीता काटकर किया।बारी-बारी से लोगों ने बानो को अनुमंडल बनाने के लिए हस्ताक्षर किया।हस्ताक्षर अभियान में सभी राजनीतिक दल,सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्था और ग्रामीणों ने दुसरे दिन भी भाग लिया। मौके पर विधायक ने कहा कि बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड को बनाने के हर संभव प्रयास किया जायेगा।सिमडेग से बानो की दूरी 60 किलोमीटर है तथा बानो प्रखंड 50 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है।यहां के ग्रामीणों को सिमडेगा आने-जाने में काफी परेशानी होती है तथा बानो में रेलवे का नेटवर्क है।बानो प्रखंड में दो थाना और एक ओपी है वहीं आरपीएफ और रेलवे का जीआरपीएफ थाना है।इसके अलावा शिक्षा में डिग्री कॉलेज,आईटीआई कॉलेज सभी प्रकार से बानो प्रखंड अनुमंडल व हुरदा प्रखंड बनने की अहर्ता रखता है बानो से हुरदा की दुरी पचास किलोमीटर हो जाती है।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के डुमरडीह में नवयुवक संघ डूमरडीह के तत्वाधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह समाज सेवी मुनेश्वर् तिर्की अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और समिति के सदस्यगणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कार्यक्रम में रांची के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सिंगर बाबू लाल नायक ने भक्ति वंदना के साथ किया। इसके बाद रांची से आए कलाकार सिंगर केशो देवी,सुहाना देवी,भरत सिंह ने गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं डांसर मिस नैना,निहारिका डांसर ने नागपुरी,हिंदी भोजपुरी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की वाहवाही लूटी।

# राज्य सरकार ननबैंकिंग में जमा पैसे के भुगतान के लिए गंभीर हो : विजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच कोलेबिरा के बैनर तले स्टेडियम के पास मेहनत के जमा पैसे भुगतान के लिए आंदोलन की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय सम्मेलन जसोन कंडुलना की अध्यक्षता में आयोजित की गई।सम्मेलन के मुख्य वक्ता झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सहारा इंडिया सहित अन्य सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान के लिए गंभीर हो नहीं तो आंदोलन के सिवाय दूसरा रास्ता हमारे पास नहीं बचता है। गरीब मजदूर किसान व मेहनतकश दुकानदारों के पैसे लेकर विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियां क्षेत्र से भाग गए और सरकार चुप्पी साधे बैठी है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।श्री सिंह ने 19 मार्च 2025 को आयोजित विधानसभा मार्च में सैकड़ो की संख्या में रांची आने की अपील लोगों से की है ।वहीं दल के केंद्रीय नेता नील जस्टिन बेक ने कहा कि डूबे हुए पैसे निकालने के लिए गांव-गांव में संगठित होने की जरूरत है तभी हमारा पैसा शुद् सहित मिलेगा। सम्मेलन में गांव से लेकर जिला में भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी करने, सिमडेगा में बजट सत्र के दौरान धरना कार्यक्रम करने तथा 19 मार्च 2025 को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । कार्यक्रम में नील जस्टिन बेक, शिवचंद मांझी, सुदीप प्रसाद, सुदर्शन कुमार, बसंत बरवा, शिवप्रसाद साहू, मनोज महतो, विनोद कुमार, शंकर ठाकुर, सुषमा केरकेट्टा, हेमा देवी, कमला देवी, सुनीता देवी के अलावे काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# सभागार में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड सभागार में जिला खेल पदाधिकारी के अध्यक्षता में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर विशेष बैठक आहूत की गई।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के पंचायत सचिव उपस्थित रहे।बैठक में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के रजिस्ट्रेशन एवं प्रखंड एवं गांव स्तर पर खेल के विकास हेतु खेल से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई एक महत्वाकांक्षी योजना है।जिसमें ग्राम स्तर पर सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लबों का गठन कर खेल, कला संस्कृति व पर्यटन को विकास एवं बढ़ावा देना हेतु सरकार के द्वारा एक बेहतरीन पहल है।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक राजस्व ग्राम में सिद्धू कान्हू युवा क्लब का रजिस्ट्रेशन करें। सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के कार्यालय संचालन हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 25000 रुपया राशि दी जाएगी।क्लब के गठन के उपरांत किसी भी खेल एवं कला संस्कृति के आयोजन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।आगे उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले के पांच राजस्व ग्राम के सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब को 25000 की राशि खाते में हस्तांतरण कर दी गई है।

# प्रभु येसु के मानव कल्याण का संदेशों को अपनाने की जरुरत: विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**




● दो धर्मबहनों के संत मेरिज प्रोविन्स आलुवा समाज में व्रतधारण पर हुआ प्रथम धन्यवादी ख्रीस्तयान

**सिमडेगा।** पंडरीपानी के करुणा भवन में संत मेरिज प्रोविन्स आलुवा समाज में सिस्टर नीतू कुजूर और सिस्टर एंजेल मेरी के व्रतधारण करने पर शनिवार को प्रथम धन्यवादी ख्रीस्तयान का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अनुष्ठाता के रुप में बिशप बिंसेंट बरवा उपस्थित थे। मौके बिशप ने मिस्सा बलिदान चढ़ाते हुए दोनों धर्मबहनों को बधाई एवं शुभकामाना दी। साथ ही दोनों धर्मबहनों को सेवा कार्य में सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। बिशप ने कहा कि दोनों धर्मबहनें समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। आज के दौर में धर्म बहन का जीवन जीना कठिन होने के बावजूद दोनों धर्मबहनों ने इस मार्ग को चुन का साहसिक कदम उठाया है। इधर विधायक भूषण बाड़ा भी कार्यक्रम स्थल पहुंच सिस्टर नीतू कुजूर और सिस्टर एंजेल मेरी को व्रतधारण करने पर दोनों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि आज से दोनों धर्महनों का जीवन मानव सेवा एवं ईश्वर की सेवा को समर्पित है। ईश्वर दोनों धर्मबहनों को समुची मानव जाति की सेवा करने की शक्ति दे। विधायक ने कहा कि दो धर्मबहनों के एक साथ व्रत धारण करने से प्रभु येसु का संदेश लोगों तक तेजी से फैलेगी। कलीसिया मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रभु येसु के मानव कल्याण का संदेशों को आज हम सभी को आत्मसात करने की जरुरत है। प्रभु येसु ने मानवता एवं प्रेम का पाठ पढ़ाया है। इसे अपना कर ही देश में खुशहाली और तरक्की संभव है। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## 100 क्षमता के गोदाम मार्केटिंग सेंटर का विधायक ने किया शिलान्यास

**बानो।** प्रखंड के पबुड़ा में समेकित सहकारिता परियोजना आइसीडीपी कोषांग के तहत 100 मैट्रिक क्षमता के गोदाम मार्केटिंग सेंटर का शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित थे।विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण और नारियल फोड़कर कर शिलान्यास किया।गांव के रूंगड़ू पाहन ने पूजा संपन्न कराया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मार्केटिंग सेंटर बनने से यहां के किसानों को लाभ मिलेगा।अधिक संख्या में अपने उत्पादों का किसान यहां संग्रहण कर सकेंगे।कोल्ड स्टोरेज बन जाने से पबुड़ा,रायकेरा,जमतई, गेनमेर सहित विभिन्न पंचायत के ग्रामीणौ को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर झामुमो खूंटी जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो सिमडेगा जिला सचिव शफीक खान, जिला परिषद सदस्य बानो बिरजो कंडुलना, मुखिया सोमवारी कैथवार, मुखिया कृपा हेमरोम,,सामुएल बुढ़,मुखिया आलोक बारला, मुखिया अनिल लुगुन, एसकरण लुगुन,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली,मोहम्मद शाहिद,झामुमो पूर्व कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,झामुमो संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन,के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें दो दर्जन भर से भी अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दल से जुड़े लोगों ने भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन संभाला।इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया,झामुमो खुंटी जिला संयोजक प्रमुख ज़ुबैर अहमद, सिमडेगा जिला संयोजक सदस्य मोहम्मद सफीक खान, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली,मोहम्मद शाहिद, झामुमो बानो संयोजक प्रमुख बिरजो कंडुलना,झामुमो संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन,अमित बडिंग ने नए झामुमो के सदस्यों का स्वागत माला पहनाकर व बुके देकर किया।विधायक ने झामुमो की सदस्य ग्रहण करने वाले सभी लोगों को बधाइ दी तथा कहा कि झामुमो को मजबुत बनाने के लिए सदस्यता अभिमान चलाया जा रहा है।आप सबों के आने से संगठन को और मजबुती मिलेगा आने वाले दिनों में बानो प्रखंड में झामुमो संगठन को और मजबुत बनाया जायेगा।झामुमो खुंटी जिला संयोजक प्रमुख ज़ुबैर अहमद,सिमडेगा झामुमो जिला संयोजक सदस्य मोहम्मद सफीक खान,बानो झामुमो संयोजक प्रमुख बिरजो कंडुलना,झामुमो संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन और अमित बडिंग ने भी विभिन्न दलों से झामुमो में आए सभी नए सदस्यों का झारखंड मुक्ति मोर्चा में स्वागत किया उन्होंने कहा कि मुखिया सोमवारी कैथवार,जगदीश बागे के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थामा है।जगदीश बागे ओल चर्चेस कमेटी के अध्यक्ष और कांग्रेस के निर्वतमान जिला महासचिव हैं।राजनीति का लंबा अनुभव है।झारखंड मुक्ति मोर्चा में आ आने से बानो संगठन को मजबूती मिलेगा आशा है आने वाले दिनों में हमारा संगठन और भी मजबूत होगा।जगदीश बागे ने उपस्थित सभी अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया। झामुमो का दामन थामने वालो में जगदीश बागे, सोमवारी कैथवार, दुलार बा,असीम सुरीन, प्रमोद लुगुन, जीवन मसीह जोजोवार, लेवनी सुरीन, असरिता भेंगरा, ग्लोरिया बारला, मनुएल डांग, तनवीर आलम, रेयड़ बडिंग, सोमरा तुरी, जीवन सुरिन, सुगड़ सुरिन, दयाल सुरिन, केवरा मुंडु, लार्डसन बारला,लक्षु समद, सिबिलन लोमगा, सुरजन तोपनो, अनिता बोदरा, आनंद मसीह तोपनो, भरत साहू आदि शामिल थे। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीर खान,अमित बडिंग, अनुज गुड़िया, अरमान तोपनो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

### ओड़िसा से रामगढ़ जा रही चावल लदी ट्रक में लगी आग

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जोराम घाटी में आज एक चावल लदी हुई ट्रक में आग लग गई।जानकारी के अनुसार ओड़िसा के संबलपुर से चावल लेकर एक ट्रक (CG04JD8574) ठेठईटांगर के रास्ते रामगढ़ की तरफ से जा रही थी। इसी क्रम में अम्बापानी रोड में जोराम घाटी के पास ट्रक का तेल पाइप लीक करने से आग लग गई। आग लगने के बाद ट्रक का ड्राइवर रुपेश भारती किसी तरह ट्रक कूद कर अपनी जान बचाई। लेकिन ट्रक को केबिन और इंजन धू धू कर जल गई। घटना के बाद पहुँची दमकल की गाड़ी ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक ट्रक के इंजन, केबिन और काफी मात्रा में लदे चावल जलकर बर्बाद हो गए।

### डीएवी स्कूल में स्थापित लीगल लिटरेसी क्लब का आज होगा उद्घाटन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा डीएवी स्कूल टुकूपानी में स्थापित लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन रविवार को किया जाएगा। क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद करेंगे। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि लीगल लिटरेसी क्लब में स्कूल के विद्यार्थियों को विधिक जानकारी प्रदान की जाएगी। बताया कि क्लब में प्रतिनियुक्त पीएलवी के द्वारा बच्चों को जानकारी दी जाएगी। डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा सहित कई न्यायिक पदाधिकारियों के अलावा चीफ एलएडीसीएस व स्कूल के शिक्षक और बच्चे भाग लेंगे।

### लोक अदालत में 32 मामलों का हुआ निपटारा

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर कुल 32 मामले निष्पादित हुए और 19 लाख 11 हजार 641 रुपए पर समझौता हुआ। मामलों के निष्पादन के लिए कुल तीन बेंचों का गठन किया गया था। बताया गया कि वैवाहिक संबंधित कुल 25 मामले रखे गए। जिसमें चार मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं चेक बाउंस से संबंधित कुल 102 मामले रखे गए थे। जिसमें दस मामलों का निष्पादन किया गया। बैंक संबंधित पांच में से दो मामले,17 समझौता योग्य अपराधिक मामलों में से 12 मामलों का निष्पादन किया गया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि विशेष लोक अदालत में विभिन्न श्रेणी के कुल 156 मामले रखे गए थे। इन मामलों के निष्पादन के लिए गठित बैंचों में न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं को प्रतिनियुक्त किया गया था।

### सरईजोर जंगल के नदी किनारे में घायल अवस्था में देखा गया जंगली हाथी

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोंछ पंचायत के सरईजोर गाँव के नदी किनारे घायल अवस्था में एक जंगली हांथी देखा गया है। ग्रामीणों के अनुसार विगत एक माह से एक जंगली हाथी का आगे का दाहिना पैर में तार फस जाने के कारण पैर में घाव हो गया है एवं पैर में पूरी तरह से पस से भर गया है। जिस कारण हाथी को चलने फिरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि हाथी के घायल होने कि सूचना वन विभाग को दे दिया गया है और वन विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र में गस्ती कर रहे हैं।वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसकी सूचना उच्च अधिकारी एवं प्रदेश स्तर तक पहुंचा दिया गया है।साथ ही दो व्यक्तियों को हाथी का देखभाल करने के लिए और समय पर खाना वगैरह पहुंचाने के लिए घरसा ग्राम में छोड़ दिया गया है ताकि समय पर दवाई और खाना हाथी को दिया सके।

### बानो प्रखंड में जंगली हाथियों का कहर जारी,घर को क्षतिग्रस्त कर एक व्यक्ति को किया घायल

**बानो।** प्रखंड के बेड़ाइरगी पंचायत अंतर्गत बिंजामरचा जराटोली में जंगली हाथियों के झुंड द्वारा एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलने पर वार्ड सदस्य संदीप समद पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि करीब 11 बजे दस -बारह की संख्या में जंगली हाथीयों का झुंड बिंजामरचा जराटोली गांव पहुंच गया तथा जंगली हाथी ने सुनील सुरिन के घर में रखे अनाज को खा गया।वहीं सुनील सुरीन को सिर में चोट भी आई।सुनील सुरीन ने बताया कि वो घर में सोया हुआ था तभी अचानक दीवार उसके शरीर में गिर गया जिसके कारण वो घायल हो गया।वार्ड सदस्य संदीप समद की मदद से घायल सुनील सुरीन का प्राथमिक उपचार कराया गया। इधर सुनील सुरीन ने वन विभाग से मुआवजा का मांग किया है।

### स्टेशन पर गिरे मोबाइल को मुखिया ने किया आरपीएफ के हवाले

**बानो।** प्रखण्ड के सोय पंचायत की मुखिया ने स्टेशन पर गिरे मोबाइल को आरपीएफ बानो को सुपुर्द किया।मिली जानकारी के अनुसार 19 फरवरी को बंगलौर हटिया एक्सप्रेस से महाबुवांग स्टेशन के समीप सोय मोखिया को एक मोबाइल गिरा हुआ मिला था।जिसे सोय पंचायत के मुखिया सोमारी कैथवार ने शनिवार को आरपीएफ थाना के अधिकारियों के पास जमा कर मोबाइल मालिक को सौंपने की बात कही।जिसके बाद आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि उक्त मोबाइल कमलेश महतो हटिया निवासी का है। मुखिया सोमारी कैथवार के सरहानीय कार्य पर आरपीएफ थाना बानो के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दिया।

### विधायक ने पीसीसी पथ निर्माण एवं शंख छठ घाट में कई निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हम विकास योजनाओं को धरातल में उतारने पर भरोसा करते हैं। योजनाएं तो सभी सरकारें निकालती है। लेकिन उस योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने, अंतिम पायदान में खड़े लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम हमारी महागठबंधन की सरकार कर रही है। विधायक शनिवार को सदर प्रखंड के सीटूटोली से चर्च तक बनने वाले 17 सौ फीट पीसीसी पथ व शंख नदी छठ घाट के पास शौचालय बेंच, डीप बरोरिंग, जल मीनार एवं रिवॉल्विंग गेट निर्माण कार्य का शिलान्याय कार्यक्रम में कही। शनिवार को विधायक ने गरजा पंचायत के कटुकोना के कमान पतरा से तीर्रा सीटूटोली से गिरजा घर तक 1700 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलापट्ट का अनावरण किया। वहीं शंख नदी छठ घाट के पास शौचालय बेंच, डीप बरोरिंग, जल मीनार एवं रिवॉल्विंग गेट निर्माण कार्य का भी विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार,विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, संजय तिर्की, प्रदीप कुजूर आदि ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, धूमधाम से निकलेगी शिव बारात

**ठेठईटाँगर।** थाना परिसर में अंचला अधिकारी कमलेश उरांव की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बैठक किया गया जिसमें महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम शांतिपूर्वक से मिलजुल कर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में छुरिया धाम, पंडरीपानी, मंदिर समितियो ने भाग लिया।ठेठईटाँगर थाना मुख्यालय में महाशिवरात्रि के मौके पर महारुद्राअभिषेक एवं बाजारटांड्ड से शिव मंदिर तक शिव बारात निकाली जाएगी एवं छुरिया धाम में अखंड हरी कीर्तन एवं रात्रि जागरण किया जाएगा।पंडरीपानी महाशिवरात्रि के मौके पर कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज नरेंद्र बड़ाईक अरुण कुमार मोहम्मद अलाउद्दीन मुखिया संगीता मिंज मोहम्मद वाहिद मनोज कुमार सिंह एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान सालगापोस में निश्चय शिविर का आयोजन

**ठेठईटांगर।** 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान के तहत रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सालगापोस में निश्चय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पोर्टेबल एक्सरे मशीन के द्वारा 134 टीबी के संभावित मरीजों का एक्सरे किया गया।इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रितेश, टी बी विभाग सिमडेगा के पीपीएम कॉर्डिनेटर अभिषेक जोसेफ तिर्की, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक बादल कुमार साहु, बीडीएम हिमांशु कुमार, एक्सरे टेक्नीशियन, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।यह शिविर यक्ष्मा उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किया गया था।

# 30 लाख रूपए मूल्य की अवैध शराब जब्त,12 लोग गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

22 फरवरी को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को अहले सुबह में गुप्त सूबना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के पीछे जंगली क्षेत्र में बने भवन में कुछ शराब माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर नकली शराव तैयार कर होली पर्व के अवसर पर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। इस गिरोह में बिहार के कुछ शराब माफिया स्थानीय लोगों को मिलाकर अवैध रूप से नकली शराब तैयार कर कई खेप भेज चुके है। तत्पश्चात सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के सदस्यों द्वारा गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के समीप स्थित रूपेश महतो के पक्का मकान में छापामारी की तो वहां रूपेश महतो एवं अन्य तीन युवक पकड़े गये । पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि जहानाबाद (बिहार) के रहने वाले व्यक्ति राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद द्वारा नकली शराब लाकर विभिन्न ब्रांड के बोतलों में भरकर उपर से स्टीकर, रैपर साट कर ढक्कन पर झारखण्ड सरकार लिखा हुआ सील एवं वारकोड लगाकर पैकिंग कर कई थैलों में भरकर दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में रखा गया है । जिसे एक-दो दिन में बिहार भेज दिया जायेगा। तत्पश्चात उपस्थित टीम के साथ पकड़ाये व्यक्तियों के बतायेनुसार दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में छापामारी किया गया तो उसके घर से विभिन्न ब्रांड 1. सिग्नेचर 2.8 पीएम के नकली शराब की बोतल जिसमें नकली शराब भरा हुआ पाया गया साथ हीं विभिन्न ब्रांड के शराब का स्टीकर, रैपर, सील एवं खाली बोतल दो बड़े कमरे में रॉ मेटेरियन पाया गया तथा तैयार नकली शराब जो कई थैलों में बंद पाया गया। जिसें टीम द्वारा जब्त किया गया है । साथ हीं रूपेश महतो के बतायेनुसार इस गिरोह के मुख्य सरगना राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद को रांची जिला के ओरमांझी थाना अन्तर्गत जतराटांड, ओएना से गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 22 फरवरी को प्रेस वार्ता में दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है तथा नकली शराब के परिवहन में प्रयोग किये जाने वाले कुल 03 वाहन, दो मोबाईल एवं 14 मोबाईल फोन, पानी का जार, सिन्टेक्स टंकी, शराब बनाने वाला स्प्रीट आदि को बरामद कर जब्त किया गया है। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।







## जब्त सामानों के विवरण

1-सिग्नेचर (750एमएल) शराब का भरा हुआ नकली शराब कुल 240 पीस, 2- 8 पीएम (180एमएल) शराब का भरा हुआ नकली शराब कुल 192 पीरा, 3. बिना रेपर लगा प्लास्टिक का बोतल में नकली शराब भरा हुआ 105 पेटी (कुल 1260 पीस), 4. नीला रंग का 40 लीटर के जार में भरा हुआ रप्रीट जैसा तरल पदार्थ, 5. ब्लेक हायना लिखा हुआ रेपर 11 बंडल। 6. क्लासिंक प्रीमियम लिखा हुआ रेपर 01 बंडल, 7. ब्लेंडर प्राइड लिखा हुआ रेपर 01 बंडल, 8.सिग्नेचर लिखा हुआ रेपर 01 बंडल, 9. झारखण्ड सरकार का लोगों लखा हुआ रेपर 01 बंडल, 10. दक्कन पर सील करने वाला रेपर 05 बंडल, 11. अलग-अलग ब्रांड का खाली बोतल 2000 पीस, 12. अलग-अलग ब्रांड का शराब का ढक्कन 1900 पीस, 13. ब्लू रंग का 20 लीटर वाला पानी का खाली जार 30 पीस, 14. दो सफेद रंग का 500-500 लीटर सिन्टेक्स पानी टंकी। 15. दो महिन्द्रा एक्सयूवी कार, 16. एक टाटा मैजिक माल वाहक वाहन।, 17. एक बुलेट मोटर साईकिल, 18. एक अपाची मोटर साईकिल, 19. कुल 14 एनडरोयड मोबाईल फोन।

## गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम

1. राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद उम्र 31 वर्ष पिता मोहन कुमार स्थायी पता-पुरूषोत्तम पुर थाना-घोंसी जिला-जहानाबाद (बिहार) वर्तमान पता आदर्श नगर, टाटी सिलवे थाना-टाटी सिलवे जिला-रांची, 2. रूपेश महतो उम्र-26 वर्ष पिता सुरेश महतो सा0-गंडके नियर राधा गोविंद यूनिवर्सिटी थाना$जिला-रामगढ़, 3. राकेश कुमार महतो उम्र-28 वर्ष पिता स्व0 भोला महतो सा0-बाजार टांड पारसोतिया थाना$जिला-रामगढ़, 4. गौरव कश्यप उम्र 22 वर्ष पिता-सुनिल शर्मा सा0 रामपुर थाना-देवकुंठ जिला-अरवल (बिहार), 5. रणविजय सिंह उम्र 32 वर्ष पिता-सतराजीत सिंह सा0-रांगाटांड, रेलवे कॉलोनी जिला-धनबाद, 6. निखिल कुमार उम्र 21 वर्ष पिता-नित्यानंद शर्मा सा0-बैगनी थाना-उलासगंज जिला-जहानाबाद (बिहार), 7. राज कुमार उम्र-29 वर्ष पिता-अरविंद कुमार सा0-बरियातु जोड़ा तलाब थाना-बरियातु जिला-रांची। 8. आर्दश सिंह उम्र करीब 23 वर्ष पिता गोपी रमण सा0-महावीर नगर, डुमरदगा बुटीमोड़ थाना-खेलगांव जिला-रांची। 9. प्रवीण महतो उम्र करीब 26 वर्ष पिता-विष्णु चरण महतो सा0-झाबरी थाना-सिल्ली जिला-रांची। 10. निठु नंदी उम्र 32 वर्ष पिता-नठु नंदी सा0-सुगना उत्तर पाड़ा थाना-कल्याणी जिला-नदिया (प0 बंगाल) 11. समरेश कुमार उम्र-19 वर्ष पिता महेश प्रसाद सा0-पकाड़िया बीघा थाना-हिलसा जिला-नालंदा (बिहार) 12. मनीष कुमार उम्र 23 वर्ष पिता मनोज बिंद सा0-पकाड़िया बीघा थाना-हिलसा जिला-नालंदा (विहार) आदि शामिल हैं।

धनवार में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित

# 56 दिव्यांग लाभार्थियों को उपकरण उपलब्ध कराए गए



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

धनवार प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं प्रखंड सभागार में शनिवार को एलिमको कंपनी द्वारा गेल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर के तहत दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व से चिन्हित 56 दिव्यांग लाभार्थियों के बीच बैट्री साइकिल, कान की मशीन, सीपी चेयर, बैसाखी, सामान्य साइकिल, व्हीलचेयर सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धनवार अंचलधिकारी, बीडीओ, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, उपप्रमुख,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर धनवार अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ गुलजार अंजुम ने कहा कि चिन्हित 56 दिव्यांग लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं दिव्यांगजनों को दिया गया है, जिनका पूर्व में चयन किया गया था।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

शुद्धि –पत्र

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 346671 Building (24-25)#D से प्रकाशित ई0 निविदा सख्या–21/2024–25 में वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि 04.03.2024 के जगह पर 04.03.2025 पढ़ा जाय। शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 346988 (Building)24-25*D


## अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर को वन विभाग ने किया जब्त



**गावां (गिरिडीह )।** शुक्रवार की रात गावां वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक लकड़ी लदे ट्रैक्टर को वन विभाग ने जब्त किया है। उक्त कार्रवाई लिखर नदी के पास की गई। फोरेस्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि ढिलुआ जंगल में गलत ढंग से सखुआ, सागवान, पियार के पेड़ की कटाई कर ईंट भट्ठे के लिए ट्रैक्टर के माध्यम से ले जाया जा रहा है। सूचना पर गावां थाना पुलिस के सहयोग से जांच की गई तो एक ट्रैक्टर के माध्यम से लगभग 25 हजार का लकड़ी ईट भट्टे में ले जाने की तैयारी थी जिस पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर समेत लकड़ी को जब्त कर गावां वन विभाग कार्यालय ले आया गया। फोरेस्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि ट्रेक्टर के चेचिस नम्बर के आधार पर वन विभाग की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान विभाग के सुधीर बेसरा, आलोक मोहन पांडेय, हीरालाल पंडित, जिलाजित कुमार, सुरेश महतो समेत कई कर्मी शामिल थे।

## बाराडीह पेयजल आपूर्ति दो सालों से बन्द, ग्रामीणों आज देंगे धरना

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बाराडीह में 33 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से बनी पानी टंकी पिछले दो वर्षों से बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने 13 फरवरी को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को आवेदन देकर जलापूर्ति शुरू करने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने 23 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का निर्णय लिया है। धरना स्थल की तैयारी के लिए जेसीबी से सफाई कराई गई है और टेंट लगा दिया।। आजसू नेता बबलू यादव ने चेतावनी दी है कि यदि जलापूर्ति जल्द शुरू नहीं होती है, तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। बाराडीह के ग्रामीणों ने 23 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का फैसला किया है। आजसू नेता बबलू यादव ने कहा है कि धरना सुबह 11 बजे से शुरू होगा और जब तक पेयजल आपूर्ति चालू नहीं हो जाती, तब तक जारी रहेगा। धरना स्थल की तैयारी के लिए टेंट लगाया जा रहा है और साफ-सफाई का काम भी हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं क्योंकि दो साल से पानी टंकी बंद पड़ी है, और कई बार शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ।

## भरकट्टा ओपी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, काटा चलान



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार खुद मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान भी काटा जा रहा है। ओपी प्रभारी ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, और जरूरी कागजात नहीं होने पर चालान किया जा रहा है। खास बात यह है कि चालान ऑनलाइन माध्यम से काटा जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**डुमरी।** पारसनाथ महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम कॉलेज उप प्राचार्य प्रो यशवंत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेफरल अस्पताल डुमरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार महतो उपस्थित हुए ।संचालन प्रो योगेश महतो विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग ने किया। कार्यक्रम को उप-प्राचार्य प्रो यशवंत सिन्हा शिक्षक प्रतिनिधि डॉ शशिभूषण ने सम्बोधित किया ।वहीं उपस्थित छात्र एवं छात्राओं से डॉ राजेश कुमार महतो ने अपने सम्बोधन में स्वस्थ रहने के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।मौके पर प्रो गुलाबचंद यादव,प्रो रीतलास वर्मा,प्रो संगीता कुमारी,प्रो डेगलाल महतो,प्रो विनोद कुमार अकेला,प्रो कुबेर प्रसाद,प्रो रजनी कुमारी,प्रो मधु जायसवाल,प्रो प्रियंका कुमारी,प्रो संगीता कुमारी शिक्षकेतर कर्मी मनीत कुमार,विनोद कुमार,शंभूनाथ पांडेय,तेजलाल महतो, हेमलाल महतो,सपना सिन्हा,मोनी जायसवाल,पंकज प्रीतम बीटीटी मानिकचंद महतो आदि उपस्थिति थे।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 154 बटालियन ने वस्तुओं का किया वितरण

# लोगों का विश्वास कायम करना ही मकसद है : साकेत

**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**



भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत पीरटांड अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत खुखरा थाना के आदिवासी बहुल गांव नावाडीह में शनिवार को सीआरपीएफ की 154 बटालियन द्वारा खेल सामग्री एवं विभिन्न जीवन उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया ।जिसमें सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक साकेत सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालनिक रेन्ज बोकारो) ब्रजेश सिंह एवं कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी के निर्देशन में सीआरपीएफ की ए/154 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन कैंप एवं निःशुल्क चिकित्सा हेतु मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नावाडीह, पर्वतपुर, पाण्डेयडीह, बेलाटांड, कुरवॉ, असुराडीह, विकटपुर और बाघमारी गांवों के ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे। मौके पर स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे ।निःशुल्क वितरण शिविर के संबंध में सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी द्वारा बताया गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जो गांव के सामान्य नागरिक हैं उनके साथ सुरक्षा बलों का संबंध और प्रगाढ़ हो, इसके लिए सीआरपीएफ व पुलिस का इन क्षेत्र वासियों के साथ एक प्रभावी संबंध स्थापित करने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में खेल का सामान क्रिकेट बैट,फुटबॉल सेट, वॉलीबॉल सेट, सोलर लालटेन, कंबल साथ ही घरेलू आवश्यकता के सामान स्कूल बैग पेंसिल इत्यादि का वितरण किया। इस दौरान सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, सीएच थोम्बा सिंह सहायक कमाण्डेट, चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्ष झा, ए/154 बटालियन के समवाय अधिकारी निरी/ जीडी बी.रामबाबु एवं 154 बटालियन और गिरिडीह पुलिस सहित सभी बल उपस्थित थे। वही मेडिकल कैम्प के डॉ हर्ष झा ने बताया कि लोगों का समान्य बीमारियों का इलाज हम कर रहे हैं एवं गंभीर बीमारियों के मरीजों को उन्हें उचित परामर्श दिया जा रहा है। सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी ने मीडिया से अनुरोध किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाने में सहयोग करें और पुलिस प्रशासन को अपना परिवार समझे जिससे ईलाके मे शांति स्थापित हो सके। इस कार्य कम से ग्रामीणो तथा स्कूली बच्चो मे काफी उत्साह देखा गया।

## कसमार में 500 एमटी क्षमता के पैक्स गोदाम का शिलान्यास

**बोकारो।** कसमार प्रखंड की दुगार्पुर पंचायत के बूटीटांड़ में 500 एमटी क्षमता का पैक्स गोदाम बनेगा. कृषि विभाग की ओर से बनने वाले इस पैक्स गोदाम व मार्केटिंग सेंटर का शिलान्यास शनिवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद की पत्नी बबीता देवी, प्रखंड प्रमुख नियोति डे व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम व ने शिलान्यास किया.

## सड़क दुर्घटना में घायल सीनियर स्टेशन मास्टर की अस्पताल में मौत

**गाविन्दपुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल गोविंदपुर मास्टर कॉलोनी निवासी प्रफुल्ल ओझा (57 वर्ष) की विगत शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. उनका इलाज कोलकाता के अस्पताल में चल रहा था. वह डीआरएम कार्यालय, धनबाद में सीनियर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत थे. मिली जानकारी के अनुसार, प्रफुल्ल ओझा पिछले एक फरवरी को अपने परिवार के साथ देवघर बाबा मंदिर में पूजाकर कार से गोविंदपुर लौट रहे थे. रास्ते में साहिबगंज- गोविंदपुर मुख्य सड़क पर पालोबेड़ा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी थी.

चाकुलिया में मॉब लिंचिंग

# ग्रामीणों ने बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में मॉब लिंचिंग की घटना सामने आयी है. यहां ग्रामीणों ने बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला यह घटना शुक्रवार रात दो बजे की बतायी जा रही है. युवकों की पहचान कुशक बेहरा और भोलानाथ महतो के रूप में हुई है. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है. पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की जांच में जुटी हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि दो युवक बकरी चोरी करने गांव में घुसे थे. दोनों दो बकरियां चुराकर भाग रहे थे. एक बकरी के गले में घंटी बंधी होने के कारण उसके मालिक हरगोविंद की नींद खुल गयी. उसने चोरों को पकड़ लिया. इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी. एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गयी. जबकि दूसरा युवक भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गया.

# कार से 60 लीटर स्प्रिट व शराब निर्माण सामग्री जब्त, युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को एक वैगन आर कार से भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट, अंग्रेजी शराब की बोतलों के कार्क व अन्य सामग्री जब्त की है. टीम ने कार से यह सामग्री ले जा रहे युवक विक्रांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. उत्पाद विभाग के एएसआई जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर-टुंडी रोड के पास टीम ने कार को रोककर तलाशी ली. कार से 60 लीटर स्प्रिट, शराब की बोतल के 2000 कार्क (ढक्कन) व शराब बनाने की अन्य सामग्री बरामद की गई. कार पर प्रेस लिखा हुआ था. एएसआई ने बताया कि पकड़े गए युवक ने पूछताछ में बताया कि उसका प्रेस से कोई लेना-देना नहीं है. बल्कि पुलिस से बचने के लिए उसने गाड़ी पर प्रेस लिखवा दिया था. युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया.


कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –NREP/HAZARIBAG/17/2024-25
दिनांक 21.02.2025
मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 28.02.2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से 08.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 10.03.2025 को अपराह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com
निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सदर | शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेष सेन्टर, मण्डईकला का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8448900.00 | 10000.00 | 169000.00 | नौ माह | प्रथम |
| 2 | सदर | शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेष सेन्टर, खिरगॉव का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8448900.00 | 10000.00 | 169000.00 | नौ माह | प्रथम |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0–2146(S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित की योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभागं/ ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :–
केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 347004 Rural Development(24-25)#D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –24 वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक: 28.02.2025 को अपराहृण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक: 01.03.2025 को अपराहृण 3.00बजेतक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक: 01.03.2025 को अपराहृण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान:- 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, खूँटी।
2.अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का सीन:- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R in DC Residence building at khunti, Dist - khunti for the year 2024-25. | 1,11,400.00 | 500.00 | 2,300.00 | 05 दिन |
| 2. | Repairing & Maintenance of Officer's quarter no. D-5 at khunti , Dist -Khunti. | 2,47,300.00 | 500.00 | 5,000.00 | 07 दिन |
| 3. | Repairing & Maintenance of Quarter No. A-1 (ADJ-2) of District Court khunti, Dist- Khunti. | 2,48,650.00 | 500.00 | 5,000.00 | 07 दिन |
| 4. | Repairing of Quarter of Additional Collector at khunti, Dist- Khunti. | 2,46,950.00 | 500.00 | 5,000.00 | 07 दिन |
| 5. | E/R of D type Quarter, Quarter no. D-2(Ground Floor) at khunti, Dist- Khunti. | 2,49,520.00 | 500.00 | 5,000.00 | 07 दिन |
| 6. | Providing of Aluminium partion wall in court room District Court khunti, Dist - Khunti. | 1,97,400.00 | 500.00 | 4,000.00 | 03 दिन |
| 7. | Raising of Gate no. 4, Fixing of small gate in new 4 Quarter & Colouring of Street light poll in Court Campus khunti, Dist- khunti. | 1,84,500.00 | 500.00 | 3,700.00 | 03 दिन |
| 8. | Construction of Temporary Shed at District Court khunti, Dist- Khunti for the year 2024-25. | 2,16,200.00 | 500.00 | 4,400.00 | 07 दिन |
| 9. | Construction of Police Morcha at District Court Campus khunti, Dist- Khunti for the year 2024-25. | 2,49,350.00 | 500.00 | 5,000.00 | 07 दिन |
| 10. | Construction of Partition wall in Basement of Collectorate Building (Strong Room) at khunti, Dist- Khunti for the year 23-24. | 85,550.00 | 500.00 | 1,800.00 | 03 दिन |

नोट:- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.346987 Building(24-25):D

# वेब सीरीज.....नेमा का बदलता रूप

मनोरंजन के अनेक साधनों में सिनेमा बहुत समृद्ध और खर्चीला साधन बनकर आया। बड़े-बड़े सिनेमा घरो में बड़े परदों पर बड़े कलात्मक तरह से साऊंड, लाईट, सेट, ड्रेस, मेकप, म्युजिक आदी तामझाम के साथ कलाकार और किरदारों को अमली जामा पहनाती फिल्मों ने कला में अपना एक मुकाम बना लिया। बड़े-बड़े कलाकार जिन्हे हीरो हिरोईन सुपर स्टार का खिताब मिला और जनता को मिला मन बहलाने का साधन के रूप में जिंदगी का वह सुखद क्षण जिसकी ख्वाबों में भी कल्पना नही की जा सकती है। मन के अंदर की कल्पना को सकार रूप फिल्मों ने दिया। हमने सलीम और अनारकली के प्रेम और प्रेम का परिणाम को 'मुगलेआजम' के माध्यम से साकार होता देखा। जहाँ ड्रीम गर्ल की कल्पना को सिनेमा के माध्यम ने साकार किया , वहाँ गब्बर सिंह के किरदार को दिखाना और चंबल की वास्तविकता को सभी से अवगत कराने का काम फिल्म ने किया। इन फिल्मों ने तहलका ही नही मचाया बल्कि गहरी सच्चाई से भी हमे अवगत कराया। धीरे -धीरे यह मनोरंजन का साधन नाच गानों और अशलीलता की हदों को पार करता गया और आज के समय में गोलमाल 1/2/3 और हाऊसफुल जैसी फिलमों पर आकर सिमट गया है। समय हमेशा एक सा नही रहता है, टेलिविजन क्रांति के बाद हिंदी सीरियलो के शानदार युग की शुरुआत ने आज एक उँचा मुकाम बना लिया है। यद्यपि इसमें भी फैशन और फैंटेसी नें घुसकर इसको गहरी क्षति पहुँचाई है। बिना सर पैर के सीरियलों की भीड़ लगी है जहाँ सजी सँवरी महिलाएँ षडयंत्र करती और षडयंत्र सहती दिखाई देती हैं वहीं पुरुष वर्ग चाय खाने की टेबल पर ही दिखता है। खैर आज के समय में फिल्मों यानी बड़े पर्दे की लोकप्रियता घटती जा रही है वहीं टेलिविजन और वेब सीरीज का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। बड़ी- बड़ी गहरे तथ्यों पर वेब सीरीज देख मन कौतुहल से बढ़ उठता है। हॉट स्टार /जिओ सिनेमा /नेटफिलिक्स/ऐमाजॉनप्राईम पर कई वेब सीरीज जीसमे मिर्जापुर, द फैमली मैन, स्कैम 1999 तहलका मचा चुकी है। कुछ साल पहले देखी अनिल कपूर की '24' और एअर स्ट्राइक पर बनी 'राणनीती' और अभी हाल में चलरही 'पताललोक' बेहतरीन तथ्यों को सामने रखा है। इसमे कलाकारों को खुलकर कर काम करने का मौका मिला है । कुछ फिल्म जो की ott पर रिलिज हो रहीं है वह भी बढ़िया है वैसे कचरा हर जगह है पर यदि आप सही हो तो चुनाव अच्छा ही रहेगा। देखिये कुछ फिल्म जिओं सिनेमा पर ... मैरी/डिस्पैच/मिसेज/हिसाब बराबर/अकेली और भी कई फिल्मे । भले यह करोड़ो कमा नही पा रहीं है पर करोड़ो लोगो के दिल में जगह बना रही है। समय के लाथ चलना और समय के साथ बदलने की अनुवांशिकी को सरवाईवल थ्योरी कहते है। इस दौर से गुजरता छोटा बड़ा या बड़ा छोटा परदा कई उतार चढ़ाव से गुजरता हमारे बीच हर तरह की समाग्री ले कर खड़ा है ।अपनी इच्छानुसार हम इसका चुनाव कर सकते है।



मनीषा सहाय सुमन

# जहाँ सीता जी का अपहरण हुआ था



अनिता रश्मि



## यात्रा वृत्त

शूर्पणखा की नाक काटकर गोदावरी नदी के उस पार फेंक दी गई थी। बाईं तरफ फेंकी गई नाक के कारण वह स्थान नासिक कहलाया, नदी के इस पार को पंचवटी।

पंचवटी नामकरण के पीछे भी राम के वन गमन से जुड़ी पौराणिक कथा है। बहचर्चित, बहुश्रुत!

खर-दूषण ने आक्रमण किया, तब राम-लक्ष्मण ने कोमलांगी सीता को गुफा में छुपाकर सामने पाँच ऋषि को खड़ा कर दिया। उनके रक्षार्थ खड़े पाँचों ऋषि वटवृक्ष बन गए। तभी इस स्थान का नाम पंचवटी पड़ा।

गोदावरी नदी में दो और नदियाँ अरुणा, वरुणा मिलती हैं। उनके तीव्र धारवाले संगम स्थल पर हम खड़े थे। पीछे पंचवटी, सामने का तट नासिक! इसी त्रिवेणी पर कुंभ मेला लगता है। हम पंचवटी में सीता-राम, लक्ष्मण जिन जगहों पर गए थे, उसका दर्शन करने आए थे। हमें टेम्पोवाले के हवाले कर हमारा ड्राइवर एक ओर गाड़ी खड़ी कर इत्मीनान से बैठ गया। आगे का सफर उसी टेम्पो से होना था।

नदी के तट पर एक-दो महिलाएँ दोने में फूल, दीपक लेकर भक्तों की प्रतीक्षा में थीं। हम एक-दो दोने थामकर, जल को माथे से लगाकर, दीप जलाकर, पुष्पों से सुगंधित दोने गोदावरी नदी प्रवाहित कर दिए।

वहाँ श्वेत धोतीधारी काफी लोग बैठे थे। सबके सर घुटे।श्राद्धकर्म चल रहा था। हम उस पुण्य सलिला को प्रणाम कर ठीक उसके सामने बने कपालेश्वर मंदिर की ओर बढ़े। काफी सीढ़ियों को चढ़ने के बाद उनका मंदिर था।

यहाँ पर महादेव बिना नंदी के थे। नंदीविहीन कपालेश्वर मंदिर की कथा है, पहले ब्रह्मा के पाँच मुख थे। एक मुख से वे सदा विष्णु, शिव की निंदा करते थे। नाराज होकर महादेव ने उनका एक कपाल काट दिया। अब वे कपालेश्वर कहाने लगे।

पहले नंदी ने उन्हें बहुत समझाया, "सामने गोदावरी नदी में स्नान करने से ब्रह्म हत्या का पाप कटेगा।"

कई जगहों से घूमकर लौटने पर भी अशांति अनुभव करनेवाले शंकर भगवान को तप से भी आराम नहीं मिला। नंदी ने एक गुरु की तरह उन्हें रास्ता दिखलाया। उन्हें शांति मिली और तप में मन लगने लगा।

अब शंकर जी ने नंदी को सेवक मानने से इंकार कर दिया। अतः कपालेश्वर में नंदी उनके सेवक रूप में आगे नहीं रहते। यह अकेला शिवालय है, जहाँ नंदी नदारद।

हमलोग यहाँ पूजन के पश्चात् संकरे सीता गुफा में धीरे-धीरे अंदर गए। गुफा में प्रकाश की भी व्यवस्था थी। अंदर आने-जाने की उत्तम व्यवस्था। पास में पर्ण कुटी थी। वहीं तीनों ने वनवास पूरा किया था। 14 वर्षों के वनवास के ये ही चिन्ह वहाँ रह गए हैं।

सब कुछ अब आधुनिक ढंग से सजा-बसा है। वन का आभास नहीं होता। सड़कें, मंदिर सब बन गए हैं।

यहाँ हम सबने 'गोरे राम पर्णकुटी' देखी। पर्ण कुटिया की जगह अब संगमरमर का मंदिर है। हाँ! बगल में ही पर्ण कुटी के नाम पर एक कुटिया है। अंदर सीता माता की प्रतिमा। संगमरमर की कुटिया होने के कारण ही इसका नाम गोरेराम पड़ा यहाँ पग-पग पर राम कथा का आस्वादन मिलेगा।

बगल में 'काले राम' का मंदिर काले पत्थर का, मूर्ति भी काली। विशाल प्रांगणवाले मंदिर में कई भक्त चहलकदमी कर रहे थे। हर मौसम में प्रथम किरण सर्वप्रथम इसी मंदिर के पीछे बने झरोखे से आती है। इस तरह से बनाया गया है कि सवेरा होते ही सूर्य की किरण झरोखे से झाँकेगी ही। प्रसादवाले दुकान सजाए बैठे थे। थोड़ी देर वहाँ रहकर हम वापस। सामने एक और मंदिर था।

काट्या मारुति 11 फीट ऊँची हनुमान की मूर्ति है। बबूल के पेड़ के नीचे मूर्ति पांडवों को मिली थी। काट्या मतलब काँटा होता है। भखरा (नारंगी) सिंदूर में लिपटे पवनसुत जीवंत। कई लोग मन्नत माँग रहे थे। वहाँ मन्नत जरूर पूरी होती है।

लक्ष्मण के शेषनाग अवतार का एकमात्र मंदिर है 'लक्ष्मण शेषनाग मंदिर'। यहाँ एक तरफ शूर्पणखा की नाक काटते हुए लक्ष्मण की मूर्ति थी। उस समय मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहा था।

सामने चट्टानों के बीच सूखी धरती। नहीं! यह सूखी धरा नहीं, यह तो कपिला नदी थी। मई की गर्मी में गायब। कपिला के तट पर कपिल मुनि तप में लीन रहते थे। तप-स्थली में मुनि तप में लीन हैं, अब भी।...जीवित प्राणी के रूप में नहीं, एक मूर्ति के रूप में। नदी में जानकी स्नान करती थीं। पास में सीता जी ने अग्नि में प्रवेश किया था।

चौदह साल उन लोगों ने कैसे बिताए होंगे? ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर चलते हुए, 14 वर्षीय वनवास भयानक वन्यप्राणियों के बीच, कंद-मूल खाना... राजसी, कोमलगात लोग कैसे रह पाए? खासकर सीता जी।

राम-लक्ष्मण गुरुकुल में रहते-रहते अभ्यस्त होंगे। पर सीता जी? वैदेही किस तरह रह पाई होंगी, यही सब सोचते हुए हम वहाँ से विदा लेकर आगे चल पड़े। जीवन की यात्रा में जैसे कई पड़ाव आते हैं और मनुष्य कहीं रुकता नहीं मंजिल से पहले, उसी तरह हम भी पड़ाव पाकर थोड़ा उत्फुल्ल हो उठे और मंजिल की ओर बढ़े। हमारी मंजिल थी मुंबई।

# महाकुंभ संस्मरण

यह एक ऐसी यात्रा है जो सीधे मन से जुड़ी हुई है। यात्रा हुई नहीं लेकिन हुई। लेकिन कब कहाँ कैसे? आप सब जानेंगे। मेरे साथ बने रहिए। अचानक एक दिन मेरी मंजू दी का फोन आया। प्रतिभा जी महाकुंभ स्नान चलना है। स्वदेशी मंच से हम सब बस से जाएंगे। आपके लिए रुपया मैंने जमा कर दिया है। यह चर्चा तीन जनवरी को हुई थी । मैंने कहा कि सत्रह जनवरी को मैंने अपने बाँयी आँख के ऑपरेशन का डेट लिया है। बातचीत में यह तय हुआ कि मैं लौटकर ऑपरेशन करवाऊँ। और चलने को तैयार रहूँ। बारह जनवरी को तुलसी भवन का वनभोज था और मैं जानें की तैयारी में थी कि मेरे तीसरे वाले भाई के निधन की सूचना मिली। अब मेरा मुजफ्फरपुर जाना तय हो गया। लेकिन ईश्वर कुछ और रच रहा था। मेरा बीपीण् अचानक बढ़ गया और मैं श्राद्ध कर्म में मायके नहीं जा सकी। मैंने सोचा अब बीपी कंट्रोल है तो प्रयागराज ही चले जाते हैं। अतः ऑपरेशन को कुछ दिनों के लिए टाल दिया। इस बीच मंजू दी के पिता जी गंभीर बीमार हो गए और मंजू अपने मायके चली गईं। अब यहाँ पर एक गेम हो गया। वो जमशेदपुर पहुँचकर भी हमें यह बतातीं रहीं की वो अभी अपने मायके में ही हैं। मैं भोली अकल की खोली उनकी बात सच मानती रही। अचानक सोलह फरवरी को फेसबुक पर एक पोस्ट देखकर मैं चौंक गई। मंजू दी महाकुंभ का बैनर पकड़ कर बस के सामने खड़ी हैं। मुझे धक्क सा लगा। जब मेरे साथ जाना नहीं था तो...? यह ढोंग क्यूँ। मैंने तो जाने की इच्छा भी जाहिर नहीं की थी। लेकिन उनके आग्रह से मन में आशा ने जन्म ले लिया था। अर्ध कुंभ और पूर्ण कुंभ की मधुर यादें तरोताजा हो गई थी। हमें यात्रा से बहुत डर लगता हैं। इसलिए जब तक बहुत जरूरी न हो तो कार्यक्रम नहीं बनाते हैं । या कोई विशेष दबाव न हो तो मैं जाती ही नहीं। कोशिश यह करते हैं कि अर्थ से और श्रम में किसी की मदद न लेनी पड़े। किसी पर भार की तरह न जाएँ। लेकिन फिर भी मुझसे कोई न कोई भूल हो ही जाती है या कुछ चीजें मैं भूल भी जातीं हूँ। तो गड़बड़ हो जाना स्वाभाविक है। यह सब सोचते-सोचते कि आखिर क्यों मैं ही टारगेट होती हूँ। रात में एक तीस में मेरा बीपी बढ़ गया और पेशाब रूक गया। बुंद-बुंद बहुत दर्द सा होने लगा। डेढ़ बजे से दस ग्यारह बजे सुबह तक बेहद तकलीफ बेचैनी में निकले। बेटे ने कहा अस्पताल में भर्ती हो जाओ लेकिन मैं नहीं गई। होम्योपैथी दवा खाकर थोड़ा सुधार हुआ। दर्द कम हुआ। फिर डॉ आशा गुप्ता से फोन पर दवा का नाम लिखवाकर मंगवाई। मेरा बेटा दो बजे दवा लाकर दिया। उससे खुलकर पेशाब उतरा और बड़ी राहत महसूस हुई। इस दर्द भागम भाग में महाकुंभ ध्यान में ही नहीं रहा। जब थोड़ी राहत हुई तो त्रिवेणी संगम स्नान न कर पाने का दर्द उभर आया। लेकिन पिता जी के कहे शब्द कानों में गूंजने लगी। जो होता है अच्छे के लिए ही होता है। आशा दी की दवा से मुझे बहुत आराम मिला था और मुझे गहरी नींद आ गई। नींद में मैंने श्रीराम को देखा वे कह रहे थे तुम्हें मुझ पर विश्वास है न। फिर चिंता छोड़ो और सो जाओ। नींद में मैं अपने बच्चों का नाम ले ले कर सभी के नाम के लिए पाँच-पाँच डुबकी लगा रही थी। मन में एक बात आई कि जरुर कोई ऐसी बात होगी कि मंजू दी ने मुझे ले जाना उचित नहीं समझा। मुझे धैर्य रखना चाहिए। कोई नाकारात्मक विचार मन में नहीं लाना है। जो व्यक्ति मुझे सारे तीर्थ करवाएँ हैं उनके प्रति तो मन में श्रद्धा होनी चाहिए। इस बार प्रभु का बुलावा नहीं था। सो नहीं था लेकिन यह ईश्वर की मर्जी जरूर थी। यदि रास्ते में बस जब जाम में फंसा हो तब या पैदल चलते वक्त मेरी तबीयत ऐसे ही खराब हो जाती तो मंजू दी क्या करतीं? प्रभु ने इसीलिए मंजू दी की परिस्थितियों को प्रतिकूल कर दिया। यह हरि इच्छा से हुआ है फिर मंजू दी से नाराजगी कैसी? अब मन बहुत प्रसन्न हुआ। लगा स्वयं माता गंगा मेरे अंतस में प्रवेश कर गईं हैं और मेरे मन की कलुशता को धो दिया है। मन का शुद्धिकरण ही मन का मोक्ष है। सो मुझे लगा मैं महाकुंभ स्नान कर आई। यह था मेरा महाकुंभ स्नान और मेरा संस्मरण।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

# हे वीणा वादिनी !

अज्ञान-तम का अंत करोए
चेतना में नव प्रभात भरो।
ज्ञान-दीप की बाती बनकर,
शब्दों में उजियारा भरो।
वीणा के तारों में
रागनाद,
गूँजे सुरों में मधुमय
संवाद।
लेखनी बरसे अमृत
धार, जगे सृजन का
दिव्य उन्माद।
हे वीणावादिनि! दे
वरदान,
तेरे स्वर से गूंजे जहान।
सद्भाव बहे, सत्कर्म बढ़े,
शब्द-साधना रहे महान।
अक्षर-अक्षर दीप जले,
विचारों की ज्योति पले।
संस्कृति की वीणा झंकारे,
रचनाओं में तेज पले।



चारुमित्रा

# भाभी

भाई की शादी से नन्ही आस्था बेहद खुश थी। सभी कह रहे थे कि भाभी के आने से बिन माँ की आस्था को माँ जैसा प्यार मिलेगा और उसके नन्हे कंधे पर से घर के कामों का भी बोझ कम हो जाएगा। माँ की मृत्यु के पश्चात घर के अधिकतर कामों की जिम्मेदारी उस पर ही आ गई थी। 12 साल की उम्र में वह बेहद समझदार एवं जिम्मेदार लड़की बन गई थी। उसकी उम्र के बच्चे खेलकूद में मस्त रहते थे और वह घर के कामों में उलझी रहती थी। उसकी भी इच्छा होती थी कि वह भी उनके साथ खेलेए पर वह खेल नहीं पाती थी। सुबह नाश्ता एखाना बना कर एअपना और अपने भैया का टिफिन पैक करके, वह स्कूल भागती थी। लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद भी वह समय पर स्कूल नहीं पहुँच पाती और रोज उसे अपनी टीचर से डांट मिलती थी। भाई की शादी के बाद सभी कह रहे थे कि अब तो आस्था के मजे ही मजे हैं। अब उसे खाना नहीं बनाना पड़ेगा। उसे तो अपना टिफिन भी पैक मिलेगा। अब वह रोज स्कूल समय पर जा पाएगी। सुबह-सुबह वो आँगन में बैठी यह सब सोच सोच कर मुस्कुरा रही थी। तभी भैया आए और उससे चाय बनाने को कहा, 'भाभी कहाँ है... वह पूछ बैठी। अभी वह सो रही है। आस्था जल्दी से दो कप चाय बना कर ले आई। भाभी सो रही थी इसलिए उसने उनके लिए चाय नहीं बनाई। भाई ने दोनों कप को उठाते हुए कहा, 'मैं दोनों कप ले जा रहा हूँ। तेरी भाभी को बिना बेड टी की आँखें नहीं खुलती। अब से चाय तीन कप बनाया करो।' आस्था आँख फाड़े भाई को देख रही थी।



रंजना वर्मा उन्मुक्त

# सच्चे रिश्ते

जीवन में सुख-दुख का तो रहता आना जाना।
कभी हंस कर कभी रुला कर बन जाता बेगाना।।
सुख की लम्हों में कब किसको किसने कितना जाना।
दुख का हर एक लम्हा करता तुमको सदा सियाना।।
यूँ बातों में प्यारे सबके कभी नहीं तुम आना।
लोगों का क्या इनका तो है मकसद बस उलझना।।
कभी शिखर पर जो पहुंचे तो पांव जरा जमाना।
जग को करके यहां बहुत कुछ है तुमको दिखलाना।।
साथ वही रहता है हर पल जो होता है अपना।
मिलना सबसे दिल पर यारों उससे यहाँ लगाना।।
संकट में जो साथ न छोड़े अपना उसे बनाना।
वक्त हो कैसा भी जीवन में उसको नहीं गवाना।।
मिलते सच्चे रिश्ते कम है बात ये जिसने जाना।
नहीं वो बनता कदम.कदम पर सबका यहाँ दीवाना।।



पूनम शर्मा स्नेहिल

## काव्य कोना

# व्यथा और कान्हा

दर्द,व्यथा, क्षोभ, शोक
कुरेद-कुरेद सहलाते सँवारते
न भूलते, न याद करते
समय पटल पर दाग को घाव बनाते
स्वयं को स्वयं से धोखा देते
अंतर के अंतर को बिसराते
न जाने क्या हासिल करते?
दर्द,व्यथा, क्षोभ, शोक
स्मरण दिलाता कृष्ण और कर्ण का
अपना-अपना संघर्ष, अपने-अपने दर्द संग
यादों को अपना संबल बना बढ़ते चले दोनों
एक ने रस की धार बहाई, दुनिया को
नई रीत सिखाई
दूसरा धधकता रहा अपनी व्यथा की अग्नि में
कान्हा विवेक का अभिप्राय बने
कर्ण विवेक समझकर भी दूर होता गया
अनायास असमंजस का क्षण था
अंगराज ने कान्हा से कह बैठा
शायद व्यथा हमारी कुछ तो समान थी
केशव मुस्कुराये, मुस्कुरा कर कहा
मैं ने यादों को अपना संबल बनाया
विवेक , प्यार और सद्भाव की राह दिखलाई
रणनीति और कुटनीति को नया आयाम दिया
और केशव ने फिर अपना मन
बनाया, संकल्प लिया
दानवीरता तुम्हारी व्यर्थ नहीं होने दूँगा
दर्द,व्यथा, क्षोभ, शोक विलय हो जायगा
मिलेगी वासुसेन सद्गति तुम्हें
अंत्येष्टि होगी मेरे हाथों तुम्हारी।

नाग मणि

# स्वान की खोज में भीड़ तंत्र



रंदी सत्यनारायण राव



## व्यंग्य

आल सुबह मेरे मोहल्ले में कोहराम मच गया , कोई कह रहा था – 'अरे कहाँ से कुत्तों को मांस मिल गया ...?' कोई कह रहा था –'बाहर खेल रहे एक बच्चे को नोंच खाया ...!' कोई कह रहा था- 'वह हरिजन का बच्चा है...!' और फ़िर सब उस ओर दौड़ पड़े। जहां यह दुर्घटना घटी। थोड़ी ही देर में पत्थरों और लाठियों के बरसने की आवाजें आने लगीं- तड़ाक ..धडाम , फ़िर कुत्तों की भोऊ भोऊ और कूँ कूँ...! ऐसे में मैं भी अपने को संयत नहीं रख सका, माजरा जानने के लिए उस ओर बढा तो देखा, लोग कुत्तों को मार कर भगा चुके हैं। सामने एक तीन साल का बच्चा दर्द से तड़प रहा है उसके शरीर के अंग नोंचे जा चुके हैं, बड़ा ही हृदय विदारक दृश्य था, वह पास का ही बच्चा था, उसके घर वाले उसे अस्पताल ले गए, डाक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। उसके माता – पिता के होश उड़ गए। वे अर्द्ध विक्षिप्त हो, वहीं गिर पड़े, अब जितने मुंह उतनी बातें आरम्भ हो गईं। वही सांप निकलने के बाद लाठी पीटने वाली बात, कोई कह रहा था – 'लोग बच्चे तो पैदा कर देते हैं, उन्हें सम्हाल कर रखना नहीं जानते, उसे घर से निकलने ही क्यों दिया गया?' फ़िर किसी को उसके हरिजन होने का ख्याल आया, अब इसमें राजनीति के रोटी सेंकने की गुंजाईश दिखी तो नेता आगे आ गए,एक हरिजन बच्चे को ही कुत्तों ने क्यों काट खाया? जरूर कोई अन्य जाति वालों नें ऐसा करने को, कुत्तों को उकसाया होगा ...बस, अब इस विचार का कौंधना ही था कि हरीजन नेताओं की फौज उमड़ पड़ी। वे अपनी बिलों से बाहर आ गए। सब को अपनी नेताई चमकाने का सुनहला मौका हाथ जो आ गया था। सब बच्चे की लाश ले कर तम्बू–बम्बू ले कर बीच सड़क पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि आवारा कुत्तों को पनाह दे कर उनके बच्चे के शिकार करने मे, ऊंची जातियों के साथ प्रशासकीय लोगों का भी हाथ है, अन्यथा एक हरिजन के घर का चिराग ही क्यों बुझ जाता? उधर नगर पालिका के अधिकारियों की सिट्टी –पिट्ठी गम थी कि यह क्या हो गया...? और पुलिस की नींद हराम हो गई कि,अब तक तो नक्सल और आंतकवादियों से निपटने में गली जा रही थी ,अब इस नई मुसीबत को कैसे टालें ,और ये आदम ख़ोर कुत्तों से कैसे निपटा जाए...? सही ही था, इस नए आतंक से पुलिस तो पुलिस, स्वंय नक्सली और आतंकियों तक की चड्डी गीली हो जाना कोई आश्चर्य उत्पन्न नहीं कर सकता था...? आख़िर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर पालिका के पदाधिकारियों के मान मनौवल रंग लाया और छुट भैये नेता इस शर्त पर राज़ी हुए कि हरिजन बालक के परिवार को उचित मुआवजा मिलेगा. और शहर के आवारा कुत्तों का या तो सफ़ाया कर दिया जाएगा या फिर उनका बंध्याकरण कर दिया जाएगा। इस आश्वासन पर, काम तेजी पकड़ने को ही था कि किसी ने जानवरों की पृष्ठ पोषक तथा उनके अधिकारों की रक्षा को सदैव तत्पर रहने वाली श्रीमती मेनका गांधी तथा जानवरों के हित पोषक संस्था 'एनीमल वेलफेयर कमिटी', तक यह बात पहूँचा दी, बस, उन्हें सूचना मिलने की देर थी कि, सब ओर टेलीफोन की घंटियाँ बजवा दी गईं परिणामस्वरूप प्रशासनिक लोगों के साथ पुलिस भी अपने स्वाभाविक रूप में आ गई। कोई कह रहा था – 'मैडम जी का पशु –पक्षियों के प्रति प्यार तो समझ में आता है, लेकिन कोई आवारा कुत्ता उनके पुत्र वरुण गान्धी पर हमला करें तो क्या वह बर्दाश्त कर लेंगी ..?' अब लोगों को भडकना ही था ... नेता सब, नए नारों के साथ फ़िर सडक पर उतर आये। भीड़ तंत्र को विषय और नारों की तंगी कभी हो ही नहीं सकती न ..., अब इनमें एक परिवर्तन दिखलाई देने लगा था, मुआमला हरिजन बच्चे के, कुत्तों द्वारा काट खाने का नहीं था, बल्कि यह पूरे समाज और शहर से जुड़ गया था। अब शहर को आवारा कुत्तों से बचाये जाने को ले कर था, लेकिन कैसे ...? यही यक्ष प्रश्न सब के जेहन में था। क्या उनकी हत्या कर ..? फिर यह सवाल जेहन में उभर कर सामने आया कि ऐसे में जानवरों के अधिकार के हनन का केस तो नहीं बनेगा...? ऐसे में, मेनका मैडम जी की क्या विपरीत प्रतिक्रिया होगी...? देश में आज , इंसानों की जान की कीमत सिफ़र है, जब की जानवर बेशकीमती कहलाते हैं, विशेष कर कुत्ते..., इसका एक कारण कुत्तों की स्वामी भक्ति,और अपने दाता के प्रति अटूट वफादारी, उनके पक्ष को विश्वसनीय बनाती है ,जब कि इंसान स्वार्थी और धोखेबाज होता है ,इसलिए, उनकी कद्र नहीं की जाती। यह काम हम कुत्तों से भली भांति सीख सकते हैं, इसलिए उनके किये को मुआफी मिलती है ।

संयोजन – नरेश अग्रवाल

# चारदीवारी

अगल बगल थे दो घर,
बगीचा साझा था,
जाने किस बात पर अनबन हुई
और दीवार खड़ी कर दी गई,
एक बेचारा दरख्त,
चारदीवारी से बिल्कुल सटा
चुपचाप उदास खड़ा रहा,
जिनके हिस्से दरख्त आया
वो खुश थे... दिन बीते, मौसम बदला,
दरख्तों पर फल उतर आए,
डालियाँ चारदीवारी के उस पार
झुकती चली गईं...
पंछी आए, चहचहाए,
कभी इस पार वाली डाल पर चहकते,
कभी उस पार वाली डाल पर
चारदीवारी नें उन्हें आँखें दिखाईं,
पर पंछी न माने...
हवा सरसराई और
दरख्तों की डालियाँ झूम उठीं,
कुछ फल इस पार गिरे, कुछ उस पार
चारदीवारी डालों को रोक न पाई
हवा, पंछी और डालियों नें
दीवार की एक न सुनी,
दरख्त नें भी बाँह फैला दिए थे,
चारदीवारी बनाने वाले
हाथ मलते रहे... बगीचे को बाँटा था
चारदीवारी नें... पर दरख़्त, पंछी, डालियों,
और हवाओं नें जोड़ दिया...



रीना सिन्हा सलोनी

## आज का दोहा

दिनभर टकराते रहे, पेड़, टहनियाँ, पात।
मसला इतना था, हवा, कहाँ गुजारे रात।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



हरिद्वार में महाशिवरात्रि से पहले शिवभक्त रंग-बिरंगी कांवर लेकर हर की पैड़ी पर एकत्र हो रहे हैं

# महाशिवरात्रि से पहले संगम तट पर जुटने लगे श्रद्धालु

## बोले '41 दिन बाद भी व्यवस्था जबरदस्त'

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

शनिवार को महाकुंभ का 41वां दिन है, भव्य आध्यात्मिक मेले के समापन में अब केवल चार दिन बचे हैं। 13 जनवरी को शुरू हुआ यह उत्सव 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के साथ समाप्त होगा। शुक्रवार तक 59.31 करोड़ लोग संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिससे दुनिया के सबसे बड़े मानव समागम के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है। यहां स्नान के लिए पहुंच रहे लोग व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में श्रद्धालु प्रदेश और केंद्र सरकार का आभार जता रहे हैं।

कानपुर से आईं श्रद्धालु नीरू चंदेल ने बातचीत में कहा कि हमारे मोदी जी और योगी जी ने शानदार व्यवस्था की है। हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। यह हमारे लिए अद्भुत क्षण रहा। हमें कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने यहां की स्वच्छता की भी तारीफ की। कहा कि इतनी भीड़ होने के बावजूद भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। कहीं पर कोई गंदगी नहीं है। देशभर से लोग यहां पर आए हुए हैं। भीड़ बहुत है। हमारा यहां पर आकर मन प्रसन्न हो गया। शादी की 25वीं सालगिरह पर गंगा स्नान करने कानपुर से आई श्रद्धालु सरिता गुप्ता ने कहा, "हमें अपने खास दिन पर यहां आकर बहुत अच्छा लगा। हमारा मन प्रसन्न हो गया। मैं कहूंगी कि जो लोग यहां पर नहीं आए हैं, वो भी यहां आकर स्नान का आनंद लीजिए। उन्होंने कहा कि यहां पर व्यवस्था बहुत अच्छी है, जो लोग इसे लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं, वो झूठ कह रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं। मोदी जी और योगी जी ने अच्छी व्यवस्था की है। एक श्रद्धालु करमचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराया है। यह अपने आप में बड़ी बात है। यह एक आदर्श कार्यक्रम साबित हुआ है और काफी सराहनीय रहा। लोग यहां पर अच्छे से आकर स्नान करके जा रहे हैं।

## प्रयागराज दौरे से पहले बोले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

# 'महाकुंभ का दिव्य अनुभव करने के लिए अत्यंत उत्सुक'



**प्रयागराज (आईएएनएस)**। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज दौरे पर रहेंगे, जहां वे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। प्रयागराज यात्रा से पहले भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पोस्ट में महाकुंभ को 'सनातन संस्कृति की चिरंतन धर्मधारा' नाम से विभूषित किया। भाजपा अध्यक्ष ने अपने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, "महाकुंभ हमारी पावन सनातन संस्कृति की चिरंतन धर्मधारा है। तीर्थराज प्रयागराज में संगम स्नान का पावन अवसर प्राप्त कर धर्म, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का दिव्य अनुभव करने के लिए अत्यंत उत्सुक हूं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के दर्शन और पूज्य संतजनों के आशीर्वाद से यह यात्रा और भी शुभ होगी। शनिवार को महाकुंभ का 41वां दिन है, भव्य आध्यात्मिक मेले के समापन में अब केवल चार दिन बचे हैं। 13 जनवरी को शुरू हुआ यह उत्सव 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के साथ समाप्त होगा।

# महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ में तैयारियां भव्य

## नहीं होगा वीआईपी दर्शन

**वाराणसी (आईएएनएस)**। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भव्य तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार मंदिर प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि वीआईपी और सुगम दर्शन की सुविधाएं पूरी तरह से स्थगित रहेंगी, ताकि सभी भक्तों को बाबा विश्वनाथ के दर्शन का समान अवसर मिल सके। मंदिर प्रशासन का कहना है कि इस कदम से हर भक्त को बिना विशेषाधिकार के दर्शन करने का मौका मिलेगा। दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन ने एक छोर से दूसरे छोर तक की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में इस



बार महाशिवरात्रि के दिन भक्तों का तांता लगने की संभावना है। जिसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह से तैयारियां कर ली हैं।

## बिहार में 'लालू राज' कभी नहीं आने वाला, जनता सचेत है : गिरिराज

**पटना (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने राजद नेता तेजस्वी यादव के 2025 में महागठबंधन की सरकार बनने के दावे को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार में अब कभी 'लालू राज' नहीं आने वाला है, जनता सचेत है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने तेजस्वी यादव के सरकार बनाने के दावे पर कहा, "अपने मन से पुआ पकाने से तेजस्वी यादव को कौन रोकेगा। अपने मन से सरकार बनाना हो तो बना लें। सरकार बनाएगी जनता और जनता को मालूम है कि राज्य में बिहार में फिर से 'लालू राज' नहीं आने वाला है। जनता सचेत है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# ध्यान वैश्विक शांति के लिए आवश्यक : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**





उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेडिटेशन या ध्यान आत्मा के लिए एक भोजन की तरह है और इसके साथ ही यह वैश्विक शांति के लिए भी एक आवश्यकता है।

उन्होंने यह बात नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स (जीसीएमएल) में कही। यह आयोजन वैश्विक नेतृत्व, शासन और सामाजिक कल्याण में ध्यान को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, "ध्यान केवल एक प्राचीन अभ्यास नहीं है, यह आत्मा के लिए भोजन है और वैश्विक शांति और कल्याण के लिए एक आवश्यकता है।

धनखड़ ने यह भी कहा कि ध्यान में भारत का नेतृत्व दुनिया भर के प्रयासों से मेल खाता है, जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व ध्यान दिवस को मान्यता देना और जी20 का 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का सपना। सम्मेलन में वैश्विक सरकारों से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कॉर्पोरेट नेतृत्व और शासन में ध्यान को एकीकृत करने का आग्रह करने का भी प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव में राष्ट्रीय विकास नीतियों में माइंडफुलनेस को शामिल करने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों की रूपरेखा दी गई है। कार्यक्रम में बोलते हुए पद्म भूषण दाजी (कमलेश पटेल) ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चे आध्यात्मिक विकास के लिए सूक्ष्म शरीर, मन, बुद्धि और अहंकार को बदलना आवश्यक है। ध्यान मस्तिष्क तरंगों, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण को प्रभावित करता है।

उन्होंने दुनिया भर की सरकारों से आग्रह किया कि वे ध्यान को राष्ट्रीय कल्याण की आधारशिला के रूप में अपनाएं। उपराष्ट्रपति ने ध्यान को भारत की संस्कृति और शासन का अभिन्न अंग बनाने के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन का भी आह्वान किया।

## केंद्र सरकार की मदद से बिहार में विकास की गति तेज हुई : विजय

**पटना।** बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि हम लोग केंद्र सरकार की मदद से और भी तेज गति से काम कर रहे हैं। बिहार में हम लोग काम पहले भी कर रहे थे, लेकिन अभी केंद्र सरकार मदद कर रही है। इसी कारण हमारे काम और विकास की गति ज्यादा तेज हो गई है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राहत की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा, "कई योजनाएं हैं, जो बिहार सरकार की तरफ से केंद्र सरकार को समर्पित की गई हैं। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट में 11,000 करोड़ रुपए का एक अलग से प्रावधान बिहार में सिंचाई और बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए कर दिया है। इसके लिए हम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है।

## असम पुलिस ने निजी विश्वविद्यालय के चांसलर को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी (आईएएनएस)**



असम पुलिस ने शनिवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेघालय (यूएसटीएम) के कुलाधिपति महबूबुल हक को एक जाति प्रमाण पत्र में जालसाजी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। श्रीभूमि जिला पुलिस और असम पुलिस के विशेष कार्य बल की एक टीम ने हक को शनिवार तड़के गुवाहाटी स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया।

हक के खिलाफ श्रीभूमि जिले में जाति प्रमाण पत्र में जालसाजी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पिछले वर्ष मानसून के दौरान गुवाहाटी में भारी जलभराव के बाद निजी विश्वविद्यालय को लेकर विवाद उत्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हक के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। सरमा ने आरोप लगाया था कि गुवाहाटी के बाहरी इलाके में जोराबाट पहाड़ियों में एक निजी विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा बड़े पैमाने पर वनों की कटाई के कारण शहर में अचानक बाढ़ आ गई। उन्होंने दावा किया कि असम के श्रीभूमि जिले के बंगाली मूल के मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाली निजी विश्वविद्यालय - विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेघालय (यूएसटीएम) गुवाहाटी में "बाढ़-जिहाद" छेड़ रही है। सरमा के अनुसार, 2008 में स्थापित विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में जोराबाट पहाड़ियों में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई की है और पहाड़ियों से पानी गुवाहाटी में उतरता है।

## मेरठ में 168 साल पुरानी मस्जिद को प्रशासन ने किया ध्वस्त, बताया सहमति से हटाया गया

**मेरठ (आईएएनएस)**



मेरठ में 168 साल पुरानी एक ऐतिहासिक मस्जिद को प्रशासन ने आधी रात को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह मस्जिद दिल्ली रोड पर सर्विस लेन पर स्थित थी और मेट्रो तथा रैपिड रेल कॉरिडोर के बीच में आ रही थी। बता दें कि दो दिन पहले इस मस्जिद का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने स्वयं मस्जिद को हटाने का प्रयास किया और हथौड़े चलाकर कुछ हिस्सों को तोड़ा। इसके बाद शुक्रवार की देर रात प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर पूरी मस्जिद को गिरा दिया और तुरंत मलबा भी हटा दिया गया।

### सीएम रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## 'दिल्ली की बेटी' को जिम्मेदारी सौंपने का जताया आभार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जबकि उनके कैबिनेट मंत्रियों ने सड़क पर उतरकर गड्ढों वाली सड़कों की मरम्मत और शहर भर में लंबित परियोजनाओं को परखा। दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद रेखा गुप्ता की पीएम मोदी से पहली मुलाकात है।

## प्रधानमंत्री मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान वह कई प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे, विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई योजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सबसे पहले 23 फरवरी को प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले की यात्रा करेंगे, जहां वह दोपहर करीब 2 बजे बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे। इस संस्थान का उद्देश्य कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। संस्थान में अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिलेंगी।

# इन मसालों में लजीज भोजन का छिपा है राज, स्वास्थ्य के लिए भी असरदार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत को 'मसालों का देश' कहते हैं। हमारी रसोई की आन,बान और शान हैं ये मसाले। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम भारत तक इनकी महक फैली हुई है। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संघ (आईएसओ) की सूची में शामिल 109 में से करीब 75 भारत में ही पैदा किए जाते हैं। हमारे बाद तुर्किए फिर बांग्लादेश का नंबर आता है। मसाले न केवल स्वाद और खुशबू बढ़ाते हैं, बल्कि ये सेहत के लिए भी नेमत हैं। कुछ गरम मसाले ऐसे हैं जिन्हें हम भारतीय सुपर मसाले कहते हैं। यहां हम आपको पांच ऐसे सुपर मसालों के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही, इन नायाब मसालों से भोजन



भी लजीज बनता है। जायफल न केवल एक शानदार स्वाद देता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी अच्छा है। जायफल का सेवन नींद की समस्या से राहत दिलाता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और गैस, अपच जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाता है।

## लौंग का सेवन करने से यह आपको बैक्टीरिया और वायरस से बचाएगी

लौंग की बात करें तो इसे चाय और भोजन से लेकर कई चीजों में इस्तेमाल किया जाता है। लौंग में हाई मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो इसे खास बनाते हैं। नियमित तौर पर लौंग का सेवन करने से यह आपको बैक्टीरिया और वायरस से बचाएगी। यह मसाला मुंह की सेहत के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि यह बैक्टीरिया को खत्म करता है और दांतों के दर्द में राहत पहुंचाता है। इसके अलावा, लौंग से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है। जीरा भारतीय व्यंजनों में प्रमुखता से इस्तेमाल होता है। जीरे का स्वाद और खुशबू किसी भी व्यंजन में चार चांद लगा देती है। इसे दाल, करी, सजियों और चटनी के साथ इस्तेमाल किया जाता है। जब जीरा को अन्य मसालों जैसे धनिया, हल्दी, या मिर्च के साथ मिलकर उपयोग किया जाता है, तो यह एक खास ताजगी और मसालेदार स्वाद देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जीरा न केवल स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह शरीर के लिए फायदेमंद भी है। यह पाचन क्रिया को सुधारता है और गैस, अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

दालचीनी न केवल स्वाद बढ़ाने के लिए प्रयोग होती है, बल्कि इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने में मदद करती है और दिल की सेहत को भी लाभ पहुंचाती है। इसके सेवन से वजन नियंत्रण में भी मदद मिलती है। रसोई के दूसरे मसालों पर नजर डालें तो काली मिर्च गुणों की खान है। काली मिर्च को "मसालों का राजा" कहा जाता है। यह मसाला न केवल रसोई का अहम हिस्सा है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद है।

काली मिर्च का इस्तेमाल कई तरह के व्यंजनों में मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं, इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक औषधि के तौर पर भी किया जाता है। काली मिर्च पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करती है। साथ ही, काली मिर्च में मौजूद विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अगर आपके दांत में दर्द हो रहा है, तो काली मिर्च के इस्तेमाल से राहत मिल सकती है।





**भारतीय टीम**
**रोहित शर्मा (कप्तान),** शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जाडेजा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

# भारत की नजरें जीत पर, यदि पाकिस्तान हारा तो चैंपियंस ट्रॉफी से हो सकता है बाहर

**दुबई(आईएएनएस)।** भारत और पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण बिल्कुल अलग जा रहा है। पाकिस्तान को जहां पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी, तो भारत ने प्रतियोगिता का अभियान बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ किया।

पाकिस्तान के लिए हालात ऐसे हैं कि जिस आईसीसी टूर्नामेंट के लिए उन्होंने करीब तीन दशकों का इंतजार किया, उसी इवेंट से उनपर महज चार दिनों में बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। उसपर से उनके इनफॉर्म और अकेले दम पर मैच का पासा पलटने वाले खब्बू बल्लेबाज फखर जमान भी प्रतियोगिता से चोट की वजह से बाहर हो गए हैं।

**2017 फाइनल का बदला लेने पर नजर**

परेशानियों से जूझ रहे पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया - 8 साल पहले इंग्लैंड में पाकिस्तान के हाथों मिली चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की हार का बदला लेने के फिराक में होगी। भारत के लिए राहत की बात यह भी है कि उस फाइनल में मैच के हीरो रहे जमान अब प्रतियोगिता से ही बाहर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत की गेंदबाजीऔर बल्लेबाजी दोनों में अच्छी परीक्षा रही थी। जहां एक समय अक्षर हैट्रिक के करीब थे तो मोहम्मद शमी ने भी पांच विकेट हॉल के साथ अपनेआईसीसी प्रेम को जारी रखा था। हालांकि विराट कोहली का सस्ते में आउट होना भारत को खला जरूर होगा, लेकिन शुभमन गिल की निरंतरता और रोहित शर्मा के आक्रामक इंटेंट से हौसले बुलंद होंगे।

दुबई की धीमी पिच पाकिस्तान के लिए एक और इम्तिहान लेकर आएगी, जो उन्होंने खुद ही किया है। पाकिस्तान के दल में एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर अबरार अहमद ही हैं, इसके अलावा सलमान आगा और खुशदिल शाह के तौर पर स्पिन का विकल्प जरूर है लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ यह दोनों ही कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे।

दुबई की पिच पर एक बार फिर टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर सकती है, क्योंकि एक तो जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच और धीमी होती जाएगी। साथ ही साथ दुबई में जल्दी मैच शुरू होने की वजह से यहां ओस का असर भी बेहद कम दिखाई देगा।

भारतीय अंतिम एकादश में कोई बदलाव हो, इसकी संभावना बेहद कम है क्योंकि अर्शदीप सिंह की जगह मिले मौके को हर्षित राणा ने दोनों हाथों से लपका था। कुलदीप यादव भले ही विकेट नहीं निकाल पाए थे लेकिन उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को क में खिलाया जाए, इसकी संभावना न के ही बराबर है। जमान की जगह दल में बाएं हाथ के ओपनर इमाम-उल-हक को शामिल किया गया है लेकिन उनके पास उस्मान खान का भी विकल्प है जो अब तक वनडे अंतर्राष्ट्रीय नहीं खेले हैं। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इमाम-उल-हक की ही वापसी होगी। इमाम-उल-हक ने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए वनडे विश्व कप 2023 में वनडे खेला था।

**पाकिस्तान टीम**

इमाम-उल-हक, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), सऊद शकील, सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, अबरार अहमद, हारिस

भयानक चूक

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले बजा भारत का राष्ट्रगान

**लाहौर(आईएएनएस)।** शनिवार को गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच से पहले एक बड़ी चूक हुई, जिसमें ह्यएडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर (ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान) की जगह भारतीय राष्ट्रगान ह्यजन गण मन बजाया गया। जैसा कि आईसीसी आयोजनों में होता रहा है, हर मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। इंग्लैंड के राष्ट्रगान ह्यगॉड सेव द किंग के बजने के बाद, एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर बजाया जाना था। लेकिन, मैच स्थल पर मौजूद सभी लोगों को आश्चर्य हुआ, जब दो सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया। इस गलती को तुरंत सुधारा गया और ह्यएडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर बजाया गया। सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रेमियों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जो इस बड़ी गलती पर खुद को हंसने से नहीं रोक पाए। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले राष्ट्रगान की गलती कुछ ऐसी है, जिसके बारे में मेजबान संस्था पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय आने पर स्पष्टीकरण देना होगा, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी होगी। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आठ टीमों के टूनामेंट के अपने पहले ग्रुप बी मैच में इंग्लैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमें उपमहाद्वीप में वनडे सीरीज में हार के बाद शनिवार के मैच में उतरी थीं। इंग्लैंड को भारत में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबो में अपने दोनों वनडे मैच श्रीलंका से गंवा दिए, जो मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने ग्रुप बी मैचों में कम से कम दो जीत की जरूरत है।

# चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भी हारी इंग्लैंड



**लाहौर।** जोश इंग्लिश के शतक और मैथ्यू शॉर्ट की दमदार फिफ्टी से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को रोमांच मुकाबले में रन से हरा दिया। लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारने के बाद इंग्लैंड ने बेन डकेट के रिकॉर्ड शतक से 351 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में जोश इंग्लिश की दमदार बैटिंग से 47.3 ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर किया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 5619 दिन के इंतजार को खत्म कर दिया। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड ने 5 अक्टूबर 2009 में कोई मैच जीता था। यह मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की टक्कर थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिश ने 77 गेंद में अपना शतक पूरा किया। वनडे क्रिकेट में इंग्लिश का यह पहला शतक था। टीम के लिए इंग्लिश ने जुझारू पारी खेलते हुए नाबाद 120 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी में इंग्लिश ने 86 गेंद का सामना करते हुए 8 चौके और 6 छक्के भी लगाए। जोश इंग्लिश से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी में मैथ्यू शॉर्ट ने भी 66 गेंद 63 रनों का योगदान दिया। जोश इंग्लिश के साथ ग्लेन मैक्सवेल ने भी शानदार कैमियो पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ इस रोमांचक टक्कर में शतक लगाने के साथ ही जोश इंग्लिश ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

जोश इंग्लिश ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड में ही जन्में जोश इंग्लिश ने लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में अपनी शानदार पारी से टीम को जीत दिलाकर इतिहास रच दिया। जोश इंग्लिश को उनकी दमदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया की इस जीत के साथ ही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में एक नया कीर्तिमान भी बन गया। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ा रनचेज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। सिर्फ इतना ही नहीं इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस टूनार्मेंट का सबसे बड़ा टोटल बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था, लेकिन कुछ ही घंटे में यह टूट गया है।

# गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर इनडोर दौड़ में रचा इतिहास



**नई दिल्ली (हि.स.)।** हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्होंने बोस्टन में आयोजित बीयू टेरियर डीएमआर चैलेंज में पुरुषों की 5000 मीटर इनडोर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया।

26 वर्षीय भारतीय सेना के धावक गुलवीर ने 12:59.77 मिनट का समय निकाला और इस प्रतिस्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। स्पर्धा में अमेरिका के कोल हॉकर (12:57.82), कूपर टीयर (12:57.97) और ऑस्ट्रेलिया के जैक रेनर (12:59.43) ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

गुलवीर के इस शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि यह 5000 मीटर इनडोर शॉर्ट ट्रैक में नया एशियाई रिकॉर्ड भी बन गया।

**पिछले हफ्ते भी तोड़ा था रिकॉर्ड**

इससे पहले गुलवीर सिंह ने पिछले हफ्ते ही पुरुषों की 3000 मीटर इनडोर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने 7:38.26 मिनट का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहते हुए 2008 में सुरेंद्र सिंह द्वारा बनाए गए 7:49.47 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुलवीर सिंह की इन उपलब्धियों ने भारतीय एथलेटिक्स में नई ऊर्जा भर दी है और वह भविष्य में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं।

# स्पेन ने रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हराया

**मैड्रिड (हि.स.)।** यूईएफए महिला नेशंस लीग में स्पेन ने शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हरा दिया। मैच के अंतिम क्षणों में दो गोल दागकर स्पेन ने शानदार वापसी की। घरेलू मैदान पर खेल रही स्पेनिश टीम 2-0 से पिछड़ रही थी, लेकिन लूसिया गार्सिया और क्रिस्टीना मार्टिन-प्रीटो ने 92वें और 96वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई। बेल्जियम ने 18वें मिनट में टेसा वुलार्ट के क्रॉस पर स्पेन की आइरीन पेरेडेस के कमजोर क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए मरियम टोलोबा के गोल से बढ़त बना ली। पहले हाफ में स्पेन ने कई मौके बनाए, लेकिन बेल्जियम की गोलकीपर एवरार्ड ने शानदार बचाव करते हुए ऐलेक्सांद्री और अल्बा रेडोंडो के प्रयासों को नाकाम कर दिया।

**दूसरे हाफ में बेल्जियम का दूसरा गोल**

स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर उन्हें गोल से वंचित रखा। 72वें मिनट में वुलार्ट ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए पिच के आधे हिस्से को पार कर गोल कर बेल्जियम को 2-0 की बढ़त दिला दी।

**स्पेन की धमाकेदार वापसी**

स्पेन के लिए 77वें मिनट में क्लाउडिया पिना ने पहला गोल किया, जिससे टीम को वापसी का आत्मविश्वास मिला। इसके बाद 92वें मिनट में सलमा पैरालुएलो और लूसिया गार्सिया की साझेदारी से स्पेन ने बराबरी का गोल किया।

## दिल्ली प्रीमियर लीग: सीआईएसएफ, डीएफसी और गढ़वाल का दावा मजबूत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग का खिताब किसके सिर सजेगा फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन इतना तय है कि यदि कोई बड़ी उठा पटक नहीं हुई तो केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), दिल्ली एफसी और गढ़वाल हीरोज एफसी में से कोई खिताब ले उड़ेगा 'अंक तालिका में सीआईएसएफ 19 मैच खेल कर 41 अंकों के साथ टॉप पर है ' दिल्ली एफसी औ? गढ़वाल ने 17 मैच खेले हैं और दोनों के 35 अंक हैं ' रॉयल रेंजर्स और सुदेवा दिल्ली भी ज्यादा पीछे नहीं हैं ' रॉयल और सुदेवा के क्रमशः 15 औश्र 16 मैचों में 28 औ? 27 अंक हैं ।टीमों में तरुण संघा, वाटिका, नेशनल यूनाइटेड, फ्रेंड्स यूनाइटेड और हिन्दुस्तान एफसी खतरनाक जोन से लगभग बाहर हैं।

व्यापार/लाइफ व साइंस

# केंद्र ने कोचिंग सेंटरों पर कसी नकेल, छात्रों को 1.56 करोड़ रुपये रिफंड दिलाया



**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) ने शिक्षा क्षेत्र में 600 से अधिक उम्मीदवारों और छात्रों के लिए ?1.56 करोड़ की राशि का रिफंड सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। सिविल सेवा, इंजीनियरिंग कोर्स और अन्य कार्यक्रमों के लिए कोचिंग सेंटरों में नामांकित इन छात्रों को पहले कोचिंग संस्थानों द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करने के बावजूद उचित रिफंड से वंचित किया गया था। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार यह राहत छात्रों द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों के माध्यम से संभव हुई, जिसने विवाद समाधान के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया की सुविधा प्रदान की। विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई ने छात्रों को अधूरी सेवाओं, देरी से कक्षाओं या रद्द किए गए पाठ्यक्रमों के लिए मुआवजा प्राप्त करने में मदद की है। अपने निर्णायक निर्देश में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सभी कोचिंग सेंटरों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया है, जिसमें छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट, पारदर्शी रिफंड नीतियों को अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन छात्रों और न्याय की तलाश में उम्मीदवारों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित हुई है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यक्ति बिना किसी लंबी कानूनी लड़ाई के मुद्दों को हल करने में सक्षम थे, जिससे समय और ऊर्जा की बचत हुई और साथ ही निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हुए। मुकदमेबाजी से पहले की अवस्था में शिकायतों का समाधान करके एनसीएच ने विवादों को बढ़ने से रोकने में मदद की है और औपचारिक कानूनी कार्यवाही के लिए एक प्रभावी और सुलभ विकल्प प्रदान किया है। यह सेवा विशेष रूप से छात्रों के लिए फायदेमंद साबित हुई है, जिनके पास अब अपने हितों की रक्षा करने के लिए एक भरोसेमंद रास्ता है। इस पहल के हिस्से के रूप में डीओसीए छात्र अधिकारों की वकालत करना जारी रखता है और समान मुद्दों का सामना करने वाले सभी छात्रों को त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## देश में वित्तीय समावेशन में बड़ी भूमिका निभा रहा यूपीआई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है और वित्त वर्ष 24 में भारत में हुए पांच डिजिटल लेनदेन में से चार यूपीआई के माध्यम से हुए थे। देश के सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म द डिजिटल फिफ्थ की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपीआई एक पेमेंट सिस्टम से कहीं अधिक है और भारत के लिए यह एक पूरे इकोसिस्टम के रूप में काम करता है। द डिजिटल फिफ्थ के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी ने कहा, यूपीआई प्रति माह 16 अरब लेनदेन हैंडल करता है और 2030 के अंत तक इसके 3 गुना बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में मजबूत बुनियादी ढांचे की भूमिका सर्वोपरि हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि रियल-टाइम में धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव आर्किटेक्चर और स्केलेबल, डुअल-कोर स्विच अब वैकल्पिक नहीं हैं।

## स्विगी का वैल्यूएशन अपने उच्चतम स्तर से 50 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** देश की दिग्गज फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी के वैल्यूएशन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है और यह अपने उच्चतम स्तर से 50 प्रतिशत कम हो गया है। इससे निवेशकों के 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए हैं। नवंबर 2024 में आईपीओ आने के बाद स्विगी का वैल्यूएशन दिसंबर 2024 तक बढ़कर 1,32,800 करोड़ रुपये (16 अरब डॉलर) हो गया था। इसके बाद 21 फरवरी, 2025 तक यह गिरकर 81,527 करोड़ रुपये (9.82 अरब डॉलर) रह गया है, जो वैल्यूएशन में 51,273 करोड़ रुपये की गिरावट के दशार्ता है। कंपनी का वैल्यूएशन शेयर बाजार में लिस्टिंग के समय 12.7 अरब डॉलर था। स्विगी के शेयर की लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 420 रुपये और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 412 रुपये पर हुई थी। हालांकि, गिरावट के कारण अब शेयर 360 रुपये पर आ गया है। इस साल की शुरूआत से लेकर अब तक स्विगी के शेयर में 33 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हो चुकी है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उम्मीद से कमजोर नतीजे पेश करने के कारण स्विगी के शेयर में गिरावट देखी जा रही है। कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 799.08 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था, जबकि पिछली तिमाही में यह 625.53 करोड़ रुपये पर था। शेयर में गिरावट की वजह आईपीओ के बाद शेयर पर लगने वाले लॉक-इन पीरियड का खत्म होना भी है। 29 जनवरी को 2.9 मिलियन शेयरों का अनलॉक खत्म हुआ था।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 14.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 करोड़ रही

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 1.5 करोड़ रहने का अनुमान है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। जनवरी 2025 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि एयरलाइन ट्रैफिक इस साल जनवरी में प्री-कोविड स्तर (जनवरी 2020) के आंकड़े से 17.9 प्रतिशत अधिक था। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीनों (अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक) में कुल 13.72 करोड़ यात्रियों ने घरेलू मार्गों पर उड़ान भरी है। इसमें सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह वित्त वर्ष 20 के प्री-कोविड स्तरों से 13 प्रतिशत अधिक है। जनवरी में भारतीय विमान कंपनियों में अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात का प्रदर्शन भी मजबूत रहा है। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में विमानों में अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक 2.48 करोड़ यात्रियों तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत की वृद्धि और पूर्व-कोविड स्तरों की तुलना में 41.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है।

## भारत का पेंशन एयूएम 2030 तक बढ़कर 118 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारत का पेंशन एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 2030 तक बढ़कर 118 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है और इसमें नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनपीएस प्राइवेट सेक्टर एयूएम में मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है और यह पिछले पांच वर्षों में 227 प्रतिशत बढ़कर 2,78,102 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 84,814 करोड़ रुपये था। डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक 2.5 गुना होने का अनुमान है।

# आक्रोश : हादसे में युवक की मौत पर हंगामा, बंद रहा बाजार

**नवीन मेल संवाददाता**



**इन मांगों पर बनी सहमति**

आंदोलन के दौरान मृतक के परिजनों को पांच लाख मुआवजा देने का निर्णय लिया गया। जख्मी छात्रा का पूरा इलाज खर्च उठाने की बात कही गई। बीडीओ द्वारा पारिवारिक हित लाभ योजना के तहत 20 हजार की राशि एवं अंचलाधिकारी द्वारा आपदा राहत के तहत एक लाख का आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इसी तरह हर दिन सुबह आठ से नौ बजे तक एवं शाम में तीन से चार बजे तक और बुधवार साप्ताहिक बाजार के दिन सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक हाइवा का परिचालन बंद रखने का निर्णय लिया गया।

**पलामू (हि.स.)।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद कई घंटे तक हंगामा किया गया। बाजार बंद करा दी गयी। लोगों ने मृतक के परिजनों के लिए 20 लाख रूपये मुआवजे की मांग की। स्थानीय लोगों ने हाइवा चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया। करीब 20 घंटे के आन्दोलन के बाद शनिवार शाम चार बजे जाम समाप्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को पिपरा थाना क्षेत्र में अपनी चचेरी बहन को इंटर की परीक्षा दिलवाकर वापस लौट रहे हिमांशु कुमार गुप्ता नामक युवक को होलेया गांव के सुखनदिया के पास हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया था। दुर्घटना में हिमांशु की मौके पर ही मौत हो गयी थी, वहीं अदिति कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी थी।

घटना से नाराज ग्रामीणों ने हाइवा को फूंक दिया था, वहीं पुलिस पर पथराव भी किया था। शनिवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में हिमांशु कुमार गुप्ता के शव का पोस्टमार्टम किया गया। अदिति को इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाराज ग्रामीणों ने पिपरा बाजार को बंद रखा और इलाके में वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी।

पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव, संदीप कुमार पासवान ने कहा कि मृतक के परिजनों को 20 लाख का मुआवजा दिया जाए। लोगों ने इलाके में चलने वाली सभी माइंस से पांच हजार रुपए हर महीने पीड़ित परिवार को देने की मांग की ।

इस दौरान छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सर्किल इंस्पेक्टर द्वारिका राम, बीडीओ विनय कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार, पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार, पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

# पथरा शिव मंदिर में निकले नाग देवता

- दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगीं तांता,ग्रामीणों ने महाशिवरात्रि पर यह दृश्य दैविक मान रहे है

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के ग्राम पंचायत पथरा के पंचायत सचिवालय के समीप श्री पार्देश्वर महादेव शिव मंदिर में अचानक शनिवार को शाम के समय शिवलिंग में एक नाग सर्प निकला,जिसके बाद यह बात आग की तरह फैल गयी ।देखते ही देखते हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर नाग देवता को दर्शन के लिए उमड़ पड़े, ग्रामीण इस दृश्य को देखकर अपने आप को सौभाग्यशाली समझने लगे हैं। लोगों का मानना हैं कि महाशिवरात्रि के समय भगवान भोलेनाथ की गले की सिंगार नाग देवता का मंदिर में साक्षात दर्शन देना इस क्षेत्र के लिए शुभ संकेत हैं। वंही राजद नेता जाकिर आली उर्फ राज अली एवं मुखिया नरेश पासवान ने बतया कि हमलोग पथरा वासी लिए यह शुभ संकेत हैं। वंही महाशिवरात्रि में आसमान से वर्षा और नाग देवता का आना यह दैविक संयोग हैं। मालूम हो कि यह मंदिर झारखण्ड बिहार सीमा स्थित कररबार नदी किनारे पंचायत सचिवालय के पास स्थित है। वर्षो पुराना मात्र एक चबूतरा पर शिवलिंग था हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव के द्वारा पूर्व में लगभग 2013-14 में इसे चौपाल के रूप में बनवाया था,पुनः जब ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से पिछले दो वर्ष पूर्व इस मंदिर को भव्य निर्माण कराया गया और प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती समेत पुत्र गणेश के त्रिभुजाकार मूर्ति स्थापित किया गया। अब इस मंदिर में नाग देवता का आना चमत्कार हैं ,या दैवीय शक्ति का संयोग, ग्रामीण अपने अपने स्तर से तर्क वितर्क कर रहें है। बरहाल नाग देवता की फोटो व वीडियो लगातार ग्रामीणों द्वारा शोशल मीडिया में पोस्ट कर इसे दैविक संयोग माना जा रहा हैं।

## न्यूज बॉक्स

### 22 एकड़ अवैध पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट




**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने लगभग 22 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को विनिष्ट किया। शनिवार को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम इंडुआ और डाकादीरी के सीमावर्ती क्षेत्र में अमानत नदी से सटे लगभग 22 एकड़ वन भुमि पर लगे अवैध पोस्ता के फसल को लाठी डंडा से पीटकर कर नस्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त क्षेत्र मे लगे अवैध पोस्ता के फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया। आगे उन्होंने कहा कि इस अवैध खेती में संलिप्त दोसी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गारू में चला अतिक्रमण पर बुलडोजर सड़क किनारे की जमीन हुई मुक्त



**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड मुख्यालय में अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। गारू बाजार के सड़क किनारे अवैध रूप से बसे दुकानों और निर्माणों को जेसीबी मशीन लगा कर मुक्त की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़क के दोनों ओर काफी जगह खाली हो गई, जिससे यातायात सुगम हो गया है। इससे पहले, अंचलाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को महुआडाड़ एसडीओ के निर्देश पर 21 फरवरी तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था। निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटने पर प्रशासन ने करवाई की है। अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, सीआई ओम प्रकाश कुमार एवं अमीन मुनिदेव सिंह की टीम ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध कब्जों की नापी की और जेसीबी से अतिक्रमण हटाया। अंचलाधिकारी ने गारू थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि खाली कराई गई जगह पर दोबारा अतिक्रमण न होने दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई फिर से अतिक्रमण करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जिन लोगों के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन को जेसीबी मशीन चलानी पड़ी, उन्हें सरकार को क्षतिपूर्ति की राशि भी चुकानी होगी। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि इससे सड़क पर गाड़ियों की आवाजाही आसान होगी। पुलिस की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

### अधिवक्ता संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**पलामू(हि.स.)।** केंद्र सरकार की ओर से लाए गए अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ शनिवार को पलामू जिला बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य और युवा अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने इस विधेयक को अधिवक्ता विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अधिवक्ताओं के अधिकारों और स्वतंत्रता को बाधित करता है तथा संविधान के अनुच्छेद 19(1) का उल्लंघन करता है। इसके कठोर और अस्पष्ट प्रावधानों से न केवल अधिवक्ताओं को बल्कि उनके मुवक्किलों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। तिवारी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के अधिकारों को कुचलकर कानून के राज को समाप्त कर नौकरशाही हावी करना चाहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिवक्ता समाज इस विधेयक को कभी स्वीकार नहीं करेगा और इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में सुधा कुमारी, आलोक कुमार तिवारी, रामजीत राम, सोहेल अख्तर, रणजीत सिंह, प्रभु कुमार शर्मा, अजेस चौहान, अभय कुमार, रविंद्र राम, राधेश्याम जयसवाल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### शॉर्ट सर्किट से खपरैल मकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर हुआ राख

**मझिआंव।** बरडीहा में आंग लगने से बाइक सहित घर जलकर हुआ राख। बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिगवां गांव निवासी विश्वनाथ रजवार के घर में शनिवार के लगभग 2:00 बजे दिन में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से खपरैल मकान जलकर राख हो गया तथा उसमें रखा हुआ एक बाइक भी बुरी तरह चलकर नष्ट हो गया तथा उसमें रखा हुआ चौकी सहित अन्य समान जलकर राख हो गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि घर में कोई भी सदस्य नहीं थे, बिजली के सॉफ्ट सर्किट से खपरैल मकान में आंग लग गया । जिसमें चौकी मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। जिसमें काफी नुकसान बताया जा रहा है, थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार के द्वारा आवेदन देने पर सन्हा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी, समाचार लिखे जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

## उपायुक्त ने किया मंझिआंव प्रखंड का दौरा, की घोषणा

# अन्नराज डैम की तर्ज पर होगा खजुरी जलाशय का विकास

- मंझिआंव प्रखंड के खजुरी डैम समेत बूढ़ी खांड मंदिर का उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण
- रोजगार सृजन के लिए खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन एवं पर्यटन विकास करने की कही बात
- मंझिआंव के बूढ़ीखांड स्थित हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर को विकसित करने की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मंझिआंव।** मझिआंव प्रखंड के खजूरी जलाशय में रोजगार सृजन हेतु उपायुक्त शेखर जमुआर ने स्थल निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे ने जलाशय की महत्ता से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में यहां काफी संभावनाएं हैं। मछली पालन हेतु आवश्यक ढांचा का निर्माण कर स्वरोजगार से लोगों को जोड़ा जा सकता है। उन्होंने अन्नराज डैम की तर्ज पर यहां भी केज से मछली पालन करने की पहल की। उन्होंने कहा कि यहां के निवासी यदि मछली पालन कर स्वरोजगार से जुड़ जाएंगे तो यहां पलायन करने जैसी समस्याओं में कमी आएगी। स्थल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा वहां उपस्थित ग्रामीणों से रोजगार एवं सरकारी योजनाओं से आच्छादित होने संबंधी कई प्रश्न किए गए एवं वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से पूछे जाने पर लोगों ने बताया कि यहां बेरोजगारी की स्थिति है। रोजगार की तलाश में लोग अन्य शहरों में जाकर कार्य करते हैं जिससे यहां पलायन की समस्या बनी रहती है। लोगों ने बताया कि यदि मत्स्य विभाग की तरफ से रोजगार सृजन के क्षेत्र में कोई पहल की जाती है तो लोगों को रोजगार मिलेगा साथ ही पलायन को मजबूर नहीं होंगे। स्थल निरीक्षण एवं रोजगार की संभावनाओं को तलाशने के पश्चात उपायुक्त द्वारा खजूरी जलाशय में केज से मछली उत्पादन करने एवं स्वरोजगार हेतु मत्स्य विभाग से इस योजना को स्वीकृति देने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त जलाशय से नहर आदि का भी निर्माण कराया जाएगा जिससे कृषि के क्षेत्र में भी लोगों को सिंचाई करने हेतु लाभ मिलेगा। उन्होंने खजूरी जलाशय का विकास गढ़वा जिला अंतर्गत अन्नराज डैम के तर्ज पर करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में भी जलाशय को विकसित करने की बात कही। नौका विहार, रोड निर्माण एवं जलाशय के आसपास सुंदरीकरण करने की बात कही गई, जिससे पर्यटन के क्षेत्र में भी लोगों को रोजगार मिल सके। तत्पश्चात उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा मंझिआंव प्रखंड के बूढ़ीखांड स्थित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया गया एवं मंदिर परिसर का संभावित विकास करने पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा उतक्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र का भी निरीक्षण किया गया एवं वहां चल रहे परीक्षा संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया गया। स्कूल में परीक्षा संचालन, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया एवं उपस्थित शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उक्त मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मंझिआंव, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मंझिआंव समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे ।

### गर्मी से पूर्व ही पानी को तरसने लगे ग्रामीण, विभाग मौन

**हाल मालहन पंचायत के लोहरसी अखराटोली का**



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** गर्मी आने के पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के लोहरसी अखराटोली में जल नल योजना द्वारा लगाया गया जलमीनार बीते कुछ दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे गांव मे पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा को पेयजल समस्या से अवगत कराया। मुखिया ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुना। उन्होंने कहा कि पेयजल विभाग और ठेकेदार को उक्त समस्याओं से आवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई पहल विभागीय अधिकारी के द्वारा नहीं किया गया है। वहीं ठेकेदार से पूछने पर बताया कि ग्रामीण चंदा करके बनवाएं। कंपनी के द्वारा खराब पड़े जलमीनार बनाने का कोई प्रावधान नहीं है। वहीं मुखिया ने ग्रामीणों को आश्वास्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्या के लिए मैं हमेशा साथ खड़ा हूं। उपायुक्त से इस समस्या पर बात करूंगा। जल्द ही पेयजल की समस्या दूर होगी। मौके पर सुशील भगत,महावीर भगत, लालमुनि देवी,परदेशिया देवी, संजय भगत,मो आजाद समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### संस्कृत विषय की परीक्षा में 775 में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर के विभिन्न सरकारी स्कूलों में स्थापित परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के संस्कृत विषय की शांतिपूर्ण परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई। स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के केन्द्राधीक्षक बैद्यनाथ राम ने बताया कि इस केन्द्र पर 351 में 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित हैं। वहीं बाजार मीडिल स्कूल के केन्द्राधीक्षक सुमन कुमार ने बताया कि सभी 354 परीक्षार्थी ने संस्कृत विषय की परीक्षा दी है। जबकि पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के केन्द्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दंडाधिकारी सह बीडीओ रणबीर कुमार की निगरानी में शांतिपूर्ण संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल 70 में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है।

**मैट्रिक के संस्कृत भाषा की परीक्षा में 468 परीक्षार्थी शामिल**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में शनिवार को मैट्रिक के संस्कृत भाषा की परीक्षा ली गई। इस केंद्र के कुल 477 परीक्षार्थियों में कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के उर्दू भाषा के 7और अनुपस्थित 2 परीक्षार्थियों को छोड़ विभिन्न स्कूलों के 468 परीक्षार्थी संस्कृत भाषा की परीक्षा में उपस्थित थे।

## कादलकुर्मी में थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण से बढ़ी ग्रामीणों की असुविधा

# सड़क नहीं बनी, तो, जारी रहेगा विरोध : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** रेलवे थर्ड लाइन विस्तारीकरण के कारण कादलकुर्मी में गांव के 150-200 घरों के ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा से हो रही परेशानी को लेकर इससे प्रभावित ग्रामीण मुखिया अनीता देवी के नेतृत्व में गोलबंद हैं। आवागमन की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि पहले 22 जनवरी को फिर एक महीने बाद 21 फरवरी को ग्रामीणों ने काम को बंद कराया। पहले की तरह इस बार भी कोरा आश्वासन दिया गया। यदि आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो काम को पूरा नहीं करने दिया जाएगा। मुखिया ने बताया कि इस काम में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारियों को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने इसके समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, अंचलाधिकारी मोहम्मदगंज, रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित किया था।इसके बावजूद अबतक सुविधाजनक आवागमन के लिए सड़क नहीं बनवाया गया है। बल्कि रेल अंडरपास का निर्माण से आवागमन और बाधित हो गया है। बच्चों को स्कूल आना जाना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के रेलवे फाटक से तरेंद्र सिंह के घर से होकर मेन रोड तक वर्षों से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है।

## पेज एक के शेष

### 14 अप्रैल को...

इसके साथ ही चापूटोली में सड़क चौड़ीकरण पर भी बातचीत हुई। बैठक में बताया गया कि अरगोड़ा कटहल मोड सड़क दोनों तरफ से ढाई ढाई मीटर चौड़ी की जाएगी। वहीं रांची में इस वर्ष गर्मी में पेयजल की समस्या नागरिकों को नहीं हो, इस निमित होली के बाद जुडको, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की बैठक होगी; जिसमें रांची के जल संकट से समाधान पर चर्चा की जाएगी। मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी योजनाएं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण हों, यह तय करें। इस अवसर पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत, विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, रांची के डीसी मंजुनाथ भजन्त्री सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व आरबीआई गवर्नर...

**कौन हैं शक्तिकांत दास :** शक्तिकांत दास आरबीआई के 25वें गवर्नर रह चुके हैं। उन्होंने 11 दिसंबर 2018 को उर्जित पटेल के बाद पदभार संभाला था। पटेल के अचानक इस्तीफे के बाद उन्होंने आरबीआई की कुर्सी संभाली थी। गवर्नर बनने से पहले दास आर्थिक मामलों के सचिव और जी20 में भारत के शेरपा थे। दास 1980 बैच के रिटायर्ड कअर अधिकारी हैं और तमिलनाडु कैडर से आते हैं।

### केंद्रीय मंत्री का...

अब भी अमेरिका का उद्देश्य है कि अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को घटाया जाए। उन्होंने बताया कि जब तेल और गैस का उत्पादन बढ़ेगा, तो इससे बाजार में तेल की आपूर्ति भी बढ़ेगी और कीमतों में कमी आ सकती है। यह स्थिति महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद करेगी, क्योंकि कम कीमतों पर अधिक तेल उपलब्ध होगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत का प्रमुख लक्ष्य यही है कि कम कीमतों पर पर्याप्त तेल की खरीदारी की जाए ताकि देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ कम किया जा सके।
**तेल की खरीदारी में डॉलर का उपयोग नहीं बदलेगा :** पुरी ने यह भी स्पष्ट किया कि तेल की खरीदारी में डॉलर का इस्तेमाल खत्म करने का कभी कोई उद्देश्य नहीं था। उन्होंने कहा कि ज्यादातर व्यापार डॉलर में होता है और यह भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि भारत ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित किया है, और दोनों देशों के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में संबंध और मजबूत होंगे।
**अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति में बदलाव :** पुरी के मुताबिक, भारत अब 40 देशों से तेल आयात करता है, जिनमें अर्जेंटीना भी शामिल है। चूंकि अब दुनिया में तेल की पर्याप्त आपूर्ति है, तेल उत्पादक देशों को अपने उत्पादन को लेकर पुनर्विचार करना पड़ेगा, जिससे वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में और कमी आ सकती है। इस सब के कारण, आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आम जनता को राहत मिल सकती है।

### पश्चिम बंगाल से...

**इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत :** घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया है। 35 वर्षीय नीता साहा, 8 वर्षीय सायन साहा और 38 वर्षीय राहुल कुमार का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं 5 वर्षीय अनिशा साहा, 6 वर्षीय अंगमुनि साहा, 15 वर्षीय पग्लू साहा और 18 वर्षीय विश्वरूप साहा को गंभीर हालत को देखते हुए शहर के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान 5 वर्षीय अनिशा साहा और 6 वर्षीय अंगमुनि साहा की भी मौत हो गई।
घायल नीता साहा ने बताया कि वह अपने देवर विश्वरूप साहा और भाभी पायल साहा और उनके बच्चों के साथ कुंभ स्नान के लिए जा रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। घायल राहुल कुमार राय ने बताया कि वे सभी नीता साहा के घर के बगल वाले घर में रहते हैं। वह भी उनके साथ कुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। राहुल के सिर में चोट आई है।

### घाटशिला में मॉब...

चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर से मॉब लिंचिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर सवाल उठाती है और कानून व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा करती है।दोनों को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंची थी पुलिस : चाकुलिया थाना की पुलिस दोनों को लेकर शनिवार की सुबह घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंची। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद कुशक बेहरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि चाकुलिया थाना क्षेत्र के जीरापाड़ा निवासी भोलानाथ महतो को हालत गंभीर होने पर जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया था। चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि जोड़सा गांव में चोरी की घटना में दो चोरों को ग्रामीणों ने पीटा है। इसके बाद पुलिस ने दलबल के साथ गांव पहुंचकर दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों को शांत कराया था। मौके पर घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुजूर और मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत के साथ एसडीएम भी मौजूद हैं। तमाम बड़े अधिकारी मामले की जांच पड़ताल में लगे हुए हैं।
**तीन बकरियां चोरी कर ले जा रहे थे चोर :** हरगोविंद नायक ने बताया कि उसके घर से चोर तीन बकरी चोरी कर ले जा रहे थे। छोटी बकरी के गले में घंटी बंधी थी। घंटी आवाज करने लगी। घंटी की आवाज से अंदेशा हुआ कि हाथी आ गया है। हाथी का भी प्रकोप क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। हरगोविंद बताते हैं कि घर से बाहर निकले तो देखा कि दो युवक बकरी को लेकर भाग रहे हैं। उन्हें दौड़ा कर पकड़ने का प्रयास किया तो युवकों ने उल्टा हरगोविंद को पीटना शुरू कर दिया। हल्ला करने पर गांव के लोग जुटे और दोनों युवकों को घेर कर पकड़ा और पिटाई कर दी।

## अपनी जड़ों का सम्मान

# गीता पर हाथ रखकर शपथ लेकर काश पटेल ने सोशल मीडिया पर जमकर बटोरी वाहवाही

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

काश पटेल ने शनिवार को भगवद गीता पर हाथ रखकर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के नौवें निदेशक के रूप में शपथ ली। 44 वर्षीय पटेल एफबीआई का नेतृत्व करने वाले पहले हिंदू-भारतीय और एशियाई मूल के व्यक्ति बन गए हैं। अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने पटेल को शपथ दिलाते हुए कहा, "अपना हाथ गीता पर रखें और अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाएं। शुक्रवार को आइजनहावर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग में भारतीय संधि कक्ष में शपथ लेते समय पटेल की गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस ने भगवद गीता को हाथ में लिया। इस समय पटेल के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। सोशल मीडिया पर पटेल के भगवद गीता की शपथ लेने के फैसले की जमकर तारीफ की जा रही है। भगवद गीता एक ऐसा हिंदू धर्मग्रंथ है जो लंबे समय से धार्मिक नेतृत्व, न्याय और नैतिक दृढ़ता के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ रहा है। एफबीआई में विश्वास बहाल करने के लिए इन गुणों को जरूरी माना जाता है। एक यूजर ने पोस्ट किया, "काश पटेल ने भगवद गीता पर एफबीआई निदेशक के रूप में शपथ ली - नेतृत्व का एक नया युग। एक अन्य पोस्ट में कहा गया, "अमेरिकी शासन और हिंदू प्रतिनिधित्व दोनों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, काश पटेल ने एफबीआई निदेशक के रूप में पद की शपथ ली, उन्होंने भगवद गीता पर अपना हाथ रखा - जो कर्तव्य, निष्ठा और अटूट संकल्प का प्रतीक है।" एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया, "काश पटेल ने 21 फरवरी, 2025 को एफबीआई के निदेशक के रूप में शपथ ली। समारोह के दौरान, उन्होंने 700 श्लोकों वाले हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर अपना हाथ रखा। यह चुनाव उनकी भारतीय विरासत और व्यक्तिगत मान्यताओं को दर्शाता है। एक यूजर ने लिखा, "हम हिंदू अपने धर्म से प्यार करते हैं। एफबीआई निदेशक काश, आपकी सफलता के लिए प्रार्थना करते हैं।" एक यूजर ने कहा, "श्री काश पटेल ने हिंदू पवित्र पुस्तक भगवद गीता पर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक के रूप में शपथ ली। बधाई हो, श्री पटेल। अपनी जड़ों का सम्मान करने और उनका जश्न मनाने से ज्यादा गर्व की कोई बात नहीं है।



### 'मैं अमेरिकी सपना जी रहा हूं'

काश पटेल गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी नहीं हैं। कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यम ने भी ऐसा किया था, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में चुने गई पहली हिंदू-अमेरिकी तुलसी गबार्ड ने भी यही मिसाल कायम की थी। शपथ ग्रहण के बाद सभा को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि अमेरिकी सपना जीवित है क्योंकि 'पहली पीढ़ी का भारतीय बच्चा' एफबीआई का कार्यभार संभालने जा रहा है। अपनी बहन निशा पटेल, गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस और अन्य रिश्तेदारों के सामने खड़े होकर पटेल ने कहा, 'मैं अमेरिकी सपना जी रहा हूं। गुजरात में हिंदू माता-पिता के घर जन्मे पटेल का परिवार जातीय दमन से बचने के लिए युगांडा से भागकर कनाडा होता हुआ संयुक्त राज्य अमेरिका आ गया था। पहली पीढ़ी के अप्रवासी से लेकर अमेरिका की प्रमुख जांच एजेंसी के प्रमुख तक का पटेल का सफर अमेरिकी और भारतीय-अमेरिकी इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

## हमास ने दो बंधकों को किया रिहा, इजरायल 602 कैदियों को करेगा आजाद



**यरूशलम (आईएएनएस)।** फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने शनिवार को गाजा युद्धविराम समझौते के तहत दो बंधकों - ताल शोहम और एवेरा मेंगिस्टू को रेड क्रॉस को सौंप दिया। आईडीएफ ने दोनों के इजरायल पहुंचने की पुष्टि कर दी है। हमास की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में शोहम और मेंगिस्टू को राफा में हमास के वाहनों से बाहर निकलते हुए दिखाया गया। दोनों स्पष्ट रूप से कमजोर दिखाई दे रहे हैं। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, "3,812 दिनों के बाद एवेरा और 504 दिनों के बाद ताल घर आ गए। चार और इजरायली बंधकों को भी 22 फरवरी को ही रिहा किया जाना है। इजरायल आज 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने जा रहा है। बता दें इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला चरण 19 जनवरी को लागू हुआ था। इससे पहले हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया। फिलिस्तीनी ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## बांग्लादेश में अराजकता जारी बीएनपी नेता की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की शुक्रवार दोपहर को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सवालों के घेरे में ला दिया जिस पर अराजकता को नियंत्रित करने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना शुक्रवार दोपहर को ढाका के धामराई उपजिला में घटित हुई। बाबुल की पत्नी यास्मीन बेगम ने कहा, "हमलावरों ने उन्हें डंडों और एसएस पाइपों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी दोनों आंखें भी फोड़ दीं। जब मैंने और कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने और तो उन्होंने हमें रोक दिया। उनके बेहोश हो जाने के बाद ही वे वहां से गए।

## सिर्फ सिफारिश, जबरदस्ती नहीं गाजा पर बदले डोनाल्ड ट्रंप के सुर

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने गाजा प्लान की केवल सिफारिश करेंगे इसे जबरन लागू नहीं करेंगे। ट्रंप ने गाजा पट्टी को खाली करने और इसे अमेरिकी नियंत्रण में लेकर विकसित करने की योजना पेश की थी जिसकी व्यापक आलोचना हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, "मैं आपको बताऊंगा कि इसे कैसे करना है। मुझे लगता है कि यह योजना वास्तव में कारगर है। लेकिन मैं इसे जबरदस्ती थोप नहीं रहा हूं। मैं बस बैठकर इसकी सिफारिश करूंगा। और फिर अमेरिका इस साइट का मालिक होगा, वहां कोई हमास नहीं होगा। और उन्हें विकसित किया जाएगा और आप एक नई शुरुआत करेंगे। मिस्र और जॉर्डन समेत अरब देशों ने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह से विस्थापित करने और युद्धग्रस्त क्षेत्र का पुनर्विकास करने के ट्रंप के विचार को खारिज कर दिया है।



## 31वां ईशा महाशिवरात्रि महोत्सव 26 फरवरी को अमित शाह और डीके शिवकुमार होंगे शामिल

- **ईशा में महाशिवरात्रि उत्सव 26 तारीख को शाम 6 बजे शुरू होगा और अगले दिन सुबह 6 बजे तक चलेगा**




**कोयंबटूर (आईएएनएस)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार 26 फरवरी को ईशा योग केंद्र में आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव में विशेष अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे। इस संबंध में आज कोयंबटूर प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें ईशा फाउंडेशन के क्षेत्रीय समन्वयक स्वामी बराका ने अपनी बात रखी। इस दौरान उनके साथ ईशा स्वयंसेवक गणेश रवींद्रन और सरवनन मौजूद थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए स्वामी बराका ने कहा, ''हमारी भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में शिवरात्रि के दिन को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। इस दिन ग्रहों की व्यवस्था प्राकृतिक रूप से इस प्रकार होती है कि मनुष्य की जीवन शक्ति ऊपर की ओर उठती है। इस आध्यात्मिक क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के उद्देश्य से हमारी संस्कृति में हजारों वर्षों से महाशिवरात्रि के दिन उत्सव होते आ रहे हैं, जिसमें लोग पूरी रात जागते हैं। इस लिहाज से ईशा में 31वां महाशिवरात्रि समारोह 26 तारीख को भव्य पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार विशेष अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। स्वामी ने आगे कहा, "ईशा में महाशिवरात्रि उत्सव 26 तारीख को शाम 6 बजे शुरू होगा और अगले दिन सुबह 6 बजे तक चलेगा। सद्गुरु की उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में ध्यान, मंत्र जप और शीर्ष कलाकारों द्वारा संगीत शामिल होगा। सद्गुरु इस वर्ष के उत्सव में भाग लेने वाले सभी लोगों को दीक्षा के रूप में तिरुवेन्थेलेथु महामंत्र देंगे। ऐसे में दीक्षा लेने वाले सभी लोग अपने घर पर रोजाना थिरुवेनथेलेथु मंत्र का जाप कर सकेंगे।

इसके साथ ही सद्गुरु 'मिरेकल ऑफ द माइंड' नाम से एक मुफ्त ऐप के बारे में लोगों को बताएंगे। यह ऐप सद्गुरु के मार्गदर्शन में लोगों को प्रतिदिन 7 मिनट ध्यान के बारे में बताएगा। महाशिवरात्रि उत्सव में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने वाले लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक पार्किंग, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, तत्काल चिकित्सा सुविधाएं आदि की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में विभिन्न देशों के लोग शामिल होंगे, हालांकि, तमिलनाडु के लोगों को प्राथमिकता देने के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है।

## डीपीआरके ने अमेरिकी सैन्य उकसावे की निंदा की

**बीजिंग (आईएएनएस)**

डीपीआरके की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियाई केंद्रीय समाचार एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, डीपीआरके के रक्षा मंत्रालय के प्रेस कार्यालय के प्रभारी ने 21 फरवरी को एक भाषण दिया और डीपीआरके के खिलाफ सैन्य उकसावे को बढ़ाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की निंदा की। उन्होंने कहा कि डीपीआरके दुश्मन की रणनीतिक धमकियों का जवाब रणनीतिक साधनों से देगा। इस भाषण के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और उसके अनुयायियों की सैन्य उकसावे वाली गतिविधियां, जो डीपीआरके के सुरक्षा वातावरण के लिए खतरा बन रही हैं, तेज हो गई हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने डीपीआरके की दक्षिणी सीमा के आसपास संयुक्त लाइव-फायर प्रशिक्षण का आयोजन किया।अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के बुसान लड़ाकू अड्डे पर परमाणु पनडुब्बियां भेजीं और डीपीआरके की हवाई टोही करने के लिए विभिन्न सामरिक और रणनीतिक टोही विमान भेजे हैं। साथ ही, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने मार्च 2025 में बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' को मजबूत करने की भी योजना बनाई है।



### सलमान रुश्दी पर चाकू से हमले का मामला

## कौन है हादी मतार? जिसे अदालत ने ठहराया दोषी

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**



न्यूयॉर्क के एक व्याख्यान मंच पर मशहूर ब्रिटिश-भारतीय लेखक सलमान रुश्दी पर कई बार चाकू से हमला करने वाले न्यूजर्सी के एक शख्स को हत्या के प्रयास और हमले का दोषी ठहराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 27 वर्षीय हादी मतार को अब 30 वर्ष से अधिक जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। अगस्त 2022 में हुए हमले में रुश्दी को गंभीर चोटें आई थीं। उनके लीवर को नुकसान पहुंचा, एक आंख की रोशनी जाती रही उनका हाथ लकवाग्रस्त हो गया क्योंकि हाथ की तंत्रिका को नुकसान पहुंचा था।

जूरी ने शुक्रवार को हमले की जगह के पास पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य के चौटाउक्वा काउंटी कोर्ट में दो सप्ताह की सुनवाई के बाद मतार को दोषी करार दिया। जूरी ने मतार को साक्षात्कारकर्ता हेनरी रीस पर भई हमले का भी दोषी पाया। वह लेखक के साथ मंच पर मौजूद थे। हमले के दौरान रीस के सिर में मामूली चोट लगी थी। मतार की सजा की तारीख 23 अप्रैल तय की गई है। 77 वर्षीय रुश्दी ने गवाही दी कि वह ऐतिहासिक चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर थे, जब उन्होंने एक व्यक्ति को अपनी ओर भागते हुए देखा। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमलावर की आंखें देखकर वह दंग रह गए, "जो काली थीं और बहुत क्रूर लग रही थीं।" पहले तो उन्हंने सोचा कि उसे मुक्का मारा गया है, लेकिन बाद में एहसास हुआ कि उन्हें चाकू मारा गया है - कुल 15 बार - और उनकी आंख, गाल, गर्दन, छाती, धड़ और जांघ पर घाव हुए थे। यह हमला रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास, 'द सैटेनिक वर्सेज' के पहली बार प्रकाशित होने के 35 साल से भी ज़्यादा समय बाद हुआ था।

## मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम बोले - यह हमारे देश का सौभाग्य

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने शुक्रवार को ऐलान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने नेशनल असेंबली (संसद) में कहा, "हमारे देश के लिए सौभाग्यः पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रामगुलाम ने कहा, "मुझे सदन को यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे निमंत्रण के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने कहा, "यह हमारे देश के लिए सचमुच एक विशेष सम्मान की बात है कि हम ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी कर रहे हैं, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम और हाल ही में पेरिस और अमेरिका की यात्रा के बावजूद हमें यह सम्मान दे रहे हैं। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में यहां आने के लिए सहमत हुए हैं। उनकी यह यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है।" मॉरीशस 12 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। पिछले साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया था। मॉरीशस दिवस पूर्वी अफ्रीकी देश की 1968 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता तथा 1992 में गणतंत्र में परिवर्तन की याद में मनाया जाता है। इससे पहले नवंबर में पीएम मोदी ने मॉरीशस में रामगुलाम को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी थी। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, "अपने मित्र डॉ. रामगुलाम से गर्मजोशी से बातचीत की और उन्हें ऐतिहासिक चुनावी जीत पर बधाई दी। मैंने उन्हें मॉरीशस का नेतृत्व करने में बड़ी सफलता की कामना की और भारत आने का निमंत्रण दिया। हमारी विशेष और अनूठी साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की आशा है।

## साओ पाओलो में कैंटन फेयर ब्राजील प्रमोशन सम्मेलन आयोजित



**बीजिंग (आईएएनएस)**

137वें चीन आयात और निर्यात मेले (कैंटन फेयर) का ब्राजील विशेष प्रमोशन सम्मेलन साओ पाओलो में आयोजित किया गया, जिसमें चीन और ब्राजील के लगभग 100 राजनीतिक और व्यापारिक व्यक्तियों ने भाग लिया। साओ पाओलो स्थित चीनी महावाणिज्य दूतावास के उप महावाणिज्यदूत थ्येन युचेन ने अपने भाषण में कहा कि बाहरी दुनिया के लिए चीन के खुलने की एक महत्वपूर्ण खिड़की और विदेशी व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में, कैंटन फेयर ने प्रभावी रूप से चीन और विदेशी देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा दिया है और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दिया है। चीन और ब्राजील की आर्थिक संरचनाएं एक-दूसरे की पूरक हैं और दोनों स्वाभाविक साझेदार हैं। चीन ब्राजील का सबसे बड़ा निर्यात बाजार और आयात स्रोत है। चीन का 40 प्रतिशत से ज्यादा गोमांस आयात ब्राजील से होता है। चीन ब्राजील के आयातित कारों का सबसे बड़ा स्रोत भी है। चीनी विदेश व्यापार केंद्र के उप निदेशक ज्यांग सिहोंग ने प्रमोशन सम्मेलन में 137वें कैंटन फेयर का परिचय दिया। बताया गया है कि इस वर्ष का कैंटन फेयर 15 अप्रैल से 5 मई तक दक्षिण चीन में स्थित क्वांगतोंग प्रांत के क्वांगचो शहर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल प्रदर्शनी क्षेत्र 15.5 लाख वर्ग मीटर और 30,000 से अधिक उद्यम ऑफलाइन प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

## 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूनिक इनोवेशन की आवश्यकता : केंद्रीय मंत्री

- **भारत ने 2014 से अपनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को 2.81 गुना बढ़ाकर 200 गीगावाट कर लिया है**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को इंडस्ट्री के पक्षकारों से कहा कि भारत के 500 गीगावाट के रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यूनिक इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री बॉडी इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित 'एलेक्रामा 2025' कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में बिजली क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। लाल ने संबोधन में कहा कि भारत में पावर सेक्टर का भविष्य काफी अच्छा है। हमें उत्पादन बढ़ाने के लिए इनोवेटिव तरीकों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी का लाभ उठाने के लिए एंडवास पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, किफायती ट्रांसफार्मर, पावर कन्वर्टर्स, स्मार्ट ग्रिड सॉल्यूशंस विकसित करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, इस सेक्टर को भारत के विकास का इंजन बनाने के लिए इंडस्ट्री और सरकार का संयुक्त प्रयास जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। अगर इंडस्ट्री और सरकार दोनों मिलकर कुशलता से काम करें तो यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भारत ने 2014 से अपनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को 2.81 गुना बढ़ाकर 200 गीगावाट कर लिया है। लाल ने आगे कहा कि इस दौरान भारत ने अपनी सोलर क्षमता को 38 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट से अधिक किया है। यह दिखाता है कि देश तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश के ऊर्जा ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क में सुधार के महत्व पर भी जोर दिया और इंडस्ट्री के खिलाड़ियों से ग्रिड को आधुनिक बनाने के लिए गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) सबस्टेशन जैसे उच्च दक्षता वाले उपकरण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

